राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 ▶ कॉमेडी में अश्लीलता ने टैलेंट को किया...



एचएमपीवी वायरस की चिंताओं के... ◀ 12

गाजियाबाद, मंगलवार 07 जनवरी 2025 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्ष: 11 अंक: 306, मूल्य: 2 रुपये, पृष्ठ -12

# बीजापुर में सुरक्षाबलों की गाड़ी पर नक्सलियों का बड़ा हमला, ब्लास्ट में 8 जवान शहीद

**छत्तीसगढ़।** एक हैरान करने वाली घटना में, सोमवार को छत्तीसगढ़ के बीजापुर में नक्सलियों ने आईईडी विस्फोटक का उपयोग करके अपने वाहन को उड़ा दिया, जिसमें आठ जवान और एक ड्राइवर की मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों ने इस बात की जानकारी दी है। विस्फोट में कई अन्य लोगों के घायल होने की खबर है। शुरूआती जानकारी के मुताबिक, यह धमाका बीजापुर जिले के बेदरे-कुटरू रोड पर उस वक्त हुआ जब जवान एक ऑपरेशन से लौट रहे थे। हताहतों की संख्या और बढ़ सकती है।

छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने इस घटना पर



कहा कि जब भी इनके खिलाफ बड़े ऑपरेशन होते हैं तो ये नक्सली कायराना हमले पर उतर आते हैं। मैं इस हमले में शहीद हुए जवानों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार और केंद्र सरकार जो बड़ा कदम उठा रही है। इस कदम को और आगे बढ़ायें।

छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने बीजापुर क्ष्एऊ विस्फोट पर कहा कि बीजापुर से नक्सलियों की कायराना हरकत की जानकारी आई है। यह नक्सलियों की कायराना हरकत है।

यह हताशा, निराशा में की गई कार्रवाई है। इन जवानों की शहादत जाया नहीं जाएगी और बहुत जल्द छत्तीसगढ़, बस्तर नक्सल मुक्त होगा।

# जेल में भी अनशन करेंगे प्रशांत किशोर! कोर्ट के सशर्त जमानत को किया अस्वीकार

**पटना।** जन सुराज के संस्थापक और राजनीतिक रणनीतिकार से कार्यकर्ता बने प्रशांत किशोर को पटना के गांधी मैदान में आमरण अनशन के दौरान गिरफ्तारी के बाद



आज जेल भेज दिया गया। अपनी गिरफ्तारी के बाद जमानत बांड पर हस्ताक्षर करने से इनकार करने के बाद किशोर भूख हड़ताल पर थे। चुनावी रणनीतिकार प्रश्न पत्र लीक के आरोपों के बाद बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) परीक्षा रद्द करने की मांग कर रहे हैं। आज उनकी भूख हड़ताल का पांचवां दिन था। किशोर को पटना सिविल कोर्ट से ले जाया गया था। प्रशांत किशोर के वकील वाईवी गिरि ने बताया कि कोर्ट ने 25,000 के मुचलके पर बेल दी थी। कुछ शर्तें भी लगाई हैं कि इस प्रकार का अपराध दोबारा नहीं करेंगे। दोबारा अनशन पर नहीं बैठेंगे। प्रशांत किशोर ने कहा है कि मैं जेल में रहना पसंद करूंगा लेकिन इस बात को नहीं मानूंगा। उन्होंने कहा है कि मैं जेल में भी अनशन करूंगा। वे जेल जाने को तैयार हो गए हैं। पुलिस के अनुसार, विरोध प्रदर्शन को अवैध माना गया क्योंकि यह प्रतिबंधित क्षेत्र में हुआ था।

## न्यूज डायरी

### खनौरी बॉर्डर पर महापंचायत: डल्लेवाल को स्ट्रेचर से मंच पर लाया गया, पुलिस अलर्ट

**खनौरी (आरएनएस)।** केंद्र सरकार के खिलाफ किसानों ने हल्ला बोल दिया है। ठंड के मौसम में भी किसान अपनी मांगे मनवाने के लिए लगातार धरने पर बैठे हुए है। वहीं, हरियाणा पंजाब के खनौरी बार्डर पर किसानों द्वारा महापंचायत की जा रही है। महापंचायत में कई किसान भारी तदाद में



पहुंचे हुए है। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल को स्ट्रेचर से मंच पर लाया गया है। जोकि थोड़ी देर में किसानों को संबोधित करेंगे। जगजीत डल्लेवाल के आमरण अनशन को 40 दिन हो चुके है। उन्होंने देशभर के किसानों से बातचीत के लिए 4 जनवरी को खनौरी बॉर्डर पर पहुंचने की अपील की थी। वहीं, दूसरी तरफ संयुक्त किसान मोर्चा की हरियाणा के टोहाना में महापंचायत हो रही है। इसमें किसान नेता राकेश टिकैत भी पहुंचे। उन्होंने कहा कि खनौरी बॉर्डर पर चल रहे आंदोलन को केंद्र चला रहा है। केंद्र इस आंदोलन को लंबा खींचना चाहता है। किसानों की महापंचायत को लेकर हरियाणा में पुलिस अलर्ट पर है। बॉर्डर पर महापंचायत में जाने वालों को रोका जा रहा है। जगह-जगह पर पुलिस को तैनात किया गया है।

### कंपनी चलाना एक और बात है और राजनीति करना अलग : नीरज कुमार

**पटना (आरएनएस)।** जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर को आमरण अनशन स्थल से पुलिस के हिरासत में लिए जाने के बाद जदयू के प्रवक्ता नीरज कुमार ने तंज कसते हुए कहा कि बीपीएससी अभ्यर्थी पहले ही प्रशांत किशोर को नकार कर पुनर्परीक्षा में शामिल हो गए थे। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि कंपनी चलाना एक और बात है और राजनीति करना अलग बात है। जदयू नेता ने एक वीडियो बयान जारी करते हुए कहा कि प्रतिबंधित क्षेत्र में आमरण अनशन उच्च न्यायालय के आदेश



की अवहेलना है। जिला प्रशासन के कई बार के आग्रह के बाद भी वह अपने प्रचार के लिए अनशन पर बैठे रहे। जदयू नेता ने इसे राजनीतिक नौटंकी बताया। उन्होंने प्रशांत किशोर को नसीहत देते हुए कहा कि राजनीति आपके बूते के बाहर की चीज है। आप लोग वैनिटी वैन में वास करने वाले लोग हैं। ऐसे लोगों को आम आवाम भी पहचानती है।

उल्लेखनीय है कि प्रशांत किशोर पटना के गांधी मैदान पर अपनी पांच सूत्री मांग को लेकर पिछले पांच दिनों से आमरण अनशन पर बैठे थे। पुलिस ने पहले ही अनशन को गैरकानूनी बताया था।

सोमवार को सुबह पुलिस गांधी मैदान पहुंची और प्रशांत किशोर को हिरासत में ले लिया। इस बीच उनके समर्थकों ने बवाल किया। प्रशासन पहले ही कह चुका थी कि प्रशांत किशोर एवं कुछ अन्य लोगों के द्वारा अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर प्रतिबंधित क्षेत्र गांधी मैदान के गांधी मूर्ति के समक्ष अवैध ढंग से धरना दिया जा रहा है। प्रशासन द्वारा वहां से हटकर धरना के लिए निर्धारित स्थल गर्दनीबाग में जाने के लिए नोटिस दिया गया था।

### तिरुपति : एंबुलेंस ने पैदल मंदिर जा रहे श्रद्धालुओं को टक्कर मारी, दो महिलाओं की मौत

**तिरुपति (आरएनएस)।** तिरुपति जिले में सोमवार को एक 108 एंबुलेंस ने श्रद्धालुओं के समूह को टक्कर मार दी। इस हादसे में दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, एंबुलेंस ने पैदल तिरुमाला मंदिर जा रहे श्रद्धालुओं के एक समूह को टक्कर मार दी। यह दुर्घटना चंद्रगिरी मंडल के नरसिंहपुरम के पास हुई। हादसे में दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य श्रद्धालु घायल हो गए।

मृतक महिलाओं की पहचान अन्नामय्या जिले के रामसमुद्रम मंडल के चंपलपल्ली निवासी पेड्डु रेड्डम्मा (40) और लक्ष्मम्मा (45) के रूप में हुई है। वहीं, घायलों को तिरुपति के रुइया अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# यूपी में कड़ाके की सर्दी, लोग ठंड से बचने के लिए ले रहे आग का सहारा

**प्रयागराज (आरएनएस)।** पहाड़ों पर लगातार हो रही बर्फबारी से उत्तर प्रदेश में भी इसका असर देखने को मिल रहा है। प्रदेश में इस समय कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। आने वाले दिनों में सर्दी के और भी बढ़ने की संभावना है।

पिछले कई दिनों से चल रही सर्द हवाएं लोगों का कड़ा इम्तिहान ले रही हैं। ठंड ने लोगों की रातों की नींद उड़ा रखी है। तापमान इतना नीचे गिर गया

**प्रयागराज में अलाव व्यवस्था की मांग**

है कि लोगों को प्रयागराज में लेह, लद्दाख, शिमला, मनाली की ठंड का एहसास होने लगा है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में भी सर्दी के तरह जारी रहने की संभावना जताई है। यूपी में बीते कई दिनों में लोगों को सूर्य के दर्शन नाम मात्र के हुए हैं। सुबह के समय घना कोहरा होता, जिससे रोड पर वाहनों को रफ्तार भी थम जाती है। वहीं, सर्द हवाएं सर्दी और ज्यादा बढ़ाने का काम कर रही हैं। प्रयागराज के एक व्यक्ति ने बातचीत करते हुए कहा कि इस समय ठंड काफी बढ़ गई है। लोगों को ठंड से बचने के लिए आग का सहारा लेना पड़ रहा है। हालांकि, नगर निगम की तरफ से अलाव की व्यवस्था तो की जा रही है, लेकिन कुछ इलाकों में ये व्यवस्था नहीं की गई है जिसके



चलते हम लोग खुद ही लकड़ी ला कर जला रहे है। उन्होंने अपील की है कि सभी जगह अलाव की व्यवस्था की जाए ताकि लोगों और राहगीरों को ठंड से बचने लिए आग का सहारा मिल सके। वहीं एक अन्य व्यक्ति ने बताया कि इस समय कड़ाकी की सर्दी पड़ रही है। लकड़ी की व्यवस्था नहीं होने के कारण काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हम लोग घर से लकड़ी इका करके जलाते हैं और आने जाने वाले लोग यहां पर ठंड से बचने लिए आग का सहारा लेते हैं।उन्होंने अपील की है कि सभी जगह अलाव की व्यवस्था की जाए, क्योंकि हर आने वाले दिन में सर्दी बढ़ती जा रही है।

# रेलवे ने पेश की मानवता की मिसाल, कोच से गिरे यात्री को उठाने के लिए 1 किमी रिवर्स चलाई ट्रेन

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** एक दुर्लभ घटना में, एक यात्री को बचाने के लिए एक ट्रेन को लगभग एक किलोमीटर पीछे चलाना पड़ा। यह घटना महाराष्ट्र में हुई, जहां तपोवन एक्सप्रेस के एक कोच से गिर गए एक यात्री को बचाने के लिए ट्रेन को रिवर्स में चलाया गया। हालांकि, दुखद रूप से, घायल यात्री को बचाया नहीं जा सका और अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।



शनिवार सुबह करीब 11 बजे, जब ट्रेन मनमाड जंक्शन पहुंची, तो एक यात्री, सरवर शेख (30 वर्ष, उत्तर प्रदेश) कोच से गिर गया। इस घटना के बाद, ट्रेन के गार्ड ने तुरंत लोको पायलट को सूचित किया। लोको पायलट ने नियंत्रण कक्ष से अनुमति लेकर ट्रेन को रिवर्स में चलाया और घायल यात्री तक पहुंचा। ट्रेन में मौजूद अन्य यात्रियों की मदद से सरवर शेख को ढूंढा गया और उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया। हालांकि, डॉक्टरों ने उसे बचा नहीं पाया। इस घटना के बाद, भारतीय रेलवे की मानवता की इस पहल की काफी प्रशंसा हुई है। हालांकि, यात्री की मृत्यु ने सभी को दुखी कर दिया है।

# रहस्यमयी परिस्थिति में आईआईएम-बी छात्र की मौत, दोस्तों के साथ रात को केक काटकर मनाया था जन्मदिन

**बेंगलुरु (आरएनएस)।** भारतीय प्रबंधन संस्थान, बेंगलुरु (आईआईएम-बी) में एक छात्र की रहस्यमयी मौत ने पूरे परिसर को शोक में डुबा दिया है। 29 वर्षीय निलय कैलाशभाई पटेल, जो पीजीपी 2023-25 बैच के छात्र थे, रविवार तड़के अपने छात्रावास परिसर में मृत पाए गए।



पुलिस के अनुसार, पटेल ने अपने जन्मदिन की पूर्व संध्या पर दोस्तों के साथ जश्न मनाया था और उसके बाद अपने कमरे में चले गए थे। सुबह उन्हें हॉस्टल के लॉन में बेहोश पाया गया। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

शुरूआती जांच में पता चला है कि पटेल संभवतः हॉस्टल बिल्डिंग की दूसरी मंजिल से गिर गए थे। हालांकि, उनके शरीर पर कोई बड़ी चोट के निशान नहीं मिले हैं। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है ताकि मौत के सही कारण का पता चल सके।

पटेल के दोस्तों ने बताया कि वे आधी रात के आसपास केक काटकर उनका जन्मदिन मना रहे थे और उसके बाद पटेल अपने कमरे में चले गए थे। उन्हें नहीं पता कि उसके बाद क्या हुआ।

आईआईएम-बी ने एक बयान में पटेल की मौत पर शोक व्यक्त किया है। संस्थान ने कहा कि पटेल एक प्रतिभाशाली और लोकप्रिय छात्र थे और उन्हें सभी द्वारा बहुत याद किया जाएगा।

# कर्नाटक में मिले एचएमपीवी के 2 केस, आईसीएमआर ने की पुष्टि, अलर्ट जारी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** चीन में तेजी से फैल रहे एचएमपीवी वायरस ने अब भारत में भी दस्तक दे दी है। कर्नाटक में इस वायरस के दो मामलों की पुष्टि हुई है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद ने इस बात की जानकारी दी है।



कर्नाटक में 8 महीने का एक बच्चा और तीन महीने की एक बच्ची इस वायरस से संक्रमित पाई गई हैं। दोनों बच्चों को बुखार की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। तीन महीने की बच्ची को इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है, जबकि 8 महीने के बच्चे का इलाज अभी जारी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय इस मामले को गंभीरता से ले रहा है और स्थिति पर नजर रखे हुए है। आईसीएमआर ने भी कहा है कि वह किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। कर्नाटक के स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि उनकी प्रयोगशाला में नमूने की जांच नहीं हुई है। निजी अस्पताल की रिपोर्ट में यह सामने आया है। स्ट्रेन को लेकर जानकारी नहीं है। नमूने को सरकारी प्रयोगशाला में भेजा गया है। वहीं सरकार ने वायरस को लेकर अलर्ट जारी किया है। सतर्कता बरती जा रही है। बता दें, चीन में एचएमपीवी वायरस बहुत तेजी से फैल रहा है। कई शहरों में इमरजेंसी घोषित कर दी गई है और अस्पतालों में मरीजों की संख्या में काफी वृद्धि हुई है। खासकर बच्चों और बुजुर्गों में इस वायरस का प्रकोप ज्यादा देखा जा रहा है।

**क्या है एचएमपीवी वायरस?**

एचएमपीवी एक सांस की बीमारी पैदा करने वाला वायरस है। इसके लक्षणों में बुखार, खांसी, नाक बहना, गले में खराश आदि शामिल हैं। ज्यादातर मामलों में यह वायरस हल्का होता है और खुद ही ठीक हो जाता है, लेकिन कुछ मामलों में यह गंभीर भी हो सकता है। यह वायरस संक्रमित व्यक्ति के खांसने या छींकने से निकलने वाली बूंदों के माध्यम से फैलता है।

**नमन किया** | प्रकाश पर्व सिख धर्म का एक महत्वपूर्ण त्योहार है, जिसे श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है

# पीएम मोदी, अमित शाह और खड़गे समेत कई नेताओं ने गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व पर उन्हें नमन किया

नई दिल्ली (आरएनएस)। सिख धर्म के 10वें गुरु, महान योद्धा गुरु गोबिंद सिंह जी का सोमवार को प्रकाश पर्व मनाया जा रहा है। प्रकाश पर्व सिख धर्म का एक महत्वपूर्ण त्योहार है, जिसे श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व के मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने श्री दरबार साहिब में माथा टेका। इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी, अमित शाह, जेपी नड्डा, मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी समेत कई नेताओं ने गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व पर उन्हें नमन किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मैं श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर उन्हें नमन करता हूं। उनके विचार हमें एक प्रगतिशील, समृद्ध और दयालु समाज बनाने के लिए प्रेरित करते हैं।

वहीं, अमित शाह ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, दशम गुरु सरबंसदानी श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर उनका स्मरण कर उन्हें कोटि-कोटि नमन करता हूं। संस्कृति, स्वधर्म और मानवता की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व अर्पण करने वाले गुरु गोबिंद सिंह जी कट्टरपंथी आक्रांताओं के सामने अपने सिद्धांतों पर अडिग रहे। त्याग, वीरता और समर्पण का प्रतीक उनका जीवन अनंतकाल तक सभी का मार्गदर्शन करता रहेगा।

जेपी नड्डा ने कहा, सवा लाख से एक लड़ाऊं, चिड़ियन ते मैं बाज तुड़ाऊं, तबै गुरु गोबिंद सिंह नाम कहाऊं। महान संत, सिख समाज के दशम गुरु एवं खालसा





पंथ के संस्थापक गुरु श्री गोबिंद सिंह जी महाराज के पावन प्रकाश पर्व पर उन्हें कोटि-कोटि नमन करता हूं। गुरु गोबिंद सिंह जी का जीवन मानवता व वीरता की मिसाल है। उन्होंने अपने मानवता के संदेश से सिख धर्मावलंबियों के साथ पूरे समाज को नई राह दिखाई। उनके अद्वितीय साहस, सत्य और सेवा के आदर्श युगों-युगों तक प्रेरणा देते रहेंगे।कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व पर उन्हें नमन किया। कांग्रेस अध्यक्ष ने एक पोस्ट कहा, सरबंस दानी, साहिब-ए-कमाल व सिख धर्म के दसवें गुरु एवं खालसा पंथ के संस्थापक, धन धन श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं। उन्होंने सम्पूर्ण मानवता को शांति, प्रेम, एकता, समानता एवं भाईचारे का संदेश दिया तथा जन-जन के हृदय में मानव सेवा एवं सामाजिक सौहार्द की भावना जागृत की थी, जो सदैव प्रेरणादायी रहेगी। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, वीरता और त्याग के प्रतीक श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं। अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध, न्याय और समानता के लिए उनका साहस और बलिदान हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। राहुल गांधी के अलावा अन्य नेताओं ने भी गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व पर उन्हें नमन किया है।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

# भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक संघ पदाधिकारी बैठक का किया भव्य आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**डिबाई (केपीसिंह चौहान)।** भीमपुर दोराहे पर निजी मैरिज होम में विशाल भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक संघ पदाधिकारी कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि राष्ट्रीय प्रभारी मनोरंजन कुमार पासवान रहे मंच का सफल संचालन समीर गौतम ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राष्ट्रीय प्रभारी मनोरंजन कुमार पासवान व उत्तर रेलवे जोन अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह,गौरव कुमार उत्तर रेलवे जोन सचिव,डिंपल सिंह उत्तर रेलवे जोन सचिव,प्रेमपाल सिंह आगरा डिवीजन अध्यक्ष एनसीआर,संजीव शर्मा कोटा डिवीजन राजस्थान अध्यक्ष एनसीआर,राहुल कुमार दिल्ली डिवीजन अध्यक्ष एनआर,अवध किशोर दास मुरादाबाद डिविजन अध्यक्ष एनआर,रवि शंकर दिवाकर मुरादाबाद डिविजन उपाध्यक्ष एनआर,बूटा सिंह उत्तर उत्तराखंड प्रदेश,ओम प्रकाश उत्तराखंड प्रदेश ,सत्यनारायण झा उत्तर रेलवे जोन सह संयुक्त सचिव,अजय मट्टू फिरोजाबाद डिवीजन अध्यक्ष एनआर अंगद चौहान लखनऊ डिविजन एनआर,शिवमन उत्तर प्रदेश संयुक्त सचिव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वल कर किया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय प्रभारी मनोरंजन कुमार पासवान का सभी रेलवे श्रमिकों ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया एवं उपहार स्वरूप गिफ्ट भेंट देकर सम्मानित किया। डिम्पल सिंह व भूपेन्द्र सिंह ने मुख्य अतिथि को चांदी का मुकुट व भोलेनाथ के परिवार की मूर्ति भेंट स्वरूप देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक संघ पदाधिकारी कमेटी के लिए हमारी समय-समय पर बैठक होती रहती हैं जिसमें सभी पदाधिकारियों की मांग को श्रमिक मंत्रालय, श्रमिक विभाग,सदन में रखकर मांगों को पूरा कराने में हमेशा प्रयास किया जाता रहा है और इसी वर्ष में आपकी मांगों को लेकर कमेटी पूरा कराने में सफल होने जा रही है केवल आपके सहयोग की आवश्यकता है आपका पूरा ब्यौरा सरकार को भेजा जा रहा है निराश नहीं होना दिया जायेगा सभी को हक दिलाया जाएगा। बैठक में नवनियुक्त पदों के प्रमाणपत्र दियें गये। सभी पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि राष्ट्रीय प्रभारी मनोरंजन कुमार पासवान का जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक संघ पदाधिकारी व गोदामों के ठेकेदार मौजूद रहे।







# आधार करेक्शन को लेकर डाकघर में सुविधा शुल्क का आरोप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** नगर के डाकघर में आधार कार्ड करेक्शन के लिए जुटी भीड़ ने अवैध वसूली का लगाया आरोप। आधार कार्ड करेक्शन के नाम पर अवैध वसूली सहित अभद्रता का आरोप लगाया है। साथ ही लोगों ने बताया है कि डाकघर में इतना ही नहीं आधार कार्ड में मोबाइल नंबर रजिस्टर्ड करने के लिए निर्धारित फीस ?50 और फिंगर अपडेट कराने के लिए 100 है। लेकिन जल्दी के चक्कर में लोगों से ओवर फीस ली जा रही है।?50 की जगह 100 तथा 100 की जगह 150- 200 तक अवैध वसूली करने का आरोप भी लगाया गया है। सोमवार सुबह से ही नगर स्थित डाकघर में आधार कार्ड करेक्शन हेतु रोजाना की भांति भीड़ जुटना शुरू हो गई। मोबाइल नंबर, जन्मतिथि व फिंगर आदि संशोधित आधार कार्ड के लिए लगी लंबी कतार बढ़ती चली गई। मौजूद भीड़ में से हरीश शर्मा, कपिल कुमार, मोहम्मद इश्तियाक, हरप्यारी देवी आदि ने आरोप लगाया कि किसी भी तरह के एक करेक्शन के लिए 100 रुपए से 200 रुपए तक अवैध वसूली की जा रही है। अवैध वसूली न देने पर 3 महीने की तारीख आधार कार्ड करेक्शन को दी जा रही हैं।

# धूमधाम से मनाया यूको बैंक का 83 वां स्थापना दिवस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर ।** नगर स्थित यूको बैंक का ,83वा स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया । इस अवसर पर बैंक परिसर को बैलून से सजाया गया । बैंक के प्रबंधक हरि ओम सिंह ने केक काटा और बैंक कर्मचारी और ग्राहकों को खिलाया । सोमवार को यूको बैंक ने अपने समस्त स्टाफ के साथ मिल कर मनाया अपना 83 वां स्थापना दिवस। यूको बैंक के प्रबंधक हरि ओम सिंह , ने जानकारी देते हुए बताया कि यूको बैंक द्वारा 83 वर्ष पूर्ण किए गए है जिसके चलते शाखा में कार्यरत समस्त स्टाफ की मौजूदगी में केक काट कर बड़े ही हर्षोल्लास के साथ जश्न मनाया । बताया कि जब पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया था तो उस दौरान यूको बैंक प्रथम स्थान पर राष्ट्रीयकरण में सम्मिलित था और इस बैंक की स्थापना 6 जनवरी 1943 को हुई थी जिसके चलते समस्त स्टाफ के साथ यादगार पलों को साझा किया गया है ।इस मौके पर यूको बैंक के प्रबंधक हरि ओम सिंह व बैंक का आदि स्टाफ मौजूद रहा।



# सपा की बैठक में गृहमंत्री अमित शाह को बर्खास्त की मांग करते नजर आए कार्यकर्ता

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अनूपशहर।** विधानसभा क्षेत्र के गांव तोली में समाजवादी पार्टी के मासिक बैठक का आयोजन बैठक का आयोजन नरेंद्र जाटव के नेतृत्व में किया गया मुख्य अतिथि के तौर पर रहे सपा अनूपशहर विधानसभा प्रत्याशी प्रशांत शर्मा सैकड़ो की तादाद में लोगों ने प्रशांत शर्मा के विचार सुने प्रशांत शर्मा ने कहा कि देश के गृहमंत्री अमित शाह द्वारा संविधान के जन्मदाता डॉ भीमराव अंबेडकर जी का संसद में जो अपमान किया गया है वो घोर निंदनीय है ऐसे संवैधानिक पद पर बैठकर ऐसी अपमानजनक बातें करने वाले गृह मंत्री को तत्काल इस्तीफा देना चाहिए।

उत्तर प्रदेश लोकसभा चुनाव में सपा ने जिस तरह भाजपा को मुंहतोड़ जवाब दिया ऐसे ही आने वाले विधानसभा में समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश के हर जनपद में अपना परचम लहराएगी सपा सरकार में उत्तर प्रदेश में विकास कार्य हुए भाजपा में शासनकाल विकास जीरो हे 10 सालो में भाजपा ने सिर्फ नफरत की राजनीति की है विकास तो कोसों तो दूर है।






# बाइक सवार लुटेरों से थाना अरनिया पुलिस की हुई मुठभेड़, जवाबी कार्यवाही में 01 बदमाश घायलावस्था में अपने अन्य 02 साथी सहित गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर (वसीम सिददीकी)।** जनपद में तलाश थाना अरनिया पुलिस टीम ग्राम जावल बम्बा चौराहे पर संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों की चैकिंग में मामूर थी तभी एक बाइक पर 03 संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखायी दिये जिनको पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो नहीं रुके तथा बाइक को तेजी से मोड़कर ग्राम डाबर की ओर भागने लगे तभी कुछ दूरी पर ट्यूबैल के पास कच्चे रास्ते पर बदमाशों की बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई तभी अपने आपको पुलिस से घिरता देख बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गयी, पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में संदीप गोली लगने से घायल हो गया जिसको गिरफ्तार किया गया व अन्य 02 बदमाशों को कॉम्बिंग कर ग्राम जावल के जंगल से गिरफ्तार किया गया। *गिरफ्तार/घायल बदमाशों की पहचान 01. संदीप पुत्र प्रेमपाल निवासी ग्राम जामुनका थाना चंडौस जनपद अलीगढ़(घायलावस्था) 02. अजय कुमार पुत्र पोखपाल निवासी ग्राम सूरजपुर थाना चंडौस जनपद अलीगढ़ 03. विशेष पुत्र थानसिंह निवासी जाटव मौहल्ला थाना चंडौस जनपद अलीगढ़ के रुप में हुई हैं, घायल बदमाश को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया है। बदमाशों के कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस, चाकू, लूटे गये रुपये, घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद हुई है। उल्लेखनीय है कि बदमाश शातिर किस्म के लुटेरे हैं जिनके द्वारा दिनांक 30.12.2024 को थाना अरनिया क्षेत्रान्तर्गत एक व्यक्ति से 27,482/- रुपए लूट की घटना कारित की गयी थी जिसके सम्बन्ध में थाना अरनिया पर मुअसं-397/24 धारा 309(4) बीएनएस पंजीकृत हैं।बरामदगी-10,200 रुपये नकद (लूट हुए)-01 बाइक स्प्लेन्डर प्लस (यूपी 81 एयू 7168) (घटना में प्रयुक्त) 01 तमंचा 315 बोर, 01 जिंदा, 01 खोखा कारतूस भी- 01



# दो परिवारों को समझौता करा कर एक साथ मिलाया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर (वसीम सिद्दीकी)।** पति पत्नी के विवाद दिन ब दिन बढ़ते जा रहे हे लोग एक दूसरे जे दुश्मन बनते जा रहे हे जैसे जैसे समाज बदलता जा रहा है वैसे-वैसे लोगों की मानसिकता भी बदल रही हे और पति-पत्नी में आपसी मतभेद इतनी ज्यादा बढ़ गए कि लोग थाने अदालतों के चक्कर काट रहे हैं।

आपसी विवाद इतनी ज्यादा बढ़ गए कि पति-पत्नी अलग रहने पर मजबूर हो रहे है ऐसे में हम बात कर रहे है बुलंदशहर महिला सेल प्रभारी बोबेश और सब इंस्पेक्टर नीमा गौतम व उनकी महिला टीम कांस्टेबल कुसुम लता, हेड कांस्टेबल रीमा हेड कांस्टेबल पूजा रानी, हेड कांस्टेबल अनुराधा कांस्टेबल, रिचा कांस्टेबल पुष्पा कांस्टेबल अमित,के साथ मिलकर रोजाना पति-पत्नी के समझौते कराकर लोगों के चेहरे पर खुशियां दे रही हे और नफरतों को खत्म कर मोहब्बत में बदल रही हैं एक के बाद एक परिवार को आपस में समझौता करा कर मिला रही हैं आज भी महिला सेल प्रभारी व सब इंस्पेक्टर नीमा उनकी टीम ने पिंकी और राहुल निवासी नगला रिवाड़ा बुलंदशहर व सुमित और जागृति गांव फौलादपुर थाना चोला बुलंदशहर इन दो परिवार के आपसी मतभेद खत्म कर कर दोनों परिवारों को एक किया।





# हर्ष फायरिंग में चली थी अवैध तमंचे से गोली, वैंकट हाल मालिक की तहरीर पर पुलिस ने किया मामला दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**औरंगाबाद (बुलंदशहर) ।** शादी समारोह के दौरान हर्ष फायरिंग में एक युवक के घायल हो जाने का मामला आखिर पुलिस ने दर्ज कर ही लिया। वैंकट मालिक की तहरीर पर पुलिस ने सोमवार को हर्ष फायरिंग की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

पवसरा रोड स्थित सैनी फार्म हाउस के मालिक रंजीत सिंह पुत्र विजय सिंह की तहरीर पर पुलिस ने रविवार को वलीमा प्रोग्राम के दौरान हर्ष फायरिंग का मामला दर्ज कर लिया। थाने पर दी तहरीर में कहा गया है कि उसका वैंकट हाल आबिद अब्बास पुत्र हसन अब्बास ने अपने पुत्र कोसेन के वलीमा प्रोग्राम के लिए बुक किया था। रविवार दोपहर लगभग दो बजे फायरिंग की आवाज आई देखा तो कावेश पुत्र शमीम निवासी मौहल्ला अजीजाबाद अपने अवैध तमंचे से चलाई गई गोली से घायल हो कर पड़ा हुआ था जिसे उसके परिचित इलाज के लिए ले गए। फार्म हाउस मालिक ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी पुलिस को सौंप दी। जिसमें घटना दर्ज बताई गई है। मामला दर्ज कर पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। कोई गिरफ्तारी अभी नहीं हुई है। घायल युवक का इलाज हो रहा बताया जाता है।

# अनियंत्रित ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो भाइयों की मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पहासू ।** पहासू में हुए भीषण सड़क हादसे में तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दो भाइयों को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक के परखच्चे उड़ गए। हादसे में दोनों भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक दोनों मौसेरे भाई थे। मौके पर पहुचे लोग घायलों को अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पहासू के मोहल्ला कानूनगोयान में दोनों मृतकों की बॉबी ठाकुर। के यहां ।ननिहाल है। मृतक गोपाल पुंडीर (20) पुत्र विजय कुमार काफी दिनों से पहासू ही रह रहा था जबकि उसका मौसेरा भाई मनीष (25) पुत्र अनिल निवासी उजर्रा हसनपुर अपनी ननिहाल आया हुआ था। सोमवार को दोनों भाई बाइक से खुर्जा की ओर जा रहे थे ।पहासू-खुर्जा मार्ग पर डिग्री कालेज के सामने विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की खबर सुनकर सरकारी अस्पताल में काफी भीड़ एकत्र हो गई। अस्पताल में दोस्तों को मृत देख पड़ोसी मोनू को बेहोस हो गया जिसे चिकित्सकों ने गम्भीर हालात में अलीगढ़ रैफर कर दिया। थाना प्रभारी रामफल सिंह ने बताया कि ट्रक को कब्जे में ले लिया है,ट्रक चालक फरार है। मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया हैं।





**मृतक -गोलू पुत्र विजय पुंढीर व मृतक मनीष पुत्र अनिल राघव**

# धूमधाम से मनाया पूर्व सीएम स्वर्गीय कल्याण सिंह का जन्मदिन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व राज्यपाल परम श्रद्धेय स्वर्गीय बाबूजी कल्याण सिंह की 93वी जयंती धूमधाम से मनाई गई। बाबूजी कल्याण सिंह के सांसद प्रतिनिधि रहे जगदीश सिंह आर्य के आवास"आर्य निडम" शिकारपुर जनपद बुलंदशहर उत्तर प्रदेश पर फोटो समक्ष फूल अर्पित कर, मिठाई खिलाकर जयंती मनाई गई। जगदीश सिंह आर्य ने बाबूजी कल्याण सिंह के कुशल"शासक " प्रशासक राजनीतिक" सामाजिक "धार्मिक एवं विभिन्न क्षेत्रों में दिए गए संपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला ! इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष विकास गर्ग "पूर्व मंडल अध्यक्ष विवेक जैन उर्फ चीनू जैन" प्रदेश उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा अली अख्तर सानू "अध्यक्ष व्यापार मंडल मुकेश गर्ग "मंडल महामंत्री गौरव शर्मा "सभासद राजेंद्र सिंह लोधी" कार्यकारिणी सदस्य मुकेश वाल्मीकि पूर्व सभासद एवं प्रबंधक शिशु मंदिर धर्मेंद्र गर्ग उर्फ सत्ते गर्ग, एडवोकेट राजीव आर्य,शुभम आर्य भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे !




## लापरवाही — बच्चों के साथ-साथ बूढ़े भी हुए शिकार

# बच्चों को नजरअंदाज कर रहे परिजन, जंक फूड बच्चों को बांट रहे बीमारियां

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** नगर में बढ़ते जा रहे फास्ट फूड के प्रचलन से लोगों की सेहत पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। लोगों बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। साग सब्जियों से दूर होते जा रहे हैं ।नौनिहालों को उचित पोषण नहीं मिल पा रहा है। लोग इससे होने वाली बीमारियों को नजरअंदाज कर इसे खाने में अपनी शान समझ रहे हैं। आज जंक फूड बच्चों के फेवरेट है, उनके घर वाले भी शौक से उन्हें बर्गर चाऊमीन मोमोज दिला देते हैं और कभी यह सोचा है कि यह जक फुट बच्चों का पेट तो भर देते हैं लेकिन उन्हें गंभीर बीमारियां भी दे रहे हैं। जंक फूड के चलते बच्चों में एनीमिया डिप्रेशन एजायटी चिड़चिड़ापन आदि समस्याएं आ रही हैं। इसके अलावा धीरे-धीरे उनकी भूख खत्म हो जाती है। नगर क्षेत्र में, पहासू अड्डा, जहांगीराबाद चुंगी,पैठ चौराहा, पंजाब नेशनल बैंक के पास फास्ट फूड की ठेलियां की भरमार है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी यह अछूता नहीं है। इन फास्ट फूड्स में उचित मात्रा में न्यूट्री नहीं होता है। इनमें मात्रा आलू और मैदा का प्रयोग किया जाता है जो कि लोगों की सेहत के लिए अच्छा नहीं है। फास्ट फूड का प्रचलन महानगरों में था अब छोटे-छोटे नगरों के कसवो में तेजी से बढ़ रहा है। परिवार की महिलाएं फास्ट फूड के बढ़ते प्रचलन के लिए कम जिम्मेदार नहीं है। कम से बचने के लिए बच्चों को मसाला डोसा इडली चाऊमीन आदि खिलाकर उनकी सेहत से खिलवाड़ कर रही है। इन फास्ट फूड में स्वास्थ्य की दृष्टि से कोई भी पोषक तत्व नहीं होता है जिससे बच्चा स्वस्थ बन सके। बच्चों में मोटापा बढ़ाने में फास्ट फूड का बहुत बड़ा हाथ है। इसके बढ़ते जा रहे प्रचलन में आने वाली पीढ़ी पर भी बड़ा प्रभाव है।

इनके खाने का चस्का धीरे-धीरे बच्चों के साथ-साथ बड़ों मैं भी बढ़ता जा रहा है। लोगों को पता नहीं है कि हर समय पेट खराब रहना किसी काम में मन नहीं लगना आदि फास्ट फूड के बढ़ते चरण का परिणाम है। डॉ विनोद कुमार शर्मा का कहना है कि हैबिट डिसऑर्डर के रूप में बच्चों को घर का बना हुआ खाना खाने की आदत कम सिखाई जा रही है उन्हें बाहर का जंक फूड परोसा जाता है इसके चलते उन्हें कम भूख लग रही है घर का खाना न खाने से बच्चों में पूरी तरह से प्रोटीन नहीं जा पा रहा है इसके लिए जरूर है कि बच्चा जब खाना खाना सीख रहा है तभी उसे दाल सब्जी चावल रोटी खाने की आदत डालनी चाहिए। सीएचसी प्रभारी डॉ शशि शेखर सिंह ने बताया नगर में तीसरी दिशा से ज्यादा बच्चे मोटापे के शिकार हैं। इसकी वजह बच्चों में जंक फूड की बढ़ती आदतें हैं। परिवार बच्चों का शुरूआत से ध्यान दें। ऐसे खानपान को दूर रखें। साथ ही पढ़ाई में कमजोर होना भी अंसतुलित खान पान है। बच्चों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।



# मंडल स्तरीय पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतने वाले वेटलिफ्टरों को किया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जहाँगीराबाद।** नगर की समाजसेवी संस्था ह्यूमन वेलफेयर सोसायटी ने मेरठ मण्डल में आयोजित प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतने वाले पावर लिफ्टर्स को सम्मानित किया। इस सम्बंध में सोसायटी के संरक्षक कृष्णराज सिंह के नेतृत्व में अध्यक्ष विपिन रोहिला, सचिव डॉ जितेंद्र राघव, अनिल पंवार, कोषाध्यक्ष आशीष शर्मा ने सभी विजेताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सोसायटी के अध्यक्ष विपिन रोहिला ने कहा कि यह अत्यंत खुशी का विषय है कि हमारे नगर के प्रतिभाशाली वेटलिफ्टर पूरे विश्व में वेटलिफ्टिंग में जहांगीराबाद का नाम रोशन कर रहे हैं। इस मौके पर शाश्वत बंसल, साहिल सिरोही, मधुकर त्यागी, गौरव कुमार, जतिन सैनी को नगर का नाम रोशन करने पर संस्था ने सम्मानित किया गया और उनका मनोबल बढ़ाया।



# राष्ट्रीय पक्षी दिवस पर डॉ.अमित कुमार ने बनाए चिड़ियों के चित्र

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** दिल्ली मेरठ रोड पर गंग नहर के निकट स्थित श्री हंस इंटर कॉलेज मुरादनगर के एनसीसी ऑफिसर व कला अध्यापक डॉ अमित कुमार ने राष्ट्रीय पक्षी दिवस पर अंगूठे की सहायता से सुंदर चिड़िया के चित्र बनाए हैं। जिसमें दो चिडिया आपस में बातचीत करती प्रतीत हो रही है तथा तीसरी चिड़िया फूलों में से अपना भोजन खोज रही है। डॉ अमित कुमार ने वाटर कलर में अंगूठा लगाकर चिड़ियों के चित्र बनाएं तथा बाद में ब्रश की सहायता से उसको फाइनल रूप प्रदान किया। तथा चित्र में सूरज को एक नए सवेरे के रूप में दशार्या गया है। तथा हरे भरे पेड़ पौधों को बनाकर प्रकृति प्रेम के प्रति जागरूक किया है। डॉ अमित कुमार ने बताया कि हर साल 5 जनवरी को राष्ट्रीय पक्षी दिवस मनाया जाता है। इस दिन पशु विज्ञानी देश के बंदी पक्षियों की देखभाल और भलाई पर ध्यान केंद्रित करते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए मैंने यह चिडिया के चित्र बनाए हैं। डॉ अमित कुमार ने इस चित्र के माध्यम से समाज को पक्षियों को नुकसान न पहुंचाने तथा पक्षियों के प्रति प्रेम व संरक्षण का संदेश दिया है। तथा कहा कि हमें अपने घर व आस पास ऐसा हरा-भरा वातावरण बनाना चाहिए जिससे कि पक्षी ज्यादा से ज्यादा शरण ले सके तथा हम उनकी प्रजातियों को विलुप्त होने से बचा सके। चित्रकला के क्षेत्र में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कर चुके डॉक्टर अमित कुमार देश के विभिन्न महानगरों में अपनी पेंटिंग की प्रदर्शनी लगा चुके हैं। तथा पश्चिम उत्तर प्रदेश में अपनी पहचान एक प्रयोग धर्मी कलाकार के रूप में बना चुके हैं।

# भाजपा जिलाध्यक्ष चुनाव नामांकन प्रक्रिया हेतु जिला बैठक आज

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**मोदीनगर (अलवर खान)।** भारतीय जनता पार्टी संगठन पर्व 2024 के अंतर्गत बूथ व मंडल अध्यक्षों के गठन के बाद शीर्ष नेतृत्व के आदेश के बाद 7 जनवरी 2025 को भाजपा जिलाध्यक्ष के चुनाव प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए जिला स्तर पर लोनी विधानसभा के दादी भोई फार्म हाउस में ऐक बैठक होनी सुनिश्चित हुई है।

यह जानकारी जनपद गाजियाबाद के जिला महामंत्री एवं जिला सह चुनाव अधिकारी राजेन्द्र वाल्मीकि द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में दी गई है। प्रेस विज्ञप्ति में आगे कहा गया है कि दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होने वाली इस बैठक में जिला चुनाव अधिकारी प्रदेश उपाध्यक्ष एवं बहराइच विधायक अनुपमा जायसवाल, जिला पर्यवेक्षक प्रदेश कोषाध्यक्ष मनीष कपूर के द्वारा जिलाध्यक्ष पद के आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। चुनाव प्रक्रिया पूर्ण रूप से संगठन पर्व अर्थात बिना किसी भेद भाव के पूरे पारदर्शिता अनुसार सम्पन्न कराई जाएगी।

इस बैठक में सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधिगण, वर्तमान पदाधिकारी और मंडल स्तर पर निवास करने वाले सक्रिय सदस्य पदाधिकारी व वरिष्ठ जन उपस्थित रहेंगे।

# समृद्धि प्रीमियर लीग-2: टाइटंस बनी चैंपियन

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**नॉएडा!** समृद्धि प्रीमियर लीग के सीजन 2 में टाइटंस ने एक रोमांचक सुपर ओवर मैच में SGA क को हराकर सीजन २ का खिताब अपने नाम कर लिया। टाइटंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए १५४ रनो का स्कोर तैयार किया। जवाब में उठी SGA क ने भी २० ओवर में १५४ रन बनाये। मैच के सुपर ओवर में टाइटन्स ने ५ रनो के लक्ष्य को मात्रा दो बाल में ही बना लिया। टाइटंस के तरफ से सबसे ज्यादा ६३ रन कप्तान गौरव ने बनाये। उनकी शानदार पारी ने टीम को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस जीत के साथ, टाइटंस ने समृद्धि प्रीमियर लीग के सीजन 2 का खिताब अपने नाम कर लिया है।

टीम के खिलाड़ियों और समर्थकों ने इस जीत का जश्न मनाया. समृद्धि प्रीमियर लीग के आयोजकों ने टाइटंस को बधाई दी और उनकी शानदार प्रदर्शन की प्रशंसा की।

# पत्रकार देवेंद्र वथ्स बने सनातन हिंदू वाहिनी मीडिया प्रकोष्ठ के प्रदेश महामंत्री






बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** सनातन हिंदू वाहिनी के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष संजय नाथ द्वारा सीकरी खुर्द निवासी पत्रकार देवेंद्र वत्स को संगठन मे मीडिया प्रकोष्ठ में प्रदेश महामंत्री के महत्वपूर्ण पद पर मनोनीत किया गया है। जिसके बाद से देवेंद्र वश को बधाई देने का सिलसिला जारी है। इस संबंध में जानकारी देते हुए पत्रकार देवेंद्र वत्स ने बताया कि सनातन हिंदू वाहिनी द्वारा एक बैठक बुलंदशहर में आयोजित की गई थी। जिसकी अध्यक्षता संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय नाथ ने करते हुए प्रदेश व जिले की कमेटियों का विस्तार किया और अनेक सनातनियों को संगठन में शामिल कर उन्हें विभिन्न पदों पर मनोनीत भी किया। जिसमें उन्हें मीडिया प्रकोष्ठ में प्रदेश महामंत्री, अनिल रावत को जिला अध्यक्ष आगरा, हिमांशु कुमार को जिला अध्यक्ष बुलंदशहर सहित अनेक पदाधिकारियों को विभिन्न पदों पर मनोनीत किया गये। सभी नव मनोनीत पदाधिकारियों ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया और आश्वासन दिया कि संगठन की नीतियों पर चलकर सनातन धर्म को मजबूत करने का कार्य करेंगे।

इस अवसर पर आचार्य प्रकोष्ठ के श्री श्री 1008 प्रवीण देव महाराज, प्रदेश उपाध्यक्ष दीप गौतम, प्रदेश सचिव गौतम चौधरी, मंडल अध्यक्ष राज वर्मा, प्रदेश सदस्य जितेंद्र कुमार उज्जवल, विवेक सागवान, गाजियाबाद से जिला उपाध्यक्ष नरेश ठेकेदार, गाजियाबाद के जिला मंत्री आजाद कश्यप के अलावा अनेक पदाधिकारीगण मौजूद थे।

# आनिया स्पोर्ट्स कराटे अकैडमी के खिलाड़ियों ने किया श्रेष्ठ प्रदर्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**मोदीनगर (अनवर खान)।** मेरठ के राधा गोविंद पब्लिक स्कूल में आयोजित दो दिवसीय जेकेएस साउथ एशिया कराटे चैंपियनशिप में आनिया स्पोर्ट्स कराटे अकैडमी के खिलाड़ियों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए गोल्ड सहित अनेक मेडल प्राप्त कर देशभर में मोदीनगर का नाम रोशन किया है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए आनिया स्पोर्ट्स कराटे अकैडमी के संचालक अजय कुमार ने बताया कि चार और पांच जनवरी को आयोजित इस चैंपियनशिप में देश के 22 राज्यों के करीब 560 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। इस प्रतियोगिता में अकादमी के खिलाड़ियों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। जिसमें सब जूनियर बालीका 25 किग्रा भार वर्ग में आनिया ने गोल्ड मेडल, 20 किग्रा में आरना गोरई ने सिल्वर मेडल, क्रेडिट वर्ग 40 किग्रा में आराध्या चौधरी व 60किग्रा में विशाखा सिंह ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। वहीं सब जूनियर बालक वर्ग में 35 किग्रा में रिषित अरोड़ा, 40किग्रा में अभिनंदन रुहेला, 45 किग्रा में अर्जुन मलिक ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। 35 किग्रा वर्ग में निशांत शर्मा ने सिल्वर मैडल तो वहीं कैडेट वर्ग में 70 किग्रा वर्ग मे आयुषगोस्वामी ने गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया।

विजेता खिलाड़ियों को कोच अजय कुमार व टीम मैनेजर मयंक सिंह द्वारा बधाई दी गई और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

# यमुना अथॉरिटी के अधिकारी राजेंद्र भाटी के प्रमोशन होने पर किया स्वागत सम्मान : आलोक नागर

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**ग्रेटर नोएडा।** यमुना अथॉरिटी के अधिकारी श्री राजेंद्र भाटी को जीएम (जनरल मैनेजर) पद पर प्रमोशन मिलने के उपलक्ष्य में उनके सम्मान में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चौधरी सुखबीर जतन प्रधान शिक्षा समिति के सदस्य आलोक नागर बादलपुर ने उनके सेक्टर गामा 1 स्थित निवास पर पहुंचकर उन्हें गुलदस्ता व मेहंदीपुर बालाजी की तस्वीर भेंट कर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं।

इस मौके पर आलोक नागर ने कहा, "राजेंद्र भाटी जी की कड़ी मेहनत और ईमानदारी ने उन्हें इस महत्वपूर्ण पद पर पहुंचाया है। उनका प्रमोशन यमुना अथॉरिटी के लिए प्रेरणादायक है और क्षेत्र के विकास में उनकी भूमिका अहम रहेगी।" सामाजिक कार्यकर्ता आलोक नागर ने बताया कि राजेंद्र भाटी का प्रमोशन न केवल उनके व्यक्तिगत जीवन की उपलब्धि है, बल्कि यमुना अथॉरिटी और समाज के लिए भी गर्व का विषय है। कार्यक्रम में मौजूद सभी ने श्री भाटी के उज्जवल भविष्य और उनकी सफलता की कामना की। यह सम्मान समारोह क्षेत्र के लिए एक खास अवसर बना समारोह में क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। डॉ. विकास प्रधान, कृष्णा नागर, लोकेश भाटी, मनीष नागर, निक्की झटटा, और भारत नागर सहित अन्य लोगों ने भी श्री भाटी को उनकी इस सफलता पर शुभकामनाएं दीं।

### पीड़ित महिला ने दबंगों पर लगाया 50 हजार रुपए छीनने का आरोप

# पुरानी रंजिश के चलते दबंगों ने मां बेटे को बेहरमी से पीट कर किया बेहोश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों ने मां बेटे की बेरहमी से पिटाई कर दी। दबंग दोनों मां बेटे को जब तक पीटते रहे तब तक वह बेहोश नहीं हो गए। पीड़ित महिला ने दबंगों पर 50 हजार छीनने का आरोप लगाया है। पीड़ित महिला की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। गांव जलालाबाद में आसिफ व फरमान के बीच जीएसटी फार्म को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा है। रविवार रात नौ बजे के आसपास आसिफ दुकान से सामान लेने के लिए जा रहा था। जब वह बीच रास्ते पर पहुंचा तो उसे कई दबंग युवकों ने आसिफ को घेर लिया और उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। आसिफ की चीख पुकार की आवाज सुन उसकी मां अनीसा मौके पर पहुंची और अपने पुत्र आसिफ को बचाने का प्रयास करने लगी। लेकिन दबंगों ने आसिफ की मां को बेहरमी से पिटना शुरू कर दिया। दबंगों ने दोनों को इतना पीटा कि वह बेहोश हो गए। आसपास के लोगों ने दोनों पक्षों को समझा बुझाकर शांत किराया। अनीसा ने दबंगों पर 50 हजार रुपए की नकदी भी छीनने का आरोप लगाया है। महिला अनीसा ने इस संबंध में मुरादनगर थाने में तहरीर दी है। एसीपी ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

## 36 घंटा बीत जाने के बावजूद भी पुलिस नहीं कर सकी लक्ष्मीकांत दिनकर हत्याकांड का खुलासा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली ।** क्योलडिया थाना क्षेत्र के गांव पनबडिया परतीतपुर में बरेली से लैपटॉप लेकर वापस आ रहे लक्ष्मीकांत दिनकर पुत्र रामेश्वर दयाल का बेरहमी से गला काटकर हत्या कर दी थी हत्या की सनसनी से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया था मृतक के भाई ने पुलिस को लूट और हत्या की तहरीर पुलिस को दी थी जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली थी लेकिन 36 घंटे बीत जाने के बावजूद भी पुलिस लक्ष्मीकांत हत्याकांड का अभी तक खुलासा नहीं कर सकी पुलिस खाली हाथ है लक्ष्मीकांत हत्याकांड का खुलासा न होने पर परिवार जनों में रोष है क्योंकि मृतक का बेरहमी से गला काटा गया था हत्याकांड का खुलासा न होने से परिवार वाले भयभीत हैं मृतक अपने परिवार में अकेला कमाने वाला था उसकी पत्नी का रो रो कर बुरा हाल है उसका एक आठ माह का पुत्र है जिसने अभी अपने पिता को सही से समझ भी नहीं पाया लेकिन तब तक उसके सिर से उसका पिता का साया उठ गया उसकी पत्नी और उसका बेटा अनाथ हो गए हैं लेकिन हत्याकांड का अभी तक पुलिस कोई खुलासा नहीं कर सकी है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में रिटायर डीडीए इंजिनियर की मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जेवर (इनामुलहक)।** जेवर के गांव खाजपुर मे शनिवार की रात संदिग्ध परिस्थितियों मे रिटायर डीडीए इंजिनियर मौत हो गई। मृतक का गांव के ही एक परिवार से प्रॉपर्टी को लेकर विवाद चल रहा था। वहीं पुलिस ने पीड़ित परिवार की ओर से कोई शिकायत न मिलने और मौत की बजह हार्ट अटैक बताई है।

**कोतवाली प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि अभी पीड़ित परिवार ने कोई शिकायत नहीं दी है और मौत की बजह हार्ट अटैक है। मामले की जांच की जा रही हैं**

गांव खाजपुर निवासी नरेंद्र सिंह (66) डीडीडी विभाग दिल्ली से इंजिनियर पद से 2018 मे रिटायर हुए थे। उनका गांव मे ही एक परिवार से प्रॉपर्टी को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा था। आरोप है की शनिवार की रात भी आरोपियों ने प्रॉपर्टी को लेकर उनसे विवाद किया था, जिसके बाद उनकी हालत बिगड गई और वह बेहोश हो गए। परिवार के लोग उनको कस्बे के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जिसकी शिकायत परिवार के लोगों ने पुलिस से की। सूचना पर पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच शुरू की। कोतवाली प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि अभी पीड़ित परिवार ने कोई शिकायत नहीं दी है और मौत की बजह हार्ट अटैक है। मामले की जांच की जा रही हैं।

## मामूली विवाद में युवक के पैर में गोली मारने के मामले में पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** थाना क्षेत्र के गांव बहादरपुर में पेड़ की टहनी काटने को लेकर हुए विवाद में युवक के पैर में गोली मारने के मामले में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू करदी है।

बता दे कि गांव बहादरपुर में पेड़ की टहनी काटने को कहने को लेकर मनोज त्यागी व विनेश त्यागी के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट एवं फायरिंग हुई। बताया जा रहा है कि पैर में गोली लगने से रोहित गंभीर रुप से घायल हो गए। रोहित को गाजियाबाद के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस मामले में अभिषेक त्यागी ने मुरादनगर थाने में तहरीर दी है। एसीपी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मनोज, विनेश त्यागी, शुभम, अनुभव, राजकुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

**सम्मान** | अखिलेश यादव राज्य मुख्यालय लखनऊ में उत्तर प्रदेश सहित झारखण्ड, आन्ध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान से आये पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओ को सम्बोधित किया

# भाजपा सरकार में हर पद और हर पोजीशन की रेट तय है, हर विभाग में भ्रष्टाचार हो रहा है:अखिलेश

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में बड़े पैमाने पर कमीशनखोरी हो रही है। भ्रष्टाचार चरम पर है। हर स्तर पर लूट है। भाजपा सरकार में हर पद और हर पोजीशन की रेट तय है। हर विभाग में भ्रष्टाचार हो रहा है। ऐसा कोई विभाग नहीं है, जहां लूट नहीं हो रही है। मुख्यमंत्री जी योगी नहीं, भ्रष्ट हैं। भाजपा सरकार का नया परिचय भ्रष्टाचार और संगठित लूट हो गया है।

श्री अखिलेश यादव नव वर्ष के अवसर पर आज समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय लखनऊ में उत्तर प्रदेश सहित झारखण्ड, आन्ध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान से आये पार्टी नेताओं और कार्यकताओं को सम्बोधित कर थे।

श्री यादव ने सभी नेताओं, कार्यकताओं को नए वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को सत्ता से हटाकर जनता के हित और उत्तर प्रदेश के विकास के लिए समाजवादी पार्टी की सरकार बनाना ही शुभकामनाओं की सफल सार्थकता होगी।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार और लूट की कमाई पर कब्जा करने की लड़ाई चल रही है। खुद भाजपा विधायक और नेता भ्रष्टाचार और लूट के आरोप लगा रहे है। इस सरकार के भ्रष्टाचार ने किसी को नहीं छोड़ा है। महिलाएं, व्यापारी, किसान, नौजवान आम जनता सब त्रस्त हो चुके हैं।

श्री यादव ने कहा कि जनता में भाजपा को लेकर भारी नाराजगी है। भाजपा वोटर लिस्ट में हेराफेरी कर पीडीए का वोट कटवा कर चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने की साजिश करती है। धांधली और षड्यंत्र कर चुनाव जीतना चाहती है।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने गांवों और किसानों की उपेक्षा की। गांवों के लिए कोई काम नहीं किया। समाजवादी सरकार में लोहिया ग्राम योजना के तहत हजारों गांवों में सड़क, पेयजल तथा अन्य सुविधाओं का विकास किया गया था, लेकिन भाजपा ने द्वेष के चलते गांवों के विकास की सभी योजनाओं को बंद कर दिया। विकास कार्यों को रोक दिया।

श्री यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने 2016 में अपने लोकसभा क्षेत्र वाराणसी के नागेपुर गांव को गोद लिया था लेकिन उस गांव का कोई विकास नहीं हुआ। दोबारा उस गांव की सुध भी नहीं ली गई।

श्री अखिलेश यादव ने नेताओं, कार्यकताओं से कहा कि वे सब भाजपा की साजिशों को विफल करने का संकल्प लेकर जायें। बूथ को मजबूत करना है और वोटरलिस्ट पर पूरी नजर रखकर उसे ठीक कराना है। कार्यकर्ता सतर्क रहेंगे तो भाजपा धांधली नहीं कर पाएगी। 2027 का विधानसभा चुनाव हमें हर हालत में राज्य के हित में जीतना है।

**खोया-पाया/सूचना**

**मै आदेश कुमार प्रजापति पुत्र श्री इतवारी लाल निवासी राजीव विहार कालोनी ग्राम-खोडा, परगना लोनी, तहसील व जिला-गाजियाबाद, मैरी रजिस्ट्री 50 वर्ग गज जिसका खसरा न. 513 जिसका जिल्द न.1, बही न. 1089ए पृण संख्या 52/56, डाक्यूमेंट नं. 2485,दिनांक (06. 03. 2003)वास्तव मे कही खो गयी है। तलाश करने पर भी कही नही मिली।**

# हर्ष ईएनटी हॉस्पिटल के अध्यक्ष डॉ बृजपाल त्यागी नें सर्दी से बचाव के लिए दिए जरुरी टिप्स, बढ़ते पॉल्यूशन को देखते हुए जनता से अपील अपनी सेहत का रखे ख्याल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** सर्दियों का मौसम अपने साथ ठंडी और सर्द हवाओं से सर्दी बहुत बढ़ रही है, लेकिन यह मौसम नाक, कान और गले से जुड़ी बीमारियों का खतरा भी बढ़ा देता है। हर्ष ईएनटी अस्पताल के चेयरमैन, डॉ. बी.पी.एस. त्यागी ने सर्दी में इन अंगों की सेहत को बनाए रखने के लिए कुछ खास सावधानियों की सलाह दी है। नाक की देखभाल के लिए सुझाव नाक को सूखा और साफ रखेंः ठंड में नाक के अंदरूनी हिस्से में सूखापन और क्रस्ट बनना आम समस्या है। इसके लिए दिन में दो बार गुनगुने पानी से नाक को साफ करें और नेसल स्प्रे का उपयोग करें।सर्दी-जुकाम से बचावः सर्दियों में वायरल संक्रमण का खतरा ज्यादा होता है। ठंडी चीजों के सेवन से बचें और भीड़-भाड़ वाली जगहों पर मास्क पहनें। गरम हवा से बचावः हीटर का ज्यादा उपयोग न करें, क्योंकि यह नाक की नमी को कम कर सकता है। मिडिफायर का इस्तेमाल करें' कान की देखभाल के लिए सुझाव ठंड से कान ढककर रखेंः बाहर जाते समय मफलर या कैप का उपयोग करें ताकि ठंडी हवाएं कान में प्रवेश न करें। कान में खुजली या दर्द से बचेंः कान में कोई भी नुकीली चीज डालने से बचें और यदि दर्द हो तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। पानी से बचावः कान में ठंडा पानी न जाए, खासकर नहाने के,दौरान। गले की सेहत के लिए सुझाव- गर्म पेय का सेवन करेंः सर्दी के दिनों में गुनगुना पानी, हर्बल चाय या सूप पीना गले के लिए फायदेमंद होता है। तला-भुना खाने से बचेंः यह गले में सूजन और इफेक्शन को बढ़ा सकता है। गरारे करेंः गुनगुने पानी में नमक डालकर गरारे करने से गले की सूजन और खराश से राहत मिलती है। अन्य जरूरी सावधानियांठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़े पहने इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए पौष्टिक आहार का सेवन करें, जैसे फल, सब्जियां, और अदरक व हल्दी से युक्त खाद्य पदार्थ किसी भी प्रकार की समस्या होने पर घरेलू उपचार की जगह अपने विशेषज्ञ डॉक्टर से संपर्क करें। डॉ. बी.पी.एस. त्यागी का कहना है कि ठंड के मौसम में थोड़ी सी सावधानी बरतकर हम नाक, कान और गले की बीमारियों से बच सकते हैं। बेहतर सेहत के लिए जागरूक रहना और सही समय पर इलाज कराना बेहद जरूरी है।

**बेहतर सेहत के लिए रहे सर्दी से बचे अगर सेहत बिगड़ती है तो सही समय पर इलाज कराना बेहद जरूरी और अपने डॉक्टर से ले सलाह**



# आरडब्ल्यूए राजनगर द्वारा शरद महोत्सव का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** आरडब्ल्यूए राजनगर द्वारा शरद महोत्सव का आयोजन किया गया। आईएमए भवन राजनगर में हुए समारोह का मुख्य आकर्षण रंगारंग कार्यक्रम रहे। कत्थक सम्राट बिरजू महाराज के शिष्य अभिनव का नृत्य, महिलाओं के ग्रुप डाँस, रैम्प वॉक स्कूल के बच्चों की प्रस्तुति व दिव्यांग बच्चों के देश भक्ति गीतों की सभी ने सराहना की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनएचएआई के चेयरमैन संतोष यादव, विशिष्ट अतिथि राज्य सभा के सदस्य अनिल अग्रवाल, शहर विधायक संजीव शर्मा, एमएलसी दिनेश गोयल, पार्षद प्रवीण चौधरी, पार्षद अजय शर्मा व भारतीय योग संस्थान के देवेंद्र हितकारी रहे। संस्था के अध्यक्ष डी के गोयल व दीपक कांत गुप्ता ने सभी का स्वागत किया।
अमरीश त्यागी, प्रभाकर त्यागी, विनीत शर्मा, ओम प्रकाश भोला, सौरभ गर्ग, गोल्डी सहगल, सिमरन रंधावा, सुनील दत्त शर्मा, पंकज भारद्वाज आदि भी मौजूद रहे।

# निगम के अधिकारी निगम की आय बढ़ाने को जनता को किस तरह लूटा जाए हमेशा इस दिशा में प्रयास

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** निगम क्षेत्र की सीमाओं में लगने वाले अवैध साप्ताहिक बाजरो की तरफ महीने में करोड़ो रुपए की होने वाली अवैध उगाही की तरफ किसी का ध्यान नही इन बाजारो में सैकड़ो क्विंटल पॉलीथिन का इस्तेमाल होता है आज तक किसी बाजार में किसी भी जोनल प्रभारी ने कोई अभियान नही चलाया है सभी ठिया लगाने वाले दुकानदार सड़को पर सरिये गाढ़ कर सड़को को क्षतिग्रस्त कर देते है किसी पर कोई कार्यवाही नही सबसे बड़ी बात पूरे ४स्त्र में किसी भी क्षेत्र में साप्ताहिक बाजार लगाने की कोई अनुमति नही है और सड़कों पर अतिक्रमण न हो इसके लिए योगीजी पुलिस और निगम अधिकारियों को कड़े निर्देश दे चुके है पर अधिकारियों के कान पर कोई जू तक नही रेंगती इस बाजरो के माध्यम से मेज माफिया



बाजारों के ठेकेदार सब लाखो रुपये की अवैध उगाही करते है और दबी जुबान में साप्ताहिक बाजारो के दुकानदार बताते है कि इन बाजारों में ठियो की कीमत 2 लाख तक होती है और 300 से 500 रुपये तक का किराया भी लिया जाता है 70 रुपये एक मेज का किराया होता है और एक बाजार में 4 ट्रैक्टरों में भरकर 1500 से 2000 मेजे लगाई जाती है लाइट वाले एक लाइट का किराया 30 रुपये लेते है और एक दुकानदार को 4से 5 लाइट लेनी पड़ती है इस अवैध उगाही में किसका कितना हिस्सा होता है ये तो ऊपर वाला ही जाने आप पूरे महीने जी-जान से मेहनत कर एड़ी-चोटी का जोर लगा कर,रात-दिन पसीना बहा कर भी इसका चौथाई हिस्सा भी नहीं कमा सकते,जितना गाजियाबाद साप्ताहिक बाजारों के माध्यम से मेज-माफिया व संबन्धित अधिकारी कमा लेते हैं'आंकड़े सुनकर शायद आपको विश्वास न आ रहा हो पर सच्चाई इससे भी कही ज्यादा है।

# दिल्ली चुनाव में दिखेगी मंत्री नरेंद्र कश्यप की मेहनत शीर्ष नेतृत्व ने बवाना में दी है महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप उत्तर प्रदेश केविधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनावो में स्टार प्रचारक की भूमिका निभा चुके हैं। तो वहीं अब वह दिल्ली में होने वाले विधानसभा उपचुनाव के लिए भी शीर्ष नेतृत्व द्वारा सोंपी गई जिम्मेदारी को निभाने के लिए चुनावी मैदान में आ गए हैं। सोमवार को राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार नरेंद्र कश्यप जिला उत्तर पश्चिम विधानसभा बवाना में पहुंचे थे। यहां पार्टी द्वारा उनको जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसको पूरा करने के लिए वह जुट गए हैं। जय भगवान यादव पार्षद के कार्यालय पर चुनावी बैठक समीक्षा व आगामी कार्यक्रमों को लेकर उन्होंने विस्तार से यहां रणनीति बनाई है। दिल्ली की जनता प्रधानमंत्री मोदी के साथ : नरेंद्र कश्यप उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि दिल्ली की जनता हमेशा से नरेंद्र मोदी के साथ है और इस बार दिल्ली की जनता मन बन चुकी है कि विधानसभा चुनाव में भी कमल के फूल को खिलाना है। उन्होंने कहा है कि केजरीवाल द्वारा जिस तरीके से पीछे 10 सालों में दिल्ली का कोई भी विकास कार्य नहीं कराया गया है। तो वही दिल्ली सरकार का आगामी सरकार चलाने को लेकर कोई एजेंडा नहीं है। वहीं उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन बहुत व्यापक और स्पष्ट है। दिल्ली में इस बार आएगी भाजपा सरकार उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप दिल्ली में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए शीर्ष नेतृत्व द्वारा दी गई जिम्मेदारियां को निभाने के लिए चुनावी मैदान में आ गए हैं। उन्होंने कहा है कि वह अपने स्तर से कोई कमी नहीं छोड़ेंगे ताकि दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बने। उन्होंने कहा है कि देश की जनता जिस तरीके से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भरोसा रखती है, उसकी नजारा इस बार दिल्ली विधानसभा चुनाव में भी देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा है आम आदमी पार्टी, कांग्रेस और अन्य दल केवल जनता के साथ विश्वास घात और धोखा कर रहे हैं। चुनावी घोषणा से पहले ही भाजपा दिल्ली में हुई एक्टिव



उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि भले अभी दिल्ली में चुनाव की घोषणा होना शेष है पर तारीख के ऐलान होने से पहले ही भारतीय जनता पार्टी के सांसद, विधायक , मंत्री और केंद्रीय स्तर के नेताओं ने जमीनी स्तर पर अपना काम करना शुरू कर दिया है। जिसका लाभ चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को अवश्य मिलेगा।

# गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाशोत्सव में विवेक बंसल ने की शिरकत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ।** देहली गेट स्थित गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाशोत्सव के अवसर पर हो रहे समारोह में भाग लेने के लिए आज हरियाणा प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रभारी विवेक बंसल पहुंचे । कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर गुरुद्वारा कमेटी के पदाधिकारियों ने विवेक बंसल का स्वागत किया उसके पश्चात विवेक बंसल ने गुरबाणी का श्रवण किया है और सिख समाज के लोगों बधाई दी । इस अवसर पर उपस्थित लोगों में



सरदार गोविंद राम, भगवान सिंह, सुरेश बागड़ी, सुभाष बागड़ी, जगविंदर जग्गी, राजकुमार बबलू पहाड़िया, सुरेश, जवाहर, हरवंश, सुनील, ललित, वीर बड़गुजर, मनीष बड़गुजर, नितिन सक्सैना, बबलू बड़गुजर आदि थे ।

# कांग्रेस पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अश्वनी त्रिपाठी ने कांग्रेस की सदस्यता ली

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की नीतियों एवं उसकी समावेशी विचाराधार में आस्था जताते हुए तथा जननायक राहुल गांधी द्वारा देश एवं संविधान की रक्षा के लिए सड़क से लेकर सदन तक किये जा रहे संघर्षों से प्रेरित होकर जनपद कानपुर निवासी एवं इलाहाबाद हाईकोर्ट में वरिष्ठ अधिकवक्ता अश्वनी त्रिपाठी ने अपने समर्थकों के साथ आज यहां प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के ज्वाईनिंग प्रभारी नितिन शर्मा के समक्ष कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, ने एडवोकेट अश्विनी त्रिपाठी के गले में कांग्रेस तिरंगा पट्टिका पहनाकर पार्टी का सदस्यता कार्ड देकर उन्हें विधिवत रूप से पार्टी में शामिल कराया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग के चेयरमैन, पूर्व मंत्री डॉ0 सी0पी0 राय, वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता डॉ0 अलीमुल्लाह खान, विजय पाण्डेय, डॉ0 अमित कुमार राय आदि मौजूद रहे।



# कमरुद्दीन सैफी समाजवादी पार्टी मजदूर सभा के प्रदेश सचिव मनोनित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लोनी।** भारतीय सैफी समाज यूथ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता कमरुद्दीन सैफी को अखिलेश यादव की स्वीकृति से समाजवादी पार्टी मजदूर सभा के प्रदेश अध्यक्ष धानीराम "श्रमिक" द्वारा उत्तर प्रदेश का प्रदेश सचिव मनोनित किया। समाजवादी पार्टी लोनी के कार्यकर्ताओ में खुशी की लहर। साथियों ने मिठाई खिलाकर मुबारकबाद देते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया।



# प्रदेश के मुख्य कर-करेत्तर राजस्व वाले मदों में वित्तीय वर्ष 2024-25 के दिसम्बर माह में कुल 17605.32 करोड़ रू0 का राजस्व प्राप्त दिसम्बर, 2023 के सापेक्ष दिसम्बर, 2024 में 977.14 करोड़ रू0 की वृद्धि

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि प्रदेश के मुख्य कर-करेत्तर राजस्व वाले मदों में वित्तीय वर्ष 2024-25 के दिसम्बर माह में कुल 17605.32 करोड़ रू0 का राजस्व प्राप्त हुआ, जबकि वित्तीय वर्ष 2023-24 के दिसम्बर माह में 16628.18 करोड़ रू0 का राजस्व प्राप्त हुआ था। इस प्रकार वित्तीय वर्ष 2024-25 के दिसम्बर माह में गत वर्ष के इसी अवधि की तुलना में 977.14 करोड़ रू0 राजस्व अधिक प्राप्त हुआ है।
श्री खन्ना ने बताया कि कर राजस्व के अंतर्गत जी०एस०टी० मद के अन्तर्गत माह दिसम्बर, 2024 में कुल 6342.68 करोड़ रू0 की राजस्व प्राप्ति हुई, जबकि गत वर्ष इसी माह में प्राप्ति 6239.81 करोड़ रू0 रही थी। वैट के अन्तर्गत माह दिसम्बर, 2024 में 3105.91 करोड़ रू0 की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि गत वर्ष माह दिसम्बर, 2023 में प्राप्ति 2861.37 करोड़ रू0 रही थी।
वित्त मंत्री ने बताया कि आबकारी के अन्तर्गत माह दिसम्बर, 2024 में कुल 4141.75 करोड़ रू0 की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि गत वर्ष इसी माह में प्राप्ति 3776.32 करोड़ रू0 रही थी। स्टाम्प तथा निबन्धन के अन्तर्गत माह दिसम्बर, 2024 की राजस्व प्राप्ति 2784.94 करोड़ रू0 है जबकि गत वर्ष माह दिसम्बर, 2023 में प्राप्ति 2445.51 करोड़ रू0 रही थी। परिवहन के अन्तर्गत माह दिसम्बर, 2024 की राजस्व प्राप्ति 805.84 करोड़ रू0 है जबकि गत वर्ष इसी माह में प्राप्ति 910.05 रू0 करोड़ रही थी। उन्होंने बताया कि कैरेक्टर राजस्व की प्रमुख मद भू-तत्व तथा खनिकर्म के अन्तर्गत माह दिसम्बर, 2024 में प्राप्ति 424.18 करोड़ रू0 है, जबकि गत वर्ष इसी माह में प्राप्ति 395.12 करोड़ रू0 रही थी।
वित्त मंत्री ने बताया कि राज्य कर के अंतर्गत जीएसटी एवं वैट मद में वित्तीय वर्ष 2024-25 के दिसम्बर माह तक 84030.61 करोड रुपए की प्राप्ति हुई है, जो माह दिसम्बर तक निर्धारित लक्ष्य का 53.50 प्रतिशत है। आबकारी मद में माह दिसम्बर तक 34545.03 करोड रुपए की प्राप्ति हुई है, जो निर्धारित लक्ष्य का 59.20 प्रतिशत है। इसी प्रकार स्टांप तथा निबंधन मद में दिसम्बर 2024 तक 22772.05 करोड रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है जो इस अवधि के निर्धारित लक्ष्य का 63.90 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि परिवहन मद में माह दिसम्बर 2024 तक 8335.57 करोड रुपए की राजस्व प्राप्ति हुई है जो इस अवधि तक निर्धारित लक्ष्य का 67.10 प्रतिशत है।

# जागरूकता ही साइबर अपराध को रोकने के लिए सबसे बड़ी सावधानीः थाना प्रभारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बहसूमा।** दिनों दिन साइबर ठगों के जाल में लोग फंसते जा रहे हैं।ऐसे में साइबर ठगों से बचाव के लिए जागरुकता ही सबसे बड़ी सावधानी है। इसलिए स्वयं जागरूक हो और दूसरों को भी जागरूक करें। यह बात थाना प्रभारी इंदु वर्मा ने नागरिकों व ग्रामीणों को पत्रकारों के द्वारा जानकारी देते हुए कही। साइबर जागरूकता अभियान के तहत थाना प्रभारी इंदु वर्मा के द्वारा पुलिस टीम के साथ नगर में मुख्य तिराहों, चौराहों के साथ शैक्षणिक संस्थाओं के तहत कोचिंग सेंटरों में पहुंचकर छात्र छात्राओं व नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है। थाना प्रभारी ने इंदु वर्मा ने बताया कि साइबर अपराध में ठगी करने वाले बदमाश वर्तमान परिवेश में पैसों की ठगी, ब्लैकमेलिंग करने के अपराध में विभिन्न तरीके खोजकर आम लोगों को अपना शिकार बनाते हैं ।इससे बचने के लिए हम लोगों की सतर्कता ही आपकी ढाल बन सकती है साइबर अपराधों की प्रवृत्ति से जागरूक होकर सुरक्षित रह सकते हैं उन्होंने कहा कि इस तरह के फ्रॉड से और साइबर अपराधों से बचने के लिए स्वयं जागरूक रहें और अपने आस पड़ोस में रहने वाले लोगों को भी जागरूक करना हम सभी की जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि अधिकतर लोग जानकारी के अभाव में अपनी बैंकों में जमा पूंजी इन्ही साइबर अपराधियों के जरिए गंवा रहे हैं उन्होंने कहा कि कभी भी पुलिस या कोई अन्य सुरक्षा एजेंसी डिजिटल अरेस्ट नहीं करती है साइबर अपराधी भोले वाले लोगों को इसी का डर दिखाकर उनके खाते से रुपया ट्रांसफर करवा लेते हैं जबकि किसी तरह का पुलिस द्वारा डिजिटल अरेस्ट नहीं किया जाता है उन्होंने कहा कि अगर ऐसे में किसी का कॉल आए तो तुरंत पुलिस को सूचना दे।



थाना प्रभारी ने कहा इस तरह बचे साइबर ठगी से
1.अज्ञात व्यक्ति द्वारा ओटीपी मांगे जाने पर ओटीपी कभी न दें।
2.स्वयं के एटीएम कार्ड की गोपनीयता बनाए रखें।
3.अनजान व्यक्ति के विडियो कॉल रिसीव न करें।
4 ऑनलाइन खरीदीं बिक्री पर सावधानी रखें।
5 ऑनलाइन दिखने वाले लुभावने ऑफर पर सावधानी रखें।
6.लोन एप्स,जाब, ओएलएक्स फ्रॉड आदि से सावधानियां रखें।
7.क्रेडिट कार्ड -डेबिट कार्ड के प्रयोग में सावधानियां रखें।
8.सिम एक्टीवेशन के नाम पर फर्जी कॉल से सावधानी के संबंध में चर्चा कर जागरूक रहना चाहिए। जिससे कि साइबर अपराधी ठगी, ब्लैकमेलिंग का शिकार न बना पाएं।
9.अगर कोई धोखाधड़ी हो जाती है तो तत्काल साइबर हैल्प लाइन नंबर 1930 पर सूचना दें।
10.उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में आप कहीं ऐसी जगह है जहां होटल या सार्वजनिक स्थल पर गए हैं तो वहां अपना मोबाइल फोन किसी अन्य व्यक्ति के पास न रखें वह व्यक्ति आपका एप के जरिए आपका संपूर्ण डाटा चोरी कर सकता है।ऐसे में सावधान और जागरूक रहना आवश्यक है।

**महाकुंभ मेला**

## किसानों और पशुपालकों को उनके बकाया दुग्ध मूल्य का भुगतान 15 जनवरी तक किया जाए : धर्मपाल सिंह

# महाकुंभ मेला 2025 में पराग के 50 स्टाल लगाए जाएंगे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ (लेखराम मौर्य)।** उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि महाकुंभ मेला 2025 में पराग के 50 स्टाल लगाए जाएं और उत्पादों में गुणवत्ता का पूर्ण ध्यान रखा जाए। महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं को पराग के शुद्ध, स्वादिष्ट और पौष्टिक दुग्ध उत्पादों जैसे दूध, दही, लड्डू, मक्खन आदि की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। श्री सिंह ने कहा कि पराग के उत्पादों की विपणन व्यवस्था और मजबूत की जाए। मार्केटिंग पर और फोकस किया जाए।
पशुधन मंत्री ने ये निर्देश आज यहां विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए दिए। श्री सिंह ने कहा कि किसानों, पशुपालकों को बकाया दुग्ध मूल्य भुगतान नियमित रूप से किया जाए और 15 जनवरी, 2025 तक सभी बकाये का भुगतान किया जाए। श्री सिंह ने दुग्ध संघ बस्ती, वाराणसी, मथुरा एवं झांसी का दुग्ध मूल्य भुगतान शत-प्रतिशत किये जाने पर संतोष व्यक्त करते हुए अन्य दुग्ध संघो को शीघ्र ही पूर्ण भुगतान कराये जाने के निर्देश दिये।
दुग्ध विकास मंत्री ने वर्तमान वित्तीय वर्ष में प्राविधानित, अवमुक्त, उपयोगित धनराशि, गठन/पुर्नगठन के सापेक्ष संचालित दुग्ध समितियां, दुग्ध समितियों के भ्रमण, डेयरी प्लांट की उपयोगिता क्षमता, दुग्ध उपार्जन, तरल दुग्ध बिक्री बकाया, दुग्ध मूल्य भुगतान की स्थिति आदि बिन्दुओं की गहन समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में कुल 18,108 निबंधित समितियों के सापेक्ष 7561 समितियां कार्यरत हैं। जिला योजना अंतर्गत 220 दुग्ध समितियों के गठन एवं 450 दुग्ध समितियों का पुर्नगठन लक्ष्य निर्धारित। 216 समिति गठित एवं 444 समिति पुर्नगठित की गयी हैं। औसत दुग्ध उपार्जन प्रतिदिन 3.28 एलकेजीपीडी रहा। औसत तरल दुग्ध बिक्रय प्रतिदिन 1.85 एलएलपीडी रहा। प्रत्येक दुग्ध संघ द्वारा दुग्ध समितियों का भ्रमण एवं अनुश्रवण किया गया, जिसमें 27 अगस्त से 31 दिसम्बर, 2024 तक 1946 कार्यरत एवं 947 अकार्यरत दुग्ध समितियों में भ्रमण कार्य किया गया।



श्री सिंह ने कहा कि नन्द बाबा एवं गोकुल पुरस्कार के वित्तीय वर्ष 2023-24 के लाभार्थियों की चयन सूची तैयार कर उन्हें पुरस्कृत करने की कार्यवाही शीघ्र पूरी की जाए। दुग्ध विकास मंत्री ने कानपुर, गोरखपुर और कन्नौज डेयरी प्लांट का संचालन एनडीडीबी को दिये जाने के संबंध में हुई प्रगति की भी समीक्षा की और कहा कि जो भी औपचारिकताएं शेष या अपूर्ण हैं, उन्हें शीघ्र पूरा किया जाए। मंत्री जी को अवगत कराया गया कि डेयरी प्लांट के संबंध में एनडीडीबी के साथ कार्यवाही तीव्र गति से चल रही है और ड्राफ्ट एमओयू भी प्रेषित कर दिया गया है। बैठक में दुग्ध विकास विभाग के प्रमुख सचिव के0 रवीन्द्र नायक ने मंत्री को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनसे प्राप्त दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को समितियों की संख्या बढ़ाये जाने के संबंध में तत्परता से कार्य किये जाने के निर्देश दिये। प्रमुख सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि बकाया दुग्ध मूल्य भुगतान के संबंध में किसी भी स्तर पर लापरवाही या उदासीनता न बरती जाए और किसानों एवं पशुपालकों को भुगतान निर्धारित अवधि के भीतर ही किया जाए।
बैठक में पीसीडीएफ के प्रबंध निदेशक श्री आनंद कुमार सिंह सहित दुग्ध विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# युवा गायक को किया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** उद्योग व्यापार मंडल के जिला सम्मानित किया साथी उन्होंने अपने प्रतिष्ठान पर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की विशाल नारायण शर्मा को यह सम्मान स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एंबेसडर के रूप में नाम चयन होने पर दिया।




अध्यक्ष मास्टर ओमप्रकाश जी ने युवा गायक विशाल नारायण शर्मा को बुके देकर

# अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश लेने को 40 बच्चों ने करा आवेदन: सर्वेश कुमारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

- प्रवेश लेने के लिए आगामी 2 फरवरी को होगी प्रवेश परीक्षा
- कक्षा-6 में 140 व कक्षा-9 में भी 140 बच्चों को मिलेगा प्रवेश
- जिले चारों ब्लाक व एएलसी कार्यालय से आवेदन पत्र निःशुल्क प्राप्त करें
- आगामी 15 जनवरी आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि
- निर्माण श्रमिक,निराश्रित,सीएम बाल सेवा योजना के पात्र बच्चे कर सकते है आवेदन
- अटल आवासीय विद्यालय में स्मार्ट क्लास की सुविधा उपलब्ध है:एएलसी

**हापुड़।** अटल आवासीय विद्यालय कौन्दू बुलन्दशहर के शैक्षिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षा-6 व कक्षा-9 के प्रवेश परीक्षा आगामी 2 फरवरी को होगी। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि आगामी 15 जनवरी है। प्रवेश लेने के इच्छुक बच्चे शीघ्र आवेदन करें। उक्त विद्यालय में केवल पंजीकृत निर्माण श्रमिक,कोविड काल में निराश्रित हुए बच्चे,महिला कल्याण विभाग लखनऊ से प्राप्त सूची के आधार पर व मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के पात्र बच्चे ही आवेदन कर सकते है। सहायक श्रमायुक्त सर्वेश कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश भवन एवं सन्निर्माण कर्मचारी बोर्ड के तहत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चे,कोविड काल में निराश्रित हुए बच्चे,महिलाकल्याण विभाग लखनऊ से प्राप्त सूची के आधार व मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के लिए पात्र बच्चों को सामाजिक न्याय की अवधारणा के लिए मुख्य धारा से जोडने के लिए मंडल स्तर पर अटल आवासीय विद्यालयों की स्थापना की गयी है।

उन्होंने बताया कि मेरठ मंडल का अटल आवासीय विद्यालय ग्राम कौन्दू तहसील सिकन्द्राबाद जिला बुलन्दशहर में संचालित है। जिसके शैक्षिक सत्र 2023-24 का शुभारंभ 11 सितंबर 2024 को हो चुका है। जिसमें मंडल के सभी जनपदों के कक्षा-6 व कक्षा-9 के छात्र-छात्राएं अध्ययनरत है। अटल आवासीय विद्यालयों का उद्देश्य ऐसे बच्चों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित है,उनको कक्षा छह व कक्षा नौ की उच्च





आधुनिक महत्वपूर्ण निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराना है। एएलसी सर्वेश कुमारी ने बताया कि अटल आवासीय विद्यालय में शैक्षिक सत्र 2025-26 में कक्षा छह व कक्षा नौ में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा आगामी 2 फरवरी को होने जा रही है। कक्षा छह में प्रवेश लेने के लिए जन्म 01-5.2013 से पहले और 31.7.2015 के बाद नहीं होनी चाहिए। कक्षा नौ में प्रवेश लेने के लिए जन्म 1.5.2010 से पहले और 31.7.2012 के बाद नहीं होनी चाहिए। प्रवेश लेने के इच्छुक निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त करने के लिए अपर,उप,सहायक श्रमायुक्त कार्यालयों से सम्पर्क कर सकते है।

उन्होंने बताया कि अटल आवासीय विद्यालय सीबीएसई बोर्ड से सम्बन्ध है। जिनमें बच्चों को छात्रावास की सुविधा के साथ-साथ खान पान, खेलकूद, चिकित्सा, यूनिफार्म, किताबें, स्टेशनरी व दैनिक उपयोग की सभी सामग्रियां निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती है। छात्र-छात्राओं को गुणवत्ता की उच्च आधुनिक शिक्षा प्राप्त कराने के लिए कम्प्यूटर लैब,मैथ लैब,साइंस लैब व शैक्षणिक भवन में स्मार्ट क्लास आदि की सुविधा भी उपलब्ध है।

एएलसी ने बताया कि कक्षा छह में 140 व कक्षा नौ में 140 बच्चों को प्रवेश मिलेगा। जिसके लिए आगामी 15 जनवरी तक आवेदन पत्र जमा किये जा सकते है। 2 फरवरी को प्रवेश परीक्षा व 15 फरवरी को परीक्षा परिणाम घोषित होगा। जनपद हापुड़ से अभी तक 40 बच्चों ने आवेदन किया है। आवेदन पत्र जिले के चारों ब्लाक व सहायक श्रमायुक्त कार्यालय ये निःशुल्क प्राप्त कर सकते है।

# श्रीकृष्ण जन्म एवं नंदोत्सव पर जमकर झूमे श्रद्धालु,मनाई जन्माष्टमी, गोवर्धन पूजा व छप्पन भोग का आयोजन किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** नगर के जवाहर गंज में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के श्रीकृष्ण जन्म एवं नंदोत्सव,गोवर्धन पूजा व छप्पन भोग का भी आयोजन किया।

**अहंकार बुद्धि और ज्ञान का हरण कर लेता है:डॉ शैल बिहारी**

जिसमें श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य कर खुशी व उत्सव मनाया। श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करने के लिए प्रतिदिन लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है।

श्रीधाम वृन्दावन के प्रमुख व कथा वाचक श्रद्धेय डॉ शैल बिहारी दास जी महाराज द्वारा कथा में वामन अवतार, श्रीकृष्ण जन्म की कथा एवं नंदोत्सव का वर्णन किया गया। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को अहंकार नहीं करना चाहिए, अहंकार बुद्धि और ज्ञान का हरण कर लेता है। अहंकार ही मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है। श्रीकृष्ण जन्म की कथा का वर्णन करते हुए महाराज ने बताया कि कंस की कारागार में वासुदेव-देवकी के भादो मास की अष्टमी को रोहिणी नक्षत्र में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। उनका लालन-पालन नंदबाबा के घर में हुआ था। इसलिए नंदगांव में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। श्रीकृष्ण ने अत्याचारी कंस का वध करके पृथ्वी को अत्याचार से मुक्त किया और अपने





माता-पिता को कारागार से छुड़वाया। कृष्ण जन्म की खुशी में कथा स्थल को विशेष रूप से सजाकर माखन मिश्री का प्रसाद वितरण किया गया तथा भक्तों ने नृत्य कर नंदोत्सव मनाया।

कार्यक्रम के यजमान अमित अग्रवाल व डॉ.सुमन अग्रवाल सपरिवार थे। यूपी राज्य सफाईकर्मी आयोग के सदस्य मनोज बाल्मीकि ने कथा स्थल पर पहुंचकर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंच का संचालन डॉ.राकेश अग्रवाल ने किया। इस मौके पर यशी बंसल,पूर्व सभासद चन्द्र प्रकाश ठठेरे,आचार्य अतुल पांडेय,आचार्य अनुज मिश्रा, आकाश पांडेय,अलका कौशिक, भावना अग्रवाल,डॉ सुमन अग्रवाल, विशाल अग्रवाल एडवोकेट, रीना अग्रवाल,सरिता गुप्ता, करन सेठी, संजीव, बिट्टू, यर्थाथ, वैभव, नेहुल, प्रतिष्ठा आदि मौजूद थे।

# 10 जनवरी को छिजारसी पिलखुवा टोल का करेंगे घेराव : किसान सभा

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**पिलखुवा ( गजेन्द्र राठी)।** अखिल भारतीय किसान सभा के नेतृत्व में 10 जनवरी को छिजारसी टोल का घेराव कर टोल को पूरी तरह फ्री कर अनिश्चित कालीन धरना टोल के बूथों पर बैठ कर शुरू किया जायेगा।हापुड़ के जिलाध्यक्ष टीकम नागर ने बताया कि टोलकर्मी किसानों के साथ अभद्र व्यवहार कर रहे हैं था किसानों की गाड़ियों के आवागमन में दिक्कत कर उनसे टोल वसूली की मांग कर रहे है जबकि पूर्व में किसानों से टोल टैक्स नहीं वसूलने व किसनों की गाड़ियों के फ्री आवागमन की बात तय हुई थी जो अब तक चली आ रही थी लेकिन अब फिर से किसानों को परेशान किया जा रहा है जिसके चलते किसनों में काफी रोष है और 10 जनवरी से किसान भारी संख्या में इखट्टा होकर टोल का घेराव कर अनिश्चित कालीन धरना टोल पर ही शुरू करेंगे।

किसान सभा नेता डॉ रुपेश वर्मा ने कहा कि किसानों से टोल वसूली नहीं होने देंगे किसी भी कीमत पर किसानों का शोषण बर्दास्त नहीं करेंगे रोड से लेकर जेल तक किसानों का ये संघर्ष आर पार का संघर्ष होगा!

पूर्व जिलापंचायत डॉ बबली गुर्जर ने कहा कि किसानों के संघर्ष में हम पूरी टीम के साथ प्रदर्शन में शामिल हो कर किसानों को न्याय दिलाने का काम करेंगे।इस मौके पर किसान नेता वीरसिंह नागर,गबरी मुखिया,राजकुमार प्रधान,नितिन प्रधान,सुरेन्द्र चौधरी, विनीत नागर, सोनू प्रधान,अजबसिंह नेताजी,शुशांत भाटी,प्रशांत भाटी,मोहित नागर,अजयपाल नेताजी,सतीश यादव,राहुल गुर्जर, महेंद्र प्रधान,धर्मवीर प्रधान, वीरेंद्र सिंह,निशांत रावल,प्रिंस प्रधान, अमरपाल महाशय,जितेंद्र आदि मौजूद थे !

## अब मेडिकल में आधुनिक मशीनों से होगी कैंसर-जबड़े की सर्जरी

**अलीगढ़।** जेएन मेडिकल कॉलेज की प्राचार्या प्रो. वीणा माहेश्वरी ने कहा कि मशीनों को खरीदने के लिए एचईएफ एजेंसी को पत्र भेजा जा चुका है। बेहतर इलाज के लिए और कई मशीनें मंगाने पर बातचीत चल रही है। एएमयू के जेएन मेडिकल कॉलेज में जल्द ही कई आधुनिक जांच मशीनें आने वाली हैं। इसके लिए मेडिकल प्रशासन ने प्रक्रिया तेज कर दी है। इन मशीनों से कैंसर और जबड़े की सर्जरी होगी। इसके लिए यूनिवर्सिटी प्रशासन और हायर एजुकेशन फाइनेंस एजेंसी (एचईएफ) को पत्र भेजा गया है।

## बाइक की टक्कर से साइकिल सवार बुजुर्ग व्यक्ति की मौत

**अलीगढ़।** थाना सासनी गेट क्षेत्र के आगरा रोड पर बाइक सवार ने साइकिल सवार एक बुजुर्ग व्यक्ति को टक्कर मार दी। घटना में साइकिल सवार बुजुर्ग व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। सुरेंद्रनगर निवासी 72 वर्षीय ओम प्रकाश गुप्ता साइकिल पर सवार होकर निजी अस्पताल में भर्ती अपनी रिश्तेदार (महिला) को देखने गए थे। आगरा रोड पर बाइक सवार ने साइकिल को जोरदार टक्कर मार दी जिसके चलते ओम प्रकाश की मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी बाइक सवार को अरेस्ट कर लिया है और अग्रिम कार्रवाई जारी है।

## व्यापार मंडल रेडियो मार्केट ने मनाया नववर्ष

**अलीगढ़।** उद्योग युवा व्यापार मंडल रेडियो मार्केट मामू भांजा ने होटल आभा रेजिडेंसी पर नववर्ष कार्यक्रम का आयोजन किया। मुख्य सलाहकार शारदा प्रसाद शर्मा ने दीप प्रज्वलित किया और सभी व्यापार मंडल के पदाधिकारी ने गणेश वंदना के साथ नव वर्ष का शुभारंभ किया और व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने गायत्री मंत्र का जाप किया व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजेश गर्ग ने कहा कि नव वर्ष का यह साल सभी व्यापारों के लिए मंगल में हो मार्केट के व्यापारियों ने मधुर गीतों पर नृत्य किया और व्यापारियों ने सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं दी।

# एचपीडीए कार्यालय पर पीड़ित किसान का अनशन शुरू

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण कार्यालय पर पीड़ित किसान ने विभिन्न मांगों को लेकर मंगलवार से अनशन शुरू कर दिया है। जो कि मांगें पूरी होने पर समाप्त होगा।

- पीड़ित किसान ने विभिन्न मांगों को लेकर कर रहा है,अनशन
- मेरा अनशन मांगें पूरी होने तक जारी रहेगा: नूतन प्रकाश




दिल्ली रोड स्थित ग्राम चमरी निवासी,अनशन पर बैठे पीड़ित किसान नूतन प्रकाश त्यागी ने बताया कि हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण की आनंद विहार आवासीय योजना में अपर जिलाधिकारी भू-अर्जन गाजियाबाद, एचपीडीए अधिकारियों द्वारा धोखाधड़ी करके योजना से सम्बंधित किसानों की उपजाऊ भूमि को छीनने का कार्य किया है।

पीड़ित किसान ने मांग करते हुए कहा कि उक्त प्रकरण की सीबीआई जांच कराकर दोषी अधिकारियों को जेल भेजने की कार्यवाही होनी चाहिए। जब तक शासन उनकी मांगों को पूर्ण नहीं करेगा,उनका अनशन जारी रहेगा।

पीड़ित किसान नूतन प्रकाश त्यागी के अनशन का ओम प्रकाश, देवराज आहुजा,रजनीश त्यागी, अजय त्यागी, रहीसुद्दीन, निजाम, विक्की, अंश त्यसगी, दानिश, हाफिज, सरदार गुरमीत सिंह, शिवा त्यागी आदि ने समर्थन किया।

**बोर्ड परीक्षा**

## यूपी बोर्ड परीक्षा में सफलता हेतु सूत्रों का पालन करें : उपकार दत्त

# विद्यार्थी के जीवन में हाईस्कूल के परिणाम का विशेष महत्व: विजय गर्ग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड उत्तर प्रदेश की वर्ष 2025 की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा आगामी 24 फरवरी से शुरू होने जा रही है। जिसमें जनपद के 114 कालेजों के 28524 छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। हाईस्कूल की परीक्षा का

- बोर्ड परीक्षा की तैयारी एकांत में करनी चाहिए डा.सुमन
- सुबह के समय पढ़ाई करना सबसे अच्छा:दीपा तोमर
- आगामी 24 फरवरी से शुरू होने जा रही यूपी बोर्ड परीक्षा

परिणाम छात्र-छात्राओं के जीवन में विशेष महत्व रखता है। क्योंकि इससे स्टूडेंट्स अपने भविष्य का निर्माण कर सकते है। हाईस्कूल का परिणाम विद्यार्थियों को पढ़ाई में रुचि उत्पन्न करता है। प्रस्तुति-जनार्दन सैनी

**स्टूडेंट्स पुराने प्रश्न पत्रों को हल करके जरूर देखे**

आदर्श इंटर कालेज के प्रधानाचार्य उपकार दत्त शर्मा ने बताया कि बोर्ड परीक्षा सफलता प्राप्त करने के लिए पूर्व की बोर्ड परीक्षा में आये प्रश्न पत्रों को निर्धारित समय में हल करके अवश्य देखे। इससे परीक्षार्थी को यह अनुभव हो जायेगा,कि प्रश्न पत्र में किस प्रकार के प्रश्नों के उत्तर पूछे जाते है। प्रत्येक पाठ को सावधानी से तैयार कर दोहराते रहे। एक घंटा पढ़ाई करने के बाद 5 मिनट आराम करें।

**बोर्ड परीक्षा की तैयारी एकांत में करें:डा.सुमन**

शिक्षिका,वरिष्ठ पत्रकार डा.सुमन अग्रवाल ने कहा कि बोर्ड परीक्षा में निश्चित सफलता के लिए एकांत में तैयारी करें। पढने के स्थान से मनोरंजन के साधन जैसे टीवी,मोबाइल फोन रेडियो आदि को दूर रखे। इनके पास रखने से पढ़ाई में व्यवधान उत्पन्न होगा।

**सफलता के लिए फ्रेंडशिप करना जरूरी**

अगर देखा जायें,तो बोर्ड परीक्षा में सफलता के लिए बुद्धिमान स्टूडेंट्स से मित्रता भी जरूर करनी चाहिए। जिससे एक दूसरे की तैयारी को आपस में सांझा कर सके। इससे आपकी विषय पर पकड़ अधिक मजबूत होगी।

**खान पान का विशेष ध्यान रखे**

बोर्ड परीक्षा की तैयारी में जुटे छात्र-छात्राओं को अपने खान पान भी विशेष ध्यान रखने की जरूरत है। कभी भी अधिक लंबे समय तक पढ़ाई नहीं करनी चाहिए। प्रतिदिन अपनी खुराक को कम करनी चाहिए। शोधकताओं व चिकित्सकों का कहना है,कि कम मात्रा में भोजन आपके दिमाग को सक्रिय व फुतीर्ला बनाता है।


विजय कुमार गर्ग


उपकार दत्त शर्मा


डा.सुमन अग्रवाल


डा.अजय कुमार मित्तल


दीपा तोमर


डा.करुण शर्मा


कुलदीप गर्ग


प्रयोगात्मक परीक्षा की तैयारी करते स्टूडेंट्स(फाइल फोटो )

**सुबह पढ़ाई करना सबसे बेहतर**

जिला समन्वयक समग्र शिक्षा माध्यमिक विभाग दीपा तोमर का कहना है,कि परीक्षार्थियों द्वारा अधिक देर तक पढ़ाई करना स्वास्थ्य के हानिकारक हो सकता है। क्योंकि देर रात्रि तक पढ़ाई करके अगले दिन आलस्य और थकान घेर सकती है। परीक्षा की तैयारी के लिए सुबह सवेरे का समय सबसे अच्छा होता है।

**बोर्ड परीक्षा में सफलता प्राप्त करना कठिन**

पूर्व की बोर्ड परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले मयंक सैनी,शिवानी,सांक्षी,अपेक्षा,मोनिका शर्मा,ईला त्यागी,ज्योति बंसल,अमन बंसल ने बताया कि बोर्ड परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के लिए उन्होंने पूर्व की बोर्ड परीक्षाओं के प्रश्नों को निर्धारित समय में हल करके देखा था।

**स्मरण शक्ति जरूर तेज रखें**

दसवीं व बारहवीं की परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने वाली छात्रा पारुल शर्मा व प्रतीक सैनी ने बताया कि परीक्षा के दिनों में च्वयनप्राश के साथ-साथ स्वर्ण सिंदूर नामक देशी दवाईयों का प्रयोग करने से स्मरण शक्ति को बढ़ाया जा सकता है। दवाई का सेवन 12 वर्ष के उपरांत ही करना चाहिए। और दवाई लेने से पूर्व चिकित्सक से परामर्श लेना नहीं भूले।

**लिखने का अभ्यास जरूर करें**

एसएसवी इंटर कालेज प्रधानाचार्य विजय कुमार गर्ग ने बताया कि बोर्ड परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने के दिनों में कुछ नया करने की जरूरत नहीं है। प्रतिदिन टाइम टेबिल बनाकर सभी विषयों की तैयारी करें। लिखने का अभ्यास भी जरूर करें। ये सभी परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के टिप्स है। इनका पालन करने से बोर्ड परीक्षा में सफलता जरूर मिलेगी।

**प्री-बोर्ड परीक्षा का गंभीरता से ले**

वरिष्ठ शिक्षक,विज्ञान संचारक डा.अजय कुमार मित्तल ने बताया कि हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के स्टूडेंट्स प्री-बोर्ड परीक्षा को गंभीरता से जरूर लें। बोर्ड परीक्षा की तिथि निकट है,इसके मद्देनजर नई चीज का अध्ययन नहीं करें।

**ग्रुप बनाकर पढ़ाई करना भी बेहतर**

श्री हरिहरनाथ स्मारक इंटर कालेज के प्रधानाचार्य कुलदीप गर्ग ने बताया कि बोर्ड परीक्षार्थी ग्रुप बनाकर तैयारी करें। इससे परीक्षा की तैयारी करने में काफी मद्द मिलती है। इसके अलावा लिखने का अभ्यास भी जरूर करते रहे।

**स्मरण शक्ति जरूर बढ़ाये**

उत्तर भारत के प्रसिद्ध वैद्य वरुण शर्मा व डा.करुण शर्मा संयुक्त रूप से बताया कि बोर्ड परीक्षा में सफलता के लिए स्मरण शक्ति अच्छी होनी चाहिए। स्मरण शक्ति बढ़ाने के लिए मेगा सागर,स्मृति सागर,च्वयनप्राश व स्वर्ण सिंदूर दवाइयों को चिकित्सक से परामर्श कर सेवन भी कर सकते है।

## सम्पादकीय

# भारत की राजनीति को भाई-भतीजावाद से मुक्ति कैसे




अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

नए साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक प्रमुख लक्ष्य राजनीति को परिवारवाद से मुक्ति दिलाने का होना चाहिए। उन्होंने बड़ी प्रतिबद्धता के साथ यह लक्ष्य तय किया है। परंतु मुश्किल यह है कि राजनीति की ऊपर से नीचे तक सफाई करने और राजनेताओं के ऊपर लंबित मुकदमों को प्राथमिकता के साथ निपटा कर राजनीति को अपराध मुक्त करने का लक्ष्य भी उन्होंने इतनी ही प्रतिबद्धता के साथ तय किया था।

बनाने के मामले में अव्वल नहीं है तो किसी से पीछे भी नहीं है। तभी राजनीति को परिवारवाद से मुक्त करने की उनकी प्रतिबद्धता को लेकर भी सवाल उठते हैं और ऐसा लगता है कि भाई-भतीजावाद से भारतीय राजनीति को मुक्ति दिलाने से उनका मतलब सिर्फ नेहरू गांधी परिवार या उनके साथ राजनीतिक गठजोड़ करने वाले कुछ अन्य परिवारों को राजनीति में हाशिए पर ले जाना या उनको चुनाव हराना है। इसके बावजूद अगर नए साल के दूसरे दिन हम इस सवाल पर चर्चा कर रहे हैं कि भारत की राजनीति को भाई-भतीजावाद से मुक्ति कैसे मिलेगी तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के घोषित लक्ष्य के साथ साथ इसका एक दूसरा कारण यह है कि सुप्रीम कोर्ट के नए चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने भारत की शीर्ष न्यायपालिका को परिवारवाद से मुक्ति दिलाने की योजना बनाई है। हालांकि अभी तक इस बारे में आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है लेकिन जो खबर आई है उसके मुताबिक चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा है कि हाई कोर्ट्स और सुप्रीम कोर्ट में ऐसे लोगों को जज नहीं बनाया जाएगा, जिनके परिवार के लोग जज रहे होंगे। बताया जा रहा है कि उन्होंने हाई कोर्ट्स की कॉलेजियम को निर्देश भेजा है कि वे ऐसे वकीलों के नाम जज के लिए नहीं भेजें, जिनके परिवार के लोग जज रहे हों। उन्होंने यह भी कहा है कि पहली पीढ़ी के वकीलों में जो अच्छा कर रहे हों उनके नाम की सिफारिश की जाए। इसका मतलब है कि उच्च अदालतों की कॉलेजियम से हाई कोर्ट में जज बनने के लिए पहली पीढ़ी के वकीलों या निचली अदालत के पहली पीढ़ी के जजों के नाम की ही सिफारिश की जाएगी। जब चीफ जस्टिस ने उच्च अदालतों की कॉलेजियम को यह निर्देश दिया है तो निश्चित रूप से सुप्रीम कोर्ट की कॉलेजियम भी इस सिद्धांत पर काम करेगी और पहली पीढ़ी के वकीलों या उच्च अदालतों के पहली पीढ़ी के जजों के नाम की सिफारिश ही सुप्रीम कोर्ट के जज के लिए करेगी। यह बहुत बेहतरीन और न्यायपालिका की शुचिता और उसके गौरवशाली भविष्य के प्रति आश्वस्ति दिलाने वाली पहल है। इसके बारे में जानना इसलिए भी बहुत सुखद अनुभूति देने वाला है क्योंकि चीफ जस्टिस संजीव खन्ना खुद ही ऐसे परिवार से आते हैं, जिस परिवार के लोग हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में जज रहे हैं। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना के पिता जस्टिस देवराज खन्ना दिल्ली हाई कोर्ट में जज थे और उनके चाचा जस्टिस हंसराज खन्ना सुप्रीम कोर्ट में जज थे। जस्टिस हंसराज खन्ना अपने जीवन काल में ही लीजेंड बन गए थे। उन्होंने इमरजेंसी के समय एडीएम जबलपुर केस में यह फैसला लिखा था कि कोई भी सरकार या कोई भी कानून किसी व्यक्ति से सम्मान से जीने का अधिकार नहीं छीन सकता है क्योंकि यह अधिकार व्यक्ति को किसी संविधान ने नहीं दिया है, बल्कि संविधान की व्यवस्था के पहले से व्यक्ति इस अधिकार के साथ पैदा होता है। पांच जजों की बेंच में वे अकेले जज थे, जिन्होंने यह फैसला लिखा था और इसकी कीमत उन्हें चीफ जस्टिस की कुर्सी से महरूम होकर चुकानी पड़ी थी। फैसले से नाराज इंदिरा गांधी ने वरिष्ठता में नंबर दो जज हंसराज खन्ना की बजाय चौथे नंबर के जज एमएच बेग को चीफ जस्टिस बनाया और विरोध में जस्टिस खन्ना ने इस्तीफा दे दिया था। सो, इसे प्रकृति का न्याय कह सकते हैं कि जस्टिस हंसराज खन्ना के भतीजे संजीव खन्ना देश के चीफ जस्टिस बने हैं और उन्होंने यह पहल की है कि जजों के परिजनों के नाम की सिफारिश जजशिप के लिए नहीं की जाएगी। उन्होंने एक दूसरी पहल भी है कि और वह भी बहुत शानदार है। बताया जा रहा है कि उन्होंने तय किया है कि हाई कोर्ट्स या सुप्रीम कोर्ट में जज के लिए किसी के नाम की सिफारिश करने से पहले कॉलेजियम उससे मिलेंगे और बात करेंगे। जिसे जज बनाया जाना है उससे मिलना और उसके विचारों को समझने का प्रयास करना एक बेहद जरूरी पहल है, जो चीफ जस्टिस संजीव खन्ना करते दिख रहे हैं। ध्यान रहे पिछले कुछ समय से देश की उच्च न्यायपालिका की इस बात के लिए आलोचना होती रही है कि जजों की नियुक्ति और तबादले के लिए कॉलेजियम की व्यवस्था इसलिए बनाए रखी गई है ताकि जजों के बच्चों को जज बनाया जा सके।

# उपचुनाव की हार से मायूस सपा ने बनाया एक्शन प्लान, 2027 चुनाव की तैयारी अभी से



अशोक भाटिया, मुंबई

उपचुनाव की हार से मायूस अपने काडर को अगले मिशन के लिए तैयार करने को समाजवादी पार्टी ने नया एक्शन प्लान बनाया है। 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए अभी से कार्यकर्ताओं व टिकट की चाह रखने वालों को पूरी तरह सक्रिय करने की तैयारी शुरू कर दी है और इसी के साथ सपा ने विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए दावेदारों को संदेश दे दिया है कि वह खुद सक्रिय होकर कार्यकर्ताओं को भी पार्टी का संदेश देने के काम में लगा दें.केवल प्रचार होर्डिंग लगाने से काम नहीं चलेगा। उपचुनाव में नौ सीटों में सात पर हार मिलने के बाद सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने अपने लोगों के बीच कहा कि अब विधानसभा चुनाव की लड़ाई काफी कठिन है। भाजपा की रणनीति से मुकाबले के लिए माइक्रो लेवल पर काम करना होगा और सतर्कता बरतते हुए विरोधियों की चालों को काटना होगा। असल में अखिलेश यादव ने लोकसभा चुनाव में पीडीए (पिछड़ा दलित व अल्पसंख्यक) फामूर्ले का कामयाबी से इस्तेमाल किया। चाहे वह टिकट वितरण हो या इसके जरिए पीडीए वोटरों की अपने पक्ष में कामयाबी लामबंदी करना रहा हो। इस समीकरण ने सपा को ऐसी सियासी उछाल दी कि वह लोकसभा में 37 सीटें तक पहुंच गईं। पर बाद में हुए उपचुनाव में हालात ऐसे बने कि सपा को केवल दो सीटों पर संतोष करना पड़ा। अगले 2027 के चुनाव में कोई कोर कसर न रहा जाए इसलिए 2024 के लोकसभा चुनाव में अस्सी फीसदी से ज्यादा भाजपा के पक्ष में वोटिंग करने वाले ब्राह्मण समाज पर भी सपा की नजर है। कांग्रेस ने ब्राह्मण समाज से अविनाश पांडेय को उत्तरप्रदेश का प्रभारी बना रखा है तो भूमिहार समुदाय से आने वाले अजय राय को प्रदेश अध्यक्ष पद की कमान सौंप रखी है। मनोज पांडेय, राकेश पांडेय और विनोद चतुर्वेदी जैसे ब्राह्मण समुदाय के विधायकों के बागी रुख अपनाने के बाद अखिलेश यादव ने ब्राह्मण विरोधी नैरेटिव को तोड़ने के लिए माता प्रसाद पांडेय को नेता प्रतिपक्ष का पद सौंप दिया है। ऐसे में सपा की नजर ब्राह्मण को भी साधकर 2027 की सत्ता में वापसी करने का प्लान है .विसे 2024 के लोकसभा चुनावों से अखिलेश यादव को समझ में आ गया है कि अगर वो ब्राह्मण को वरीयता देते हैं तो सफलता की दर बढ़ सकती है। विशेषकर पूर्वी उत्तरप्रदेश में ब्राह्मणों को एक साथ लाने में पार्टी को सफलता मिल सकती है। हाल ही में उत्तर प्रदेश विधानसभा में माता प्रसाद पांडेय को जब से नेता प्रतिपक्ष बनाया गया तबसे सपा प्रमुख अखिलेश यादव की दोबारा ब्राह्मण समुदाय को साधने की कोशिश के तौर पर ही देखा जा रहा है। यह बात इसलिए कही जा रही है कि सपा ने अपने सियासी इतिहास में पहली बार किसी अगड़े समुदाय को सदन में नेता प्रतिपक्ष बनाया है। इस तरह सपा अपने सियासी आधार को पीडीए (पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक) तक ही सीमित नहीं रखना चाहती बल्कि उसे विस्तार देने के लिए ब्राह्मण नेता पर दांव लगाना ज्यादा मुफीद लगा। इसके चलते माता प्रसाद पांडेय को विधानसभा में सपा विधायकों की नुमाइंदगी सौंपी है। माता प्रसाद पांडेय को नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने के समर्थन-विरोध में भले ही सपा के भीतर और बाहर आवाज उठ रही हो और बीजेपी-बसपा ने सवाल खड़े किए हैं, लेकिन अखिलेश के इस फैसले के बाद यह चर्चा भी चल पड़ी है कि क्या ब्राह्मणों की गोलबंदी के लिए सियासी कसरत तेज होगी और क्या ब्राह्मण वोटर भाजपा का साथ छोड़कर सपा के साथ जाना पसंद करेंगे। भाजपा के पूर्व विधायक आनंद शुक्ला ने ट्वीट कर माता प्रसाद पांडेय को बधाई देते हुए लिखा कि 15 फीसदी ब्राह्मण वोटों की जरूरत सबको है। वहीं, बसपा प्रमुख मायावती की प्रतिक्रिया के बाद पार्टी के ब्राह्मण चेहरे माने जाने वाले सतीश चंद्र मिश्रा ने सपा सरकार में अगड़ों-पिछड़ों की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए ब्राह्मण समुदाय पर हुए अत्याचार याद दिलाया।

गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश की सियासत में कभी ब्राह्मण किंग हुआ करते थे, लेकिन अब किंगमेकर बनकर रह गए हैं। उत्तर प्रदेश में लंबे समय तक सियासत और सत्ता दोनों ही ब्राह्मण समुदाय के इर्द-गिर्द सिमटी रही। आजादी के बाद उत्तरप्रदेश में 1989 तक ब्राह्मणों का वर्चस्व कायम रहा और छह ब्राह्मण मुख्यमंत्री बने। गोविंद वल्लभ पंत, सुचेता कृपलानी, कमलापति त्रिपाठी, हेमवती नंदन बहुगुणा, श्रीपति मिश्र और नारायण दत्त तिवारी उत्तरप्रदेश में सीएम रहे। ये सभी कांग्रेस से थे। इनमें नारायण दत्त तिवारी तीन बार उत्तरप्रदेश के सीएम रहे। ब्राह्मण समुदाय के मुख्यमंत्रियों के कार्यकाल को देखें तो करीब 23 साल तक उत्तर प्रदेश की सत्ता की कमान ब्राह्मण समुदाय के हाथ में रही है। लेकिन, मंडल और कमंडल की राजनीति ने उन्हें हाशिए पर धकेल किया। नारायण दत्त तिवारी के बाद उत्तर प्रदेश में कोई भी ब्राह्मण समुदाय से मुख्यमंत्री नहीं बन सका। सूबे में पिछले साढ़े तीन दशक से राजनीतिक दलों के लिए ब्राह्मण समुदाय सिर्फ वोटबैंक बनकर रह गए हैं। उत्तरप्रदेश में भले ही 1989 के बाद कोई ब्राह्मण किंग न बन सका हो, लेकिन किंगमेकर की भूमिका जरूर अदा कर रहे हैं।

उत्तरप्रदेश में ब्राह्मण, दलित और मुस्लिम समीकरण के जरिए कांग्रेस का दबदबा बना रहा और ब्राह्मण सीएम भी उसी दौर में बनते रहे। मंडल बनाम कमंडल की राजनीति ने कांग्रेस और ब्राह्मण दोनों को सत्ता से बाहर कर दिया। नब्बे के दशक से ब्राह्मणों ने भाजपा को पकड़ा तो उसके सियासी खूंटे से कमोबेश वैसे ही बंधे जैसे यादव सपा और दलित बसपा के साथ। बसपा और सपा के मजबूत होने और भाजपा के कमजोर होने के चलते ब्राह्मणों की सियासत हाशिए पर पहुंच गई। ऐसे में मायावती ने 2007 में ब्राह्मणों को साधकर सोशल इंजीनियरिंग की शुरूआत की। बसपा ने नारा दिया था कि ब्राह्मण शंख बजाएगा, हाथी बढ़ता जाएगा।

भाजपा के उदय के साथ ही ब्राह्मण समुदाय का कांग्रेस से मोहभंग हुआ। उत्तरप्रदेश में जिस भी पार्टी ने पिछले तीन दशक में ब्राह्मण कार्ड खेला, उसे सियासी तौर पर बड़ा फायदा हुआ है। सीएसडीएस के आंकड़ों की मानें तो साल 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा गठबंधन को 72 फीसदी ब्राह्मणों ने वोट दिया जबकि सपा-बसपा को 5-5 फीसदी ब्राह्मण वोट मिले। कांग्रेस को लगभग 11 फीसदी ब्राह्मणों ने वोट दिया। 2019 चुनाव में भाजपा को 82 फीसदी ब्राह्मणों ने वोट किया लेकिन लेकिन सपा-बसपा गठबंधन और कांग्रेस को 6-6 फीसदी ब्राह्मण वोट मिले। 2024 चुनाव में भी ब्राह्मण समुदाय का 82 फीसदी वोट भाजपा को मिला है।

उत्तरप्रदेश में सबसे ज्यादा ब्राह्मण विधायक 1980 के चुनाव में जीते थे। उस समय ब्राह्मण समुदाय के 87 विधायक थे, लेकिन उसके बाद से लगातार विधानसभा में उनकी संख्या घटती जा रही है। 2002 में 41 ब्राह्मण विधायक ने, लेकिन 2007 में 56 विधायक बनने में कामयाब रहे। 2007 में जब मायावती सत्ता में आईं तो उस समय बीएसपी से 41 ब्राह्मण विधायक चुने गए। 1993 में बसपा से महज एक ब्राह्मण विधायक था, लेकिन चुनाव दर चुनाव यह आंकड़ा बढ़ता गया। 2007 के उत्तरप्रदेश चुनाव में सीएसडीएस की रिपोर्ट के मुताबिक सिर्फ 38 फीसदी ब्राह्मणों ने ही मायावती को वोट दिया था और इसमें से भी अधिकतर वोट बसपा को वहां मिले थे जहां उसने ब्राह्मण उम्मीदवार खड़े किए थे।

## मेरा शहर उजालों का शहर है,

मेरा शहर उजालों का शहर है,
मस्जिदों, शिवालों का शहर है

नाजुक मिजाज,आशिक मिजाज भी,
दिल से बेहद चाहने वालों का शहर है`

हम सब के लिए जन्नत से कम नहीं ,
चांदी और सोने के प्यालों का शहर है`

कुछ इसे लहूलुहान देखना चाहते हैं,
पर ये अमन के मतवालों का शहर है

बेलोस मोहब्बत यहाँ हर एक गली में,
प्यार की बेजोड़ मिसालों का शहर है`

यहाँ आंखों में मेहनत की धनक है संजीव,
ये अख्लाक की जलती मशालों का शहर है।



संजीव ठाकुर

**अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।**
**bulandsandesh@ gmail.Com**

**वैधानिक सूचना**

**पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।**

# पारंपरिक शिक्षण पद्धतियों की तुलना में डिजिटल शिक्षण में एआई का उदय



विजय गर्ग

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को अपनाने के माध्यम से आधुनिकीकरण की दिशा में पारंपरिक शिक्षण विधियों को लाया गया। आईबीईएफ ने आंकड़े प्रकाशित किए हैं जो दशार्ते हैं कि भारतीय एडटेक बाजार 2021 में 700-800 मिलियन डॉलर से बढ़कर 2031 तक 30 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। यह वृद्धि डिजिटल शिक्षण समाधानों के प्रति रुझान को दशार्ती है जो अधिक वैयक्तिकृत, कुशल प्रदान करने के लिए एआई पर निर्भर हैं। और सुलभ शिक्षा. इसके अलावा, केपीएमजी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत अब संयुक्त राज्य अमेरिका के बाद ई-लर्निंग का दूसरा सबसे बड़ा बाजार है, जो स्पष्ट रूप से देश के मजबूत डिजिटल शिक्षण परिवर्तन का संकेत देता है। कृत्रिम होशियारी भारत में जो समस्याएँ देखी जा रही हैं उनमें से एक स्कूल नामांकन और उच्च शिक्षा नामांकन के बीच असंतुलन है। दिलचस्प बात यह है कि अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के अध्यक्ष टीजी सीतारम के अनुसार, हर साल लगभग 25 करोड़ छात्र स्कूलों में प्रवेश लेते हैं, और केवल 28% ही उच्च शिक्षा जारी रखते हैं। यह अंतराल मुख्यतः आर्थिक बाधाओं के कारण है। अधिकांश छात्रों को उच्च अध्ययन के लिए भारी शुल्क से निपटना बेहद मुश्किल लगता है, जिससे लाखों प्रतिभाशाली दिमाग अवसर के दायरे से बाहर रह जाते हैं। शायद, ऐआई ही वह माध्यम है जिसके माध्यम से इस समस्या का समाधान किया जा सकता है। यह किफायती, सुलभ और उच्च गुणवत्ता वाले शिक्षण मंच प्रदान कर रहा है। छात्र एआई-सक्षम प्लेटफार्मों के माध्यम से अपनी भौगोलिक या वित्तीय सीमाओं के बावजूद उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। यह संभावित रूप से उच्च शिक्षा नामांकन का प्रतिशत बढ़ा सकता है और सीखने के लिए अधिक न्यायसंगत पहुंच प्रदान कर सकता है। इसके अलावा, एक और मुद्दा जो एक महत्वपूर्ण चुनौती पेश करता है वह है गुणवत्तापूर्ण शिक्षकों की कमी। यूनेस्को के अध्ययन के अनुसार, भारत में 1 मिलियन से अधिक शिक्षण रिक्तियां हैं, और लगभग 1.1 लाख स्कूल केवल एक शिक्षक के साथ कार्य करते हैं। यह समस्या मुख्य रूप से देश भर के दूरदराज के क्षेत्रों में मौजूद है। अफसोस की बात है कि इन कस्बों में लगभग 65% शिक्षण स्टाफ खाली है। अब, इस परिदृश्य में एआई की भूमिका बेहद उपयोगी हो जाती है, क्योंकि यह एक पूरक शिक्षण उपकरण की तरह काम करता है। शिक्षकों के इस स्तर की कमी के साथ, एआई-संचालित प्लेटफॉर्म आभासी शिक्षण सहायक के रूप में काम कर सकते हैं, जो छात्रों को सीखने की पाठ्यक्रम पुस्तकों, व्यक्तिगत मार्गदर्शन और अधिक इंटरैक्टिव शिक्षण अनुभवों तक पहुंच प्रदान करके अंतर को पाटने में मदद करते हैं। केवल तकनीकी प्रगति से परे, एआई एक शक्तिशाली उपकरण के रूप में भी खड़ा है जो शिक्षा को लोकतांत्रिक बनाने की क्षमता रखता है। अनुकूली शिक्षण प्रौद्योगिकियों जैसे उपकरण व्यक्तिगत छात्रों के लिए पाठों को संशोधित कर सकते हैं, उनकी शैक्षिक यात्रा को बढ़ा सकते हैं।

## मंगलवार का राशिफल

**मेष** — रात्रि की ठण्ड से परेशानी सम्भव है, वैवाहिक संबंधों में नीरसता ना आने दे, जमीन या फ्लेट ले रहे है तो उसमें दोष ना हो ध्यान रखें। भाग्य प्रतिशत-49

**वृषभ** — किसी से प्रभावित होकर अपनी मयार्दा ना तोड़े, कम्प्यूटर, ट्रेडिंग, स्त्री प्रधान व्यवसाय से लाभ होगा, घमंड से बचें। भाग्य प्रतिशत-52

**मिथुन** — गर्भवती स्त्री को खून की कमी पीठ में समस्या या हार्मोन असंतुलन सम्भव है, चेकअप जरूर कराते रहे, बैंक या अकाउंट सम्बन्धी क्षेत्र में जॉब मिल सकती है। भाग्य प्रतिशत-50

**कर्क** — स्टेंडर्ड सुधरेगा, नए काम में खुद को साबित करना होगा, दूसरों की चालाकी को भी समझने का प्रयास करे। भाग्य प्रतिशत-65

**सिंह** — अच्छी जीवन शैली जीने को मिलेगी, संतान किसी कमी के साथ पैदा हो सकती है, विवाद हो तो तुरन्त ही सुलझा ले अन्यथा पुलिस तक पहुंच सकता है। भाग्य प्रतिशत-56

**कन्या** — कम्युनिकेशन से लाभ होगा, निर्णय लेते समय विचार करे, दोनों ही चीजों में लाभ दिखेगा, घर का व्यक्ति सरकारी कार्य में व्यस्त रह सकता है। भाग्य प्रतिशत-70

**तुला** — यात्रा करेंगे, भाई बहनो के साथ कुछ खरीदारी होगी, कंजूसी ना बरतें, पढ़ाई में फोकस करेंगे कभी नकारात्मक होने लगेंगे। भाग्य प्रतिशत-51

**वृश्चिक** — लोगों से संपर्क बढ़ेगा, सरकारी कार्य का पैसा लिया है तो काम अटक सकता है लोग ना होने का कारण पूछेंगे,ठण्ड से बचें। भाग्य प्रतिशत-57

**धनु** — मन पवित्र रहेगा, आध्यात्मिक सफर पर जा सकते है, प्रॉपर्टी में निवेश से पहले विचार करें, अध्यापन कार्य उन्नती देगा। भाग्य प्रतिशत-68

**मकर** — धीमी गति से जो पैसा आ रहा था अब ज्यादा अच्छा मिल सकेगा, खर्चा करने से पहले निवेश ही कर दे तो बेहतर होगा, घर के बुजुर्ग का ध्यान रखें। भाग्य प्रतिशत-64


**कुंभ** — धन की कमी दूर होगी, कोई इच्छा पूरी कर पाएंगे, खरीदारी भी कर सकते है, प्रॉपर्टी लेने की अधूरी योजना पर फिर कार्य करेंगे। भाग्य प्रतिशत-77

**मीन** — सरकारी कार्य किसी अधिकारी की मदद से हो जाएगा, धर्म कर्म का लाभ मिलेगा, बीमा क्षेत्र वालो को भी लाभ होगा। भाग्य प्रतिशत-62



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# स्वस्थ प्रतिस्पर्धा न होने से डिजिटल लेनदेन का जोखिम



डॉ. सत्यवान सौरभ

भारत में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस का उदय परिवर्तनकारी रहा है, नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 में यूपीआई लेनदेन 11.5 बिलियन से अधिक हो गए, जिनका मूल्य 26.9 लाख करोड़ था। हालाँकि, दो थर्ड पार्टी ऐप प्रोवाइडर्स फोनपे और गूगलपे के बीच बाजार का संकेन्द्रण यूपीआई लेनदेन के 80% से अधिक को नियंत्रित करता है, जो चिंता का विषय है। यूपीआई के उदय ने व्यापक रूप से अपनाए जाने के माध्यम से भारत में डिजिटल भुगतान में क्रांति ला दी है।यूपीआई ने तेजी से बड़े पैमाने पर अपनाना प्राप्त किया है, भारत में सभी डिजिटल लेनदेन का लगभग 80% हिस्सा यूपीआई का है, जिसने भुगतान परिदृश्य को बदल दिया है। अगस्त 2024 में, यूपीआई ने ?20.60 लाख करोड़ से अधिक के लेनदेन संसाधित किए, जो भारत के शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में इसके व्यापक उपयोग और अपनाने को दशार्ता है। यूपीआई उपयोगकताओं के लिए शून्य शुल्क प्रदान करता है, जिससे भारत की आर्थिक रूप से विविध आबादी के लिए डिजिटल लेनदेन किफायती और अत्यधिक सुलभ हो जाता है। यूपीआई का लागत-मुक्त मॉडल ग्रामीण क्षेत्रों में व्यक्तियों को बिना किसी चिंता के डिजिटल भुगतान प्रणाली तक स्वतंत्र रूप से पहुँचने और उसका उपयोग करने की अनुमति देता है। यूपीआई ने डिजिटल भुगतान स्वीकार करने के लिए एक आसान, लागत-प्रभावी और स्केलेबल तरीका प्रदान करके छोटे विक्रेताओं, व्यवसायों और उद्यमियों को महत्वपूर्ण रूप से सशक्त बनाया है। भारत भर में स्ट्रीट वेंडर, छोटे व्यापारी और किराना स्टोर अब डिजिटल भुगतान स्वीकार करने के लिए यूपीआई का उपयोग करते हैं। यूपीआई ने पहले से बैंकिंग सेवाओं से वंचित आबादी को औपचारिक वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र में प्रभावी रूप से लाकर वित्तीय समावेशन को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। लाखों ग्रामीण और वंचित भारतीय यूपीआई के माध्यम से महत्वपूर्ण डिजिटल वित्तीय सेवाओं तक पहुँचने में सक्षम हुए हैं, जिससे ऐतिहासिक रूप से कम बैंकिंग पहुँच वाले क्षेत्रों में अधिक आर्थिक भागीदारी को बढ़ावा मिला है। यूपीआई ने सरकारी सेवाओं के साथ एकीकृत एक सुरक्षित, विश्वसनीय और सुविधाजनक प्लेटफॉर्म प्रदान करके डिजिटल भुगतान में महत्वपूर्ण सार्वजनिक विश्वास विकसित किया है। दो थर्ड पार्टी ऐप प्रदाताओं के बीच बाजार एकाग्रता महत्वपूर्ण जोखिम पैदा करती है। कुछ खिलाड़ियों की उच्च बाजार एकाग्रता महत्वपूर्ण प्रणालीगत जोखिम पैदा करती है, जहां सेवाओं में किसी भी व्यवधान का पूरे पारिस्थितिकी तंत्र पर व्यापक, व्यापक प्रभाव हो सकता है। उदाहरण के लिए: अगर फोनपे या गूगल पे में अचानक कोई तकनीकी खराबी आ जाती है, तो इससे 80% तक यूपीआई लेनदेन बाधित हो सकता है, जिससे राष्ट्रीय स्तर पर व्यवधान और घबराहट पैदा हो सकती है। केवल दो प्रमुख खिलाड़ियों के वर्चस्व वाला बाजार स्वस्थ प्रतिस्पर्धा में बाधा डालता है, उभरते बाजार में प्रवेश करने वालों द्वारा नवाचार और नई सुविधाओं या भुगतान सेवाओं के विकास को हतोत्साहित करता है। फोनपे और गूगल पे की बाजार में जबरदस्त मौजूदगी ने पेटीएम जैसे छोटे प्रतिस्पर्धियों के लिए विकास करना और बाजार में अभिनव समाधान लाना मुश्किल बना दिया है, जिससे संभावित प्रगति रुक गई है। विदेशी स्वामित्व वाले टीपीएपी का प्रभुत्व डेटा सुरक्षा, उपयोगकर्ता गोपनीयता और भारतीय नागरिकों की संवेदनशील वित्तीय जानकारी तक संभावित पिछले दरवाजे से पहुंच से संबंधित जोखिम पेश करता है। वॉलमार्ट द्वारा फोनपे और गूगल द्वारा गूगल पे का विदेशी स्वामित्व व्यक्तिगत वित्तीय डेटा की सुरक्षा और विदेशी संस्थाओं द्वारा अनधिकृत पहुँ की संभावना पर चिंताएँ बढ़ाता है। बाजार हिस्सेदारी की सीमा लागू करने में लंबे समय तक की गई देरी ने दो प्रमुख तपाप को अपना नियंत्रण मजबूत करने का मौका दिया है, जिससे एक अधिक प्रतिस्पर्धी और गतिशील यूपीआई पारिस्थितिकी तंत्र उभरने से रोका जा सकता है। फोनपे और गूगल पे का प्रभुत्व क्षेत्रीय जरूरतों या प्राथमिकताओं को अनदेखा कर सकता है, जिससे स्थानीय समाधानों के लिए गति प्राप्त करना मुश्किल हो जाता है। क्षेत्रीय भाषाओं या स्थानीय व्यावसायिक जरूरतों के लिए तैयार किए गए यूपीआई ऐप अक्सर गूगल पे और फोनपे जैसे स्थापित बाजार नेताओं के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए संघर्ष करते हैं। प्रमुख पेटीएम और एक्सिस बैंक थर्ड पार्टी एप्लिकेशन प्रोवाइडर के लिए बाजार हिस्सेदारी पर सीमा निर्धारित करने से बेहतर प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित हो सकती है और प्रणालीगत जोखिम कम हो सकते हैं। फोनपे और गूगल पे की बाजार हिस्सेदारी को 30% तक सीमित करने के भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम के पहले के प्रयास बाजार प्रभुत्व को संतुलित कर सकते हैं। भारतीय स्वामित्व वाले पेटीएम और एक्सिस बैंक थर्ड पार्टी एप्लिकेशन प्रोवाइडर का समर्थन करने से विदेशी खिलाड़ियों पर निर्भरता कम हो सकती है और नियामक निगरानी में सुधार हो सकता है। स्थानीय ऐप या सार्वजनिक-निजी भागीदारी के लिए फंडिंग जैसी पहल भारतीय पेटीएम और एक्सिस बैंक थर्ड पार्टी एप्लिकेशन प्रोवाइडर को अधिक प्रभावी ढंग से प्रतिस्पर्धा करने में मदद कर सकती है। फेलसेफ मैकेनिज्म विकसित करना और अतिरेक सुनिश्चित करना सिस्टम विफलताओं के प्रभाव को कम कर सकता है। यूपीआई ऐप्स के लिए बैकअप सर्वर बनाने से आउटेज या तकनीकी कठिनाइयों के दौरान सेवा में रुकावट को रोका जा सकता है। छोटे खिलाड़ियों को अनुदान या सब्सिडी प्रदान करने से नए विचारों को बढ़ावा मिल सकता है और दी जाने वाली सेवाओं की सीमा बढ़ सकती है। सरकार के नेतृत्व वाली नवाचार चुनौतियाँ छोटे डेवलपर्स को नए भुगतान समाधान पेश करने के लिए प्रोत्साहित कर सकती हैं जो विशिष्ट बाजारों को पूरा करते हैं।

मजबूत डेटा गोपनीयता कानून लागू करने से उपयोगकर्ताओं की व्यक्तिगत और वित्तीय जानकारी को संभावित दुरुपयोग से बचाया जा सकेगा। यूपीआई -आधारित ऐप्स के लिए कड़े डेटा सुरक्षा नियमों को लागू करने से यह सुनिश्चित हो सकता है कि संवेदनशील वित्तीय डेटा अनधिकृत पहुँच से सुरक्षित है।

# बजरंग दल कार्यकर्ताओ ने कैंडल मार्च निकाल शहीदों को दी श्रद्धांजलि

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरधना (जावेद अब्बासी)।** दो दिन पूर्व



जम्मू कश्मीर के बांदीपुर में हुई घटना को लेकर बजरंग दल व संघ के कार्यकर्ताओ ने कस्बा करनावल में सोमवार की शाम कैंडल मार्च निकाला और दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी। कस्बा करनावल में जिला संयोजक अनुज बजरंगी के नेतृत्व में बजरंग दल व संघ के कार्यकर्ताओ ने एकत्रित होकर ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की। इस दौरान सचिन नगर,बॉबी हुड्डा, अर्जुन सोम, प्रदीप सोम, संजीत शर्मा अजब सिंह शास्त्री, गोविंद चपराना, राहुल चौधरी प्रमोद गिरी हिमांशु आदि मौजूद रहे।

# अवैध कॉलोनी: सरधना क्षेत्र में धड़ल्ले से काटी जा रही अवैध कॉलोनिया प्रशासन ने साधी चुप्पी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरधना (जावेद अब्बासी)।** क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों की भरमार हो रही है। कई बार आम आदमी प्लॉट खरीदकर चक्कर में फंस जाता है। वहीं, प्रॉपर्टी डीलर एमडीए अधिकारियों से

## सुनहरे सपने दिखाकर काटी जा रही लोगों की जेब

सांठगांठ कर मोटी कमाई करने के बाद चंपत हो जाते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अवैध कॉलोनियों के कटते समय एमडीए अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं करते हैं। कॉलोनी विकसित होने के बाद एमडीए अधिकारी तोड़फोड़ कर महज खानापूर्ती करने के लिए आते हैं।सरधना क्षेत्र में तहसील रोड़,कालंद रोड़, मेरठ रोड़,लोकप्रिय रोड़, दौराला रोड़ स्थित मिलक मोड़ पर तो प्रॉपर्टी का बूम सा आ गया है।सरधना के चारों ओर कॉलोनियों कट रही हैं, लेकिन कोई भी कॉलोनी ने एमडीए से मंजूरी नहीं ली है।तहसील रोड़ व लोकप्रिय रोड़ पर खेती की जमीन पर दर्जन भर से अधिक आवासीय कॉलोनी कट रही हैं। जिनमें 8 से 12 हजार रुपये तक प्रति गज प्लॉट काटे जा रहे हैं। प्लॉट की चाह रखने वाले ग्राहकों को लुभाने के लिए प्रॉपर्टी डीलर मेन गेट बनाकर बिजली के पोल लगा देते हैं। साथ ही कॉलोनी को पूरी तरह से विकसित करने का आश्वासन दे रहे हैं। लेकिन सचाई यह है कि प्रॉपर्टी डीलर कॉलोनी के प्लॉट काटकर बेचने के बाद नौ दो ग्यारह हो जाते हैं। नहीं आता कोई अधिकारी हसरत का कहना है कि जिस समय कॉलोनी कटती है, उस वक्त एमडीए का कोई भी अधिकारी देखने तक नहीं आता है। अधिकारी प्रॉपर्टी डीलरों से सांठगांठ कर महज ओपचारिकता पूरी करते हैं। लेकिन जैसे ही कॉलोनी में मकान बनने का काम शुरू होता है,




उस समय एमडीए अधिकारी कॉलोनी में तोड़फोड़ करने के लिए पहुंच जाते हैं। इससे नुकसान सिर्फ उनका होता है जिन्होंने यहां प्लॉट खरीदा है। इस मामले में मोटी कमाई करने वाले प्रॉपर्टी डीलर का कुछ नहीं बिगड़ता। चल रहा है निर्माण नंगला रोड़, तहसील रोड़, व लोकप्रिय रोड़ पर कई आवसीय कॉलोनी बन रही हैं। बीते दिनों एमडीए अधिकारी आकर नंगला रोड़, तहसील रोड़, व दौराला रोड़ पर मिलक मोड़ पर तोडफोड़ कर गए हैं।लेकिन उसके बाद भी यहां निर्माण कार्य धड़ल्ले से चल रहा है।
क्षेत्र में काटी जा रही कॉलोनियों के रेट 8 से 20 हजार प्रति गज तक पहुंच गए हैं। इस बारे में एमडीए अधिकारियों का कहना है कि विभाग समय-समय पर अवैध कॉलोनियों के खिलाफ कार्रवाई करता रहता है। सूचना मिलने के बाद एमडीए कई बार अवैध कॉलोनियों मे तोड़फोड़ कर चुका है।

# गुडविन इंटर कॉलेज में तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरूरपुर।** सोमवार को गुडविन इंटर कॉलेज हर्रा में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें पहले दिन में 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिता व लंबी कूद वह कबड्डी खेल का आयोजन किया गया।दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर फैसल व द्वितीय स्थान पर दानिश व तृतीय स्थान पर आरिफ रहे वहीं लड़कियों में प्रथम स्थान पर अक्सा द्वितीय स्थान पर साइन व तृतीय स्थान पर सादियां रही। वही लंबी कूद में प्रथम स्थान पर समीर व द्वितीय स्थान पर फैसल व तृतीय स्थान पर दानिश रहे।वहीं



जूनियर बच्चों में लंबी कूद में प्रथम स्थान पर अनस द्वितीय स्थान पर फैजान व तृतीय स्थान पर खुशी रहे। वही कबड्डी में 45 मिनट के खेल में फैसल की टीम 22 अंक लेकर विपक्षी टीम समीर को 02 अंक से पराजित किया। वही कबड्डी के खेल में समीर का सर्वोत्तम खिलाड़ी घोषित किया गया।इस अवसर डी.एम चौहान डायरेक्टर भारत भूषण,सूरज कुमार, राकेश कुमार, सलीम चौधरी,आसिफ अली, असजद फानी,हमजा चौहान आदि उपस्थित रहे।

# कड़ाके की ठंड में चेयरमैन ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरूरपुर।** नगर पंचायत हर्रा कार्यालय पर चेयरमैन कुंवर मोहम्मद अली व ईओ नीति गुप्ता द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नगर पंचायत सभासद और नागरिकों ने नगर के वार्डों में सैकड़ों पात्रों को कंबल वितरित कर सर्दी से राहत देने का प्रयास किया। कम्बल पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे। सर्दी से गरीब असहाय लोगों को राहत देने के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष कुंवर मुहम्मद अली हर वर्ष कंबल वितरित करते हैं।
इस वर्ष भी सोमवार को उन्होंने कार्यालय पर कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। चैयरमैन और वहां मौजूद नगर पंचायत के सभासद और गणमान्य नागरिकों ने कस्बे के सैकड़ों गरीबों को



कंबल वितरित किए। इस दौरान चैयरमैन ने कहा कि अध्यक्ष बनने से कई वर्ष पूर्व से वह प्रति वर्ष सर्दी के मौसम में असहाय और मजबूर लोगों के लिए यह व्यवस्था करते आ रहे हैं। जो लगातार आगे भी जारी रहेगा। कहा की नगर में जहां भी सर्दी से परेशान गरीब की जानकारी मिले उन्हें बताएं ताकि उसे भी कंबल उपलब्ध कराया जा सकें। इस मौके पर मोहम्मद अलीठे के दार,इरशाद उर्फ कलवा, कामिल, जावेद, रिहान, नौशाद, आदि मौजूद रहें।

# रोग निदान में मंगलायतन के साथ स्मार्ट ने मिलाया हाथ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** असाध्य बीमारी उन्मूलन अभियान के तहत स्वयंसेवी संस्था स्मार्ट ने मंगलायतन विश्वविद्यालय के साथ मिलकर जागरूकता अभियान चलाने का अनुबंध किया है। स्मार्ट संस्था ने विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के अन्तर्गत चलने वाले रेडियो नारद 90.4 एफएम के साथ स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न बीमारियों के उन्मूलन में जागरूकता अभियान शुरू किया। इस संबंध में विश्वविद्यालय प्रशासन और स्वयंसेवी संस्था स्मार्ट के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर भी हुए। स्मार्ट संस्था की ओर से प्रवीण तिवारी और हंजला ने प्रतिनिधित्व किया।कुलपति पीके दशोरा ने कहा कि मंगलायतन विश्वविद्यालय का रेडियो नारद उत्तम स्वास्थ्य और रोग उन्मूलन की दिशा में जागरूकता लाने के लिए प्रतिबद्ध है। अभियान के तहत रेडियो नारद प्राथमिक स्वास्थ्य व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों साथ मिलकर स्वास्थ्य जागरूकता



अभियान चलाएगा। जिसमें सरकारी अफसरों एवं चिकित्सकों की भी सेवाएं ली जाएंगी।पत्रकारिता एवं जनसचार के विभागाध्यक्ष डा. संतोष गौतम ने बताया कि स्मार्ट संस्था द्वारा वित्तपोषित स्वास्थ्य जागरूकता अभियान 3 वर्षों तक चलेगा। अभियान के पहले चरण की शुरूआत ह्लसौ दिन में टीबी उन्मूलनह्व अभियान से की गई है। जिसमें लोगों को टीबी की बीमारी के शुरूआती लक्षणों के प्रति जागरूक किया जाएगा। विश्वविद्यालय की इस उपलब्धि पर कुलसचिव ब्रिगेडियर समर वीर सिंह, परीक्षा नियंत्रक प्रो. दिनेश शर्मा ने शुभकामनाएं दी। इस दौरान डीपीआरओ प्रो. प्रदीप कुमार, आरजे वीर प्रताप सिंह, मनीषा उपाध्याय, योगेश कौशिक, मयंक जैन उपस्थित रहे।

# जरूरत मंदो की सेवा सबसे बड़ा धर्म: आमिर चौधरी कंबल पाकर बुजुर्गों,महिलाओं के चेहरे पर छाई खुशी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ।** ठंड में इजाफा को देखते हुए समाजवादी पार्टी अलीगढ़ के महानगर उपाध्यक्ष आमिर चौधरी, सपा के महानगर उपाध्यक्ष वसीम राणा और सपा व्यापार सभा के जिला उपाध्यक्ष तारिक पठान ने रजा नगर जीवनगढ़ मे जरूरत मंद लोगों को कम्बल बांटे। कम्बल वितरण करते हुए आमिर चौधरी ने कहा कि इस शीत लहर के प्रकोप से स्वयं भी बचे और अपने परिवार को भी बचाए। जीवन अमूल्य है। उन्होने कहा कि कड़कड़ाती ठण्ड के बीच कंबल वितरण कर जरूरतमंदो की सेवा करने के लिए आगे आाना



चाहिए,क्योकि गरीब,मजदूर एचं मजलूमो की सेवा सबसे बडा धर्म है। इस मौके पर कम्बल पाकर लाचार बुजुर्गों, महिलाओं के चेहरे पर खुशी छा गई।

## संक्षिप्त समाचार

### शिक्षक संघ अलीगढ़ (शर्मा गुट) का हुआ शपथ ग्रहण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ अलीगढ़ का शपथ ग्रहण समारोह बाबूलाल जैन इंटर कॉलेज के पुस्तकालय भवन म में हुआ। मुख्य अतिथि पूर्व सदस्य विधान परिषद जगवीर किशोर जैन, प्रांतीय मंत्री श्देवेंद्र कुमार यादव, पूर्व जिला मंत्री केपी सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष मुकेश कुमार शर्मा, पूर्व जिला मंत्री महेश कुमार शर्मा एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य अंबुज जैन उपस्थित रहे। सर्वप्रथम शिक्षकों के मसीहा ओम प्रकाश शर्मा के चित्र पर माल्यार्पण कर उनकी जन्म जयंती मनाई गई। उसके उपरांत देवेंद्र कुमार यादव ने उनके विषय में समस्त कार्यकारिणी को बताया।
जिलाध्यक्ष ऋषीन्द्र कुमार सिंह, मोहित जैन, हुकुम सिंह, अजय कुमार शर्मा, मस्तान सिंह, प्रदीप कुमार शर्मा, सुरेश चन्द्र, देवेंद्र कुमार अग्रवाल, अनीता वर्मा, शिव चैधरी, राजेश कुमार शर्मा, जसवीर सिंह, नीरज सिंह, पृथ्वी राज शर्मा, सदस्य जिला कार्यकारिणी के रुप में इन्द्र कुमार, प्रमोद कुमार शर्मा, सत्यदेव नागर, पुष्पकांन्त शर्मा, कमलेश कुमार यादव, राजीव शर्मा सूर्य कान्हा एवं समस्त कार्यकारिणी ने जगवीर किशोर जैन के सामने शपथ ग्रहण की। जिलाध्यक्ष ऋषीन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि युवा टीम शिक्षकों की हर समस्या के निराकरण हेतु हर समय तैयार है। हुकुम सिंह ने 7, 8 व 9 जनवरी 2025 को आगरा के मुफीद ए आम इंटर कालेज में होने वाले 57 वें राज्य सम्मेलन में प्रतिभाग करने के लिए सभी को आमंत्रित किया।

### जलाभिषेक को आई महिला के खेरेश्वर मंदिर से कीमती जूता चोरी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लोधा।** थाना बन्नादेवी के भुकरावली निवासी मुनेश कुमार की पत्नी खुश्बू सोमवार सुबह खेरेश्वर मंदिर में जलाभिषेक करने आईं थीं। उन्होंने पूजा के लिए जाने से पहले मंदिर के बाहर पूजा की दुकान पर अपने करीब 10 हजार रुपए कीमत के जूते उतारे और मंदिर में चली गईं। वह जब वापस लौटी तो उनके जूते चोरी हो चुके थे। काफी तलाशने के बाद भी जूते नहीं मिलने पर इसकी सूचना पीड़िता ने कंट्रॉलरुम पर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी कर सीसीटीवी कैमरे खंगाले और चोरों की तलाश में जुट गई है।

### घायल बालिका को झाड़ी में फेंककर भागे बाइक सवार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** बाइक से घायल होने के बाद बाइक सवार बालिका को इलाज कराने के बहाने साथ ले गए। ल्हौसरा के जंगल में बाइक सवारों ने बालिका को झाड़ियों में फेंक दिया और भाग गए।5 जनवरी की शाम चार बजे खेरेश्वर चैराहे के पास सड़क पार करते समय नौ वर्षीय बालिका बाइक की टक्कर लगने से घायल हो गई। इस उसे इलाज के लिए ले जाने की बात कहते हुए बाइक सवार ल्हौसरा के जंगल में रेलवे लाइन के किनारे ले गए। मुंह में कपड़ा ठूसकर उसे झाड़ियों में फेंक दिया और भाग निकले। पुलिस ने बच्ची को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

### नगर निगम और पुलिस ने संयुक्त रूप से चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** नगर निगम और पुलिस ने संयुक्त रूप से सड़क के किनारे अवैध रूप से कब्जा करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर अवैध रूप से रोड के किनारे रखे ठेल, ढकेल को हटाया। इसके अलावा अतिक्रमण करने वालों से जुमार्ना भी वसूला गया। शहर के व्यस्त इलाके बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर अभियान चलाया गया। अतिक्रमण के कारण यहां जाम की समस्या हमेशा बनी रहती थी। पुलिस अधिकारियों का कहना है आगे अगर किसी ने भी अतिक्रमण किया तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। कई बार इन लोगों को हिदायत भी दी गई थी, बावजूद इसके लोग अतिक्रमण करने से बाज नहीं आ रहे थे। जाम की समस्या को देखते हुए यह अभियान चलाया गया है। आगे भी इसी तरीके से अतिक्रमण को लेकर अभियान चलता रहेगा। इस दौरान नगर निगम की टीम को कई जगह विरोध का सामना भी करना पड़ा।

**निरीक्षण** | 5 घंटे 5 बड़ी परियोजनाओं की नगर आयुक्त ने जानी हकीकत

# नगर आयुक्त ने सार्वजनिक अवकाश के बावजूद मैराथन किया निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ।** यशस्वी मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन की नगरों में विकास की सर्वोच्च प्राथमिकता की योजना मुख्यमंत्री-ग्रीन रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम (अर्बन) (सी.एम. ग्रिड्स) योजनान्तर्गत अलीगढ़ नगर निगम द्वारा लगभग 1424.77 लाख की लागत से वार्ड सं 08, 15, 26, 69 गूलर रोड पर जी०टी० रोड स्थित शहंशाह होटल की पुलिया से देहलीगेट चैराहे तक 2.08 मीटर लंबी सड़क निर्माण और लगभग 1440.92 लाख की लागत से वार्ड 32 व 82 में स्वर्ण जयंती नगर चैराहे से रमेश विहार रोड लगभग 1.58 मीटर लंबी सड़क, स्मार्ट सिटी मिशन के तहत अलीगढ़ स्मार्ट सिटी लिमिटेड की 49.89 करोड़ की बहुप्रतीक्षित परियोजना बाराद्वारी शॉपिंग कंपलेक्स व मल्टी लेवल कार पार्किंग प्रोजेक्ट व स्मार्ट सिटी मिशन के तहत 63.11 करोड़ की लागत से ड्रेनेज सिस्टम को प्रभावी बनने के क्रम में कालीदह पोखर महेंद्र नगर क्षेत्र में समवेल निर्माण और राइजिंग मेंन डालने के कार्य व सीएमवीएनवाई( मुख्यमंत्री वैश्विक नग्रोदय योजना) अंतर्गत लगभग 10 करोड़ की लागत से सासनी गेट इगलास रोड पंपिंग स्टेशन के पास बारात घर के निर्माण सहित 5 बड़ी परियोजनाओं का नगर आयुक्त ने सोमवार को सार्वजनिक अवकाश होने के बावजूद सीएनडीएस व निर्माण विभाग के साथ निरीक्षण किया।





**सी.एम. ग्रिड्स स्वर्ण जयंती नगर सड़क निर्माण**

सुबह सवेरे नगर आयुक्त विनोद कुमार ने सी.एम. ग्रिड्स स्वर्ण जयंती नगर रमेश विहार में निर्माणधीन सड़क नाला निर्माण कार्य का निरीक्षण किया. निरीक्षण के समय नगर आयुक्त ने संबंधित फर्म कोनार्क के साइड इंजीनियर को पानी का डायवर्सन ठीक रखने नाला बनाते समय नाले का बहाव लेबल ठीक रखने के निर्देश दिए।
नगर आयुक्त ने उक्त सड़क का निर्माण अतिरिक्त लेबर आदि लगाकर कार्य तेजी से कराए जाने के भी निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य में आने वाले बाधक अवैध अतिक्रमण को चिन्हित कर उन्हें हटाने की कवायद भी शुरू करने के लिए अधीनस्थों को कहा।

**सी.एम. ग्रिड्स गूलर रोड सड़क निर्माण**

गूलर रोड पर निरीक्षण के समय नगर आयुक्त ने सड़क निर्माण के पहले चरण में बनाए जा रहे हैं नाला निर्माण का भौतिक सत्यापन किया मौके पर संबंधित फर्म पी0पी0एस0 बिल्डर्स के साइड इंजीनियर संजय कुमार जैन द्वारा लेबर रजिस्टर उपलब्ध नहीं कराया गया जिस पर नगर आयुक्त ने नाराजगी जताई. नगर आयुक्त ने निर्माण कार्य में लगी लेबर को भी चेक किया मौके पर नगर आयुक्त ने संबंधित एजेंसी को अतिरिक्त लेबर लगाकर तेजी से काम कराया जाने के निर्देश दिए. नगर आयुक्त ने इंजीनियरों से नाले की लंबाई चैड़ाई और मोटी को फीता डलवाकर चेक करवाया। मौके पर संबंधित एजेंसी द्वारा साइड ऑफिस में लैब इस्टैबलिश्ड नहीं करने पर भी नगर आयुक्त ने नाराजगी जताई तत्काल मुख्य अभियंता को निर्देश दिए संबंधित एजेंसी से उनके साइड ऑफिस में लैब एस्टेब्लिश कराई जाए साथ ही साथ नगर आयुक्त ने संबंधित एजेंसी द्वारा प्रतिदिन काम का शेड्यूल प्लान उपलब्ध नहीं करने पर भी नाराजगी जताई। नगर आयुक्त ने मुख्य अभियंता को नियमित रूप से इस महत्वपूर्ण परियोजना का निरीक्षण करने मानक गुणवत्ता और इंजीनियरिंग के सभी पैरामीटर को चेक करने के निर्देश दिये। नगर आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य में आने वाले बाधक अवैध अतिक्रमण को चिन्हित कर उन्हें हटाने की कवायद भी शुरू करने के लिए अधीनस्थों को कहा।

**आधुनिक बारात घर**

सीएमवीएनवाई (मुख्यमंत्री वैश्विक नग्रोदय योजना) अंतर्गत लगभग 10 करोड़ की लागत से आधुनिक बारात घर के निर्माण के लिए नगर आयुक्त ने इगलास रोड पंपिंग स्टेशन के समीप भूमि स्थल का भौतिक सत्यापन किया मौके पर सीएनडीएस के अधिकारियों को तत्काल आर्किटेक्ट से इसका डिजाइन तैयार करने और डीपीआर बनाकर शासन को भेजने के निर्देश दिये। नगर आयुक्त ने यहां पर 7000 वर्ग मीटर जमीन पर आधुनिक बारात घर बनाए जाने की दृष्टिगत जल निगम के पुराने स्टोर के सामान को यहां से हटाने के निर्देश दिए।

**ड्रेनेज सिस्टम**

स्मार्ट सिटी मिशन के तहत 63.11 करोड़ की लागत से ड्रेनेज सिस्टम को प्रभावी बनने के क्रम में कालीदह पोखर महेंद्र नगर क्षेत्र में समवेल निर्माण और राइजिंग मेंन डालने के कार्य दृष्टिगत नगला पला में नगर निगम जलमग्न भूमि का निरीक्षण किया मौके पर जलमग्न भूमि चिन्हित करने के उपरांत सीएनडीएस के अधिकारियों को तत्काल प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

**बारादवारी शॉपिंग कंपलेक्स व मल्टी लेवल कार पार्किंग प्रोजेक्ट**

स्मार्ट सिटी मिशन के तहत अलीगढ़ स्मार्ट सिटी लिमिटेड की 49.89 करोड़ की बहुप्रतीक्षित परियोजना बारादवारी शॉपिंग कंपलेक्स व मल्टी लेवल कार पार्किंग प्रोजेक्ट का नगर आयुक्त ने निरीक्षण किया. नगर आयुक्त ने यहां पर सीएनडीएस के इंजीनियरों के साथ मानक गुणवत्ता को चेक किया साथ ही साथ नगर आयुक्त ने रैंप व पार्किंग का स्लोप फ्लोर वाइज लगाई जा रहे टाइल्स को भी चेक किया मौके पर नगर आयुक्त ने सीढ़ियों के आकार को फीता डालकर पैमाइश कार्रवाई. पैमाइश में सीढ़ियों में भिन्नता आने पर तत्काल इंजीनियरिंग त्रुटि को ठीक करने और सभी सीढ़ियों में एकरूपता रखने के निर्देश दिए. प्रोजेक्ट की अवधि 31 दिसंबर को समाप्त होने रही थी परंतु काम पूरा नहीं होने पर भी नगर आयुक्त ने नाराजगी जताई और मुख्य अभियंता को सीएनडीएस को नोटिस देने के निर्देश दिए। नगर आयुक्त में बताया अलीगढ़ शहर के लिए यह पांच बड़ी परियोजनाएं विकास की नई परिभाषा लिखेंगी उन्हें आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है आने वाला भविष्य को एक नया अलीगढ़ स्मार्ट अलीगढ़ देखने को मिलेगा।

**ये रहे मौजूद**

अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव मुख्य अभियंता सुरेश चंद अधिशासी अभियंता सिब्ते हैदर सहायक अभियंता राजवीर सिंह अवर अभियंता संजय कुमार मीडिया सहायक एहसान रब सीएनडीएस के परियोजना प्रबंधक अन्य।

# चंदेश्वर मंदिर का जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो








**सम्भल/बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** थाना हयातनगर नगर क्षेत्र के गांव चंदायन में धार्मिक एवं पौराणिक रूप से इतिहास मे दर्ज चंद्रेश्वर खेड़ा तीर्थ का डीएम एसपी ने निरीक्षण किया है जिलाधिकारी राजेंद्र पेशियां ने बताया कि मूल रूप से मंदिर मंदिर की भूमि तथा एक कुएं का प्रशासन द्वारा निरीक्षण किया गयो जिलाधिकारी ने बताया कि तीर्थ की जमीन को प्रशासन अवैध कब्जे से मुक्त कराएगा। ये मंदिर एएसआई के संरक्षण में है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि 2016 जितने भी अभियुक्त है उनका रिव्यू किया जाएगा` और जांच की जाएगी सुरक्षा की दृष्टि से चन्दायन चौकी को खोला जायेगा ये चौकी सोमवार से ही संचालित की जाएगी।

**प्राचीन इतिहास**

सम्भल के अड़सठ तीर्थों में से चंद्रेश्वर तीर्थ का पुराणों में वर्णन है यहां एक टीले पर महादेव का प्राचीन मंदिर है। सम्भल की चौबीस कोसीय परिक्रमा का चंद्रेश्वर मंदिर एक हिस्सा है लाखों तीर्थयात्री इस तीर्थ पर रुकते हैं। तीर्थ क्षेत्र में तीन नदियों का संगम है जिसे त्रिवेणी कहा जाता है इस मंदिर की ये मान्यता है कि ये सतयुग कालीन तीर्थ है प्रथ्वी राज चौहान का नाम मंदिर से जुड़ता है मंदिर के नाम 84 बीघा जमीन थी अब मंदिर के पास सिर्फ 25-26 बीघा जमीन है शेष जमीन पर लोगों का कब्जा के साथ साथ पट्टे भी किये गये है इसकी जांच कराई जाएगी।

# धूमधाम से मनाया गया गुरु गुरुगोविंद सिंह का प्रकाशोत्सव

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** सिक्खों के दसवें गुरु गुरुगोविंद सिंह के प्रकाशोत्सव के अवसर पर सोमवार को नगर के गुरुद्वारा में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी डा0 राजेन्द्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक कृष्ण बिश्नोई शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि गुरुगोविंद सिंह ने आक्रांताओं की धमकियों से अपना धर्म नहीं बदला और अपने बच्चों का बलिदान दे दिया। साथ ही जिलाधिकारी ने कहा कि जब-जब आक्रांताओं ने भारत को खंडित करने का प्रयास किया, तब-तब गुरुगोविंद सिंह जैसी शक्तियों ने आक्रांताओं का सामना किया है।

जिलाधिकारी ने गुरुगोविंद सिंह के आदर्शों पर चलने की बात कही जिससे भारत को एक सशक्त राष्ट्र में देखा जा सके। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक कृष्ण बिश्नोई ने भी कहा कि हमें गुरुगोविंद सिंह के सद्मार्ग पर चलना चाहिए। वहीं जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा गुरुद्वारा में चल रहे लंगर का प्रसाद भी ग्रहण किया। कार्यक्रम में सरदार हरचरण सिंह, सरदार महेन्द्र पाल सिंह, मनजीत सिंह, अमृतपाल सिंह, सूरजपाल सिंह, हरविन्दर सिंह, परविन्दर सिंह आदि सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।







# जनकल्याण सेवा समिति ने बैठक कर कार्य योजना व चुनाव पर किया विचार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी (मयंक सक्सेना)।** सोमवार को नगर के फुव्वारा चौक स्थित महिंद्रा रेस्टोरेंट में जन कल्याण सेवा समिति ने कैलेन्डर नव वर्ष के उपलक्ष्य में एक सभा का आयोजन किया। जहां सभा में महिलाओं ने कैलेन्डर नववर्ष के उपलक्ष्य में हाउजी ,अंताक्षरी और अन्य गेम आदि खेले। गेम में जीतने वाली कल्पना वार्ष्णेय, पूर्णिमा वार्ष्णेय पूनम वार्ष्णेय को रेखा रस्तोगी द्वारा उपहार प्रदान किये गए।पंक्चुयलिटी पुरस्कार अनुराधा को मिला। इस सभा में




आगामी वर्ष हेतु कार्य योजना व चुनाव पर विचार किया गया तथा समिति का रजिस्ट्रेशन का नवीनीकरण के बारे में भी विचार विमर्श हुआ। आगामी वर्ष के डयूज के लिए भी सभी सदस्यों को अवगत कराया गया। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थिति रही। अध्यक्ष कल्पना वार्ष्णेय ,सचिव भावना गुप्ता, कोषाध्यक्ष आशा गोस्वामी, उपाध्यक्ष रेखा रस्तोगी ,सोनी अग्रवाल, आभा,अनामिका सिंह, पूर्णिमा वार्ष्णेय,पूनम वार्ष्णेय,मधु तोमर, अनुराधा, निर्मल, पूनम अग्रवाल आदि।

# महापुरुष स्मारक समिति ने मनाई गुरु गोविंद सिंह की जयंती

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** सोमवार को नगर के आवास विकास कॉलोनी स्थित दिनेश चंद गुप्ता के आवास पर महापुरुष स्मारक समिति एवम सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में हिन्दू धर्म के रक्षक, सिक्ख धर्म के दशम गुरु गुरु गोविंद सिंह की जयंती धूमधाम से मनाई गई। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि/मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।अध्यक्षता भावना गुप्ता ने की। संचालन नगर महामंत्री बृजेन्द्र प्रसाद तिवारी ने किया।व्यवस्थापक दिनेश चंद्र गुप्ता रहे विशिष्ट अतिथि रामकिशोर अग्रवाल, योगाचार्य ब्रह्मचारी स्वदेश शर्मा, अनिल कुमार शर्मा, पूर्व प्रधान पलथा वेदराम मौर्य,



दीपेन्द्र नाथ गुप्ता, लक्ष्मीकांत सक्सेना, एन के शर्मा, जगदीश चंद्र राणा, रश्मि हर्षवर्धन रहीं।कार्यक्रम आयोजक पण्डित सुरेश चंद्र शर्मा रहे।

# टाटा मैजिक की टक्कर से मजदूर की मौत, राजमिस्त्री घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**संभल।** मकान निर्माण के लिए पाड़ का सामान लेने पैदल जा रहे राजमिस्त्री और मजदूर को संभल असमोली मार्ग पर अनियंत्रित टाटा मैजिक ने टक्कर मार दी। हादसे में मजदूर की मौत हो गई। जबकि राजमिस्त्री गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने देखा तो दोनों को उठाया और स्वजन को इसकी जानकारी दी। दोनों को जिला अस्पताल लाया गया। स्वजन का रो-रोकर बुरा हाल है। असमोली थाना क्षेत्र के गांव मदाला फत्तेहपुर निवासी चमन (30) पुत्र अंतराम मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करते थे। अमरोहा जिले के गजरौला थाना अंतर्गत गांव पवसरा निवासी कुलदीप राजमिस्त्री हैं। रिश्ते में चमन कुलदीप सिंह के फूफा लगते थे। स्वजन ने बताया कि गांव मदाला में ही मलखान के मकान का निर्माण कार्य चल रहा है। राजमिस्त्री कुलदीप अपने फूफा चमन के साथ करीब 20 दिन से यहां काम कर रहे थे। सोमवार की सुबह आठ बजे वह दोनों पाड़ का सामान लेने पैदल ही मदाला अड्डे पर जा रहे थे। जैसे ही वह संभल असमोली मार्ग पर पहुंचे तो पीछे से आ रहे टाटा मैजिक ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने हादसा होते देखा तो मौके पर पहुंचे और दोनों घायलों को उठाकर 108 एंबुलेंस की सूचना दी। जानकारी मिलने पर स्वजन भी मौके पर आ गए। एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को जिला अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने चमन को मत घोषित कर दिया। वहीं कुलदीप को उपचार के लिए भर्ती किया गया। मृतक के स्वजन का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं हादसे के बाद टाटा मैजिक चालक वाहन को वहीं छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने वाहन को अपने कब्जे में कर लिया है।

# खनन करने बालों के होंसले बुलंद,मानक को ताक पर रख कर रहे खनन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल/बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** थाना क्षेत्र में मिट्टी का अवैध खनन का कारोबार बड़े पैमाने पर चल रहा है।

- पुलिस ने मिट्टी से भरे ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ा, किया चालान
- विना नम्बर प्लेट ट्रैक्टर,विना ड्राइविंग लाइसेंस के चालक,उसके बाद ओवरलोड वाहन,12000हजार का चालान



हालांकि सोमवार को पुलिस ने मिट्टी लदी एक ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ लिया। उसके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। आपको बताते चलें कि बहजोई के इस्लामनगर चौराहा से मिट्टी से भरी ट्रैक्टर ट्राली, ओवर लोड, बिना नम्बर प्लेट के ट्रैक्टर आपको दिखाई देंगे` इनमें से कोई भी ट्रैक्टर ट्राली खनन के नियमों को पूरा पालन करते हुए नहीं दिखाई देते हैं, लेकिन फिर भी हाईवे पर विना रोक-टोक यह खनन के ट्रैक्टर आपको दिखाई देंगे, हालांकि सोमवार को टीआई अशोक कुमार ने एक ट्रैक्टर को पकड़ लिया जिसके पास ना तो ड्राइविंग लाइसेंस था ना ही ट्रैक्टर के कागज थे तथा मिट्टी से भरी ट्रैक्टर ट्राली ओवरलोड थी, ट्रैक्टर पर नंबर प्लेट भी नहीं थी ट्रैक्टर का पुलिस द्वारा चालान किया गया। जब इस संबंध में टीआई अशोक कुमार से जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि खनन के ट्रैक्टर चालक अधिक गति में चला रहा था जब उसे रोक कर चैक किया तो ट्रैक्टर पर नंबर प्लेट नही थी, ड्राइवर पर लाइसेंस के साथ साथ ट्रेक्टर के कागज भी नहीं थे और ओवरलोड भी था,12000हजार रुपये का शुल्क के साथ चलान किया गया है।

# बस स्टैंड पर कंबलों का किया वितरण

## नायव तहसीलदार ललिता चौधरी के साथ जिलाधिकारी की पत्नी व सीडीओ की पत्नी ने जरुरत मंदों को 100कंबल किये वितरण।



बुलन्द संदेश ब्यूरो


**संभल (दिनेश सक्सेना)।** कड़ाके की ठंड के इस माहौल में अगर जरूरत मंदों के लिए ठंड से बचने की वस्तु मिल जाए तो उसे सबसे बड़ा राहत का पल होता है।

ठंड को मंदे नजर देखते हुए सोमवार को बहजोई बस स्टैंड पर जरुरत मंदों को नायब तहसीलदार व जिलाधिकारी राजेन्द्र पैंसिया की पत्नी व मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट की पत्नी ने 100कंबल वितरित कर जरुरत मंदों की जरूरत पूरी की।

# 9 से 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति ठप रहेगी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** सोमवार को उपखंड अधिकारी प्रथम द्वारा सूचित किया गया कि जाता है कि 7 जनवरी को विद्युत आपूर्ति प्रात 09 बजे से लेकर 5 बजे तक 33/11 डश उपकेंद्र तहसील, हनुमानगढ़ी पर आगामी ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत आर डी एस एस योजना के अंतर्गत विद्युत लाइन प्रणाली के सुदृढीकरण का कार्य किया जाएगा। जिसमें पोल लागने का कार्य होगा ताकि भविष्य में विद्युत उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत सप्लाई के साथ-साथ विद्युत लाइन से सुरक्षा भी दी जा सके।




इसके चलते विद्युत आपूर्ति लाठी बाजार,संभल गेट, मई गाँव,टाउन 4 गणेश कोल्ड स्टोर बिधुत आपूर्ति बाधित रहेगी ।

# यंग क्रिकेट क्लब की टीम को हराकर ओ.एल.एफ ने मारी बाजी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** सोमवार को नगर के हनुमान ग्राउंड पर चल रहे क्रिकेट टूनार्मेंट में यंग क्रिकेट क्लब और ओ एल एफ के बीच खेला गया । टॉस ओ एल एफ ने जीता ओर बैटिंग का निर्णय लिया । टॉस जीत कर बैटिंग करने उतरी ओ एल एफ ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 227 रन बनाये ।ओ एल एफ की ओर से निर्देश 83 , यशवीर 55 और अन्नू 31 रन का योगदान दिया । यंग क्रिकेट क्लब की ओर उवैस 2 और विक्की ने 2 विकेट लिए ।लक्ष्य का पीछा करने उतरी यंग क्रिकेट क्लब की टीम ने 15.4 ओवर में 76 रन पर ढेर हो गई ।यंग क्रिकेट क्लब की ओर से विक्की 16 और कलीम 16 रन बनाये ।ओ एल एफ की ओर से निर्देश 4 विकेट और अन्नू ने 2 विकेट लिए ।ओ एल एफ 151 से मैच जीत लिया ।आज के मैन ऑफ द मैच निर्देश को समाजसेवी दिनेश प्रेमी जी ने दिया ।आज के मैच के अंपायर मनोज माली , साहिवे आलम और




पुनीत शर्मा रहे । आज के स्कोरर माधव मिश्रा , प्रियांशु यादव रहे । कल का मैच कृष्णा इलेवन और जीसीसी के बीच 10 बजे खेला जाएगा । आज के मैच के दौरान कपिल गुप्ता,अनिल कपूर ,पुलेंद्र यादव ,संचित अग्रवाल ,डॉ वीरेश , अभय यादव ,चंदन माली , मुकेश मैया, मोहित पंजाबी ,विकास माथुर ,प्रियांशु यादव ,जितनेंद्र लारा , कृष्णा यादव , हरिओम यादव ,प्रहलाद यादव आदि मौजूद रहे ।

**मौसम**

## रुहेलखंड में कोहरे और कड़ाके की सर्दी का दौर जारी है

# बरेली मंडल में शीतलहर का कहर जारी, सर्दी से ठिठुरते लोग आग से तापते दिखे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली ।** पूरे बरेली मंडल में सोमवार को सुबह से दोपहर तक घना कोहरा छाया रहा। शीतलहर से लोग ठिठुरते दिखे। दोपहर 12 बजे से कोहरा छंटने लगा, लेकिन धूप बेअसर रही।

रुहेलखंड में कोहरे और कड़ाके की सर्दी का दौर जारी है। बरेली में शीतलहर नश्तर सी चुभ रही है। रविवार दोपहर में धूप खिली, लेकिन सर्द हवा से बेअसर रही। रात से फिर कोहरा छाने लगा। सोमवार सुबह कोहरे के साथ हुई। दोपहर 12 बजे से कोहरा छंटने लगा। हल्की धूप खिली, लेकिन शीतलहर चलने से गलन बरकरार है। पीलीभीत, बदायूं, शाहजहांपुर और लखीमपुर खीरी में भी ठंड से लोग बेहाल दिखे। मौसम विभाग ने कोल्ड डे कंडीशन का अनुमान जताया है। कोहरे का असर रेल यातायात पर भी देखा गया। बदायूं में दोपहर 1 बजे तक घना कोहरा



छाया रहा। लोग जगह-जगह अलाव तापते दिखे। कोहरे के कारण दृष्टता भी कम रही। लोग वाहनों की लाइट जलाकर दिन में निकले। शीतलहर के बीच गलन ने लोगों को परेशान कर दिया

**विवार को नौ ट्रेनें रहीं निरस्त**

कोहरे के चलते रविवार को नौ ट्रेनें निरस्त कर दी गईं। बरेली में 13 ट्रेनें देरी से आईं। 05578 सहरसा गरीबरथ स्पेशल सबसे ज्यादा सवा छह घंटे देरी से आई। इंतजार में यात्री ठिठुरते रहे। 22453 राज्यरानी सुपरफास्ट डेढ़ घंटे देरी से आई। 22489 वंदेभारत एक्सप्रेस समय से चली पर 14308 प्रयागराज संगम एक्सप्रेस तीन घंटे देरी से आई। 15910 अवध-असम एक्सप्रेस तीन घंटे, 12588 गोरखपुर अमरनाथ सुपरफास्ट ढाई घंटे, 13152 सियालदह एक्सप्रेस तीन घंटे, 12204 सहरसा गरीब रथ दो घंटे देरी से आईं।

12391 श्रमजीवी एक्सप्रेस एक घंटे लेट रही। 14205 अयोध्या एक्सप्रेस, 15211 जननायक एक्सप्रेस आधे घंटे देरी से और 13151 सियालदह एक्सप्रेस 1:10 घंटे देरी से रवाना हुईं।

**ये ट्रेनें रहीं रद्द**

04365 बरेली-मुरादाबाद पैसेंजर, 12491 जम्मूतवी मोरध्वज सुपरफास्ट, 14618 पूर्णिया कोट जनसेवा एक्सप्रेस, 12584 लखनऊ डबलडेकर, 22552 दरभंगा-अंत्योदय सुपरफास्ट, 14004 मालदा टाउन एक्सप्रेस, 22424 गोरखपुर जनसाधारण एक्सप्रेस, 43203 बरेली-चंदौसी-अलीगढ़ एक्सप्रेस, 64176 बरेली रोजा पैसेंजर निरस्त रहीं।

# दोस्त निकला कातिल...अनस का दूसरे से संबंध बनाना नहीं हुआ गवारा तो रस्सी से घोंटा था गला, सात महीने बाद थाना किला पुलिस ने किया हत्याकांड का खुलासा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली।** अनस की हत्या का थाना किला पुलिस ने सात महीने बाद खुलासा कर दिया। पुलिस ने आरोपी छावनी निवासी हामिद अहमद को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पूछताछ में हामिद ने बताया कि उसके अनस से समलैंगिक संबंध थे। दूसरे युवक से अनस के संबंध होने पर उसने रस्सी से गला घोंटकर शव रेलवे लाइन पर फेंक दिया था।




किला थाना प्रभारी जितेन्द्र सिंह ने बताया कि स्वालेनगर नवदिया में रेलवे लाइन पर 1 जून 2024 को मोहल्ला कटघर हरी मीनार मस्जिद के पास के रहने वाले अनस शव मिला था। इस मामले में अनस की मां शबनम ने 3 जून को अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस जांच में पता चला कि हामिद अहमद ने हत्या की है। इसके बाद उसे स्वालेनगर चौराहे के पास से रविवार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसके अनस के साथ समलैंगिक संबंध थे। दोनों एक दूसरे के साथ लंबे समय तक रहे लेकिन इसी बीच उसे पता चला कि अनस दूसरे युवक के संपर्क में है। कई बार मना करने पर भी वह नहीं माना और वह मारपीट पर उतारू हो गया। इसके बाद उसकी रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर शव रेलवे लाइन पर फेंक दिया था। पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल रस्सी भी बरामद कर ली है। एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया अनस की हत्या कर रेलवे लाइन पर शव फेंकने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। आरोपी और अनस के बीच दोस्ती थी।

## एक्सप्रेसवे पर हुए हादसे में अज्ञात चालक पर केस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रबूपुरा (उपेन्द्र भाटी)।** छेत्र अंतर्गत गौर सिटी के समीप यमुना एक्सप्रेस वे पर हादसे में हुई कार सवार की मौत के मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। ट्रक के नंबर के आधार पर पुलिस ने आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है।पुलिस के मुताबिक, आलमगीर जिला मैनपुरी निवासी प्रमोद ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि, उनका भाई अभिषेक, बुआ का लड़का दिलीप, बुआ की लड़की वंदना व उसके पति दिनेश के साथ कार से मथुरा वृंदावन घूमने के लिए गया थे। 1 जनवरी की रात सभी लोग यमुना एक्सप्रेसवे के रास्ते दिल्ली लौट रहे थे। इसी दौरान रात करीब 12 बजे रबूपुरा छेत्र में यमुना गौर सिटी के पास पीछे से आए एक तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने लापरवाही से कार को टक्कर मार दी थी। इस हादसे में उनके भाई अभिषेक की मौत हो गई थी। वहीं वंदना, दिनेश और दिलीप गंभीर रूप से घायल हो गए थे। सभी घायलों का नोएडा के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। हादसे के बाद आरोपी चालक ट्रक को मौके पर छोड़कर फरार हो गया था। तहरीर पर केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# हिंदी पत्रकारिता संक्रमण काल से गुजर रही है : डॉ.शंभू पंवार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पत्रकारिता एक राष्ट्रीय मिशन है जो कालांतर में आधुनिक डिजिटल युग में एक व्यावसायिक रूप में परिवर्तित हो गया है। यह विचार वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर,अंतरराष्ट्रीय लेखक, पत्रकार एवं सोशल एक्टिविस्ट डॉ. शंभू पवार ने व्यक्त

**यूनाइटेट किंगडम के चैनल पर विशेष बातचीत**

किए। धरा गवर्नर डॉ.शंभू पंवार आज यूनाइटेड किंगडम के चैनल के विशेष कार्यक्रम " दिव्यालय एक व्यक्तित्व परिचय" में टीवी,रेडियो रिप्रजेंटेटिव किशोर जैन से एक विशेष वार्ता के दौरान कही।आज के दौर में पत्रकारिता किस दिशा में जा रही है, विषय पर अपने व्यक्तव्य में कहा कि हिंदी पत्रकारिता आज अपने अस्तित्व को बचाने के लिए संक्रमण काल से गुजर रही है। खोजी पत्रकारिता खोजने पर भी नहीं मिलती है। वर्तमान में राजनीति और पूंजीवाद के दौर में पत्रकारिता के मूल्य गौण हो गए। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया टीवी चैनल टीआरपी बढ़ाने पर ध्यान दे रहे हैं और विज्ञापन के लिए पूंजीपतियों के इशारे पर पत्रकारिता कर रहे हैं। सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव से फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्विटर, इंस्टाग्राम पर स्तरहीन पत्रकारिता एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया ने प्रिंट मीडिया को काफी कमजोर किया है । डॉ. शंभू पंवार ने वार्ता के दौरान कहा कि वर्तमान समय में प्रिंट मीडिया हो या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया चाटुकारिता एवं स्वार्थपरक पत्रकारिता बन कर रह गई है।जिसके फलस्वरूप हिंदी पत्रकारिता की साख में काफी गिरावट देखने को मिल रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान




पत्रकारिता में सुधार की महती आवश्यकता है ।मीडिया कर्मियों को अपने कार्य के प्रति प्रतिबद्धता रखनी होगी। मीडिया कर्मी समाज ओर राष्ट्रहित में सार्थक और सकारात्मक पत्रकारिता करें ।जिससे समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो ।अश्लीलता व समाज में दुष्प्रभाव फैलने वाले समाचारों को इग्नोर करना चाहिए। अपनी कलम को किसी भी राजनीतिक विचारधारा या पूंजी पतियों के प्रभाव में आकर नहीं चलाएं बल्कि अपनी कलम निष्पक्ष और निर्भीक हो कर चलाए जिससे समाज को दिशा मिल सके। पत्रकारिता के मूल्यों को स्थापित करे। डॉ.पंवार ने कहा कि वे अपने चार दशक के पत्रकारिता के सफर से संतुष्ट हूं। वैश्विक पटल पर मेरी लेखनी व कार्यों को दुनिया के सभी मित्रो,शुभचिंतकों इतना प्यार,स्नेह और आशीर्वाद मिल रहा है इससे मन आह्लादित है। सामाजिक सरोकारों पर चर्चा करते हुवे उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर सर्व धर्म संभाव,धार्मिक सौहार्द,शांति एवं मानवता के लिए कृत संकल्पित सामाजिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक संगठन धरा धाम इंटरनेशनल के प्रमुख सौहार्द शिरोमणी डॉ.सौरभ पाण्डेय के नेतृत्व में हम कार्य कर रहे है।इसके अलावा संत गाडगे विश्व कल्याण सिद्धपीठ हरिद्वार ,श्री विवेकानंद मित्र परिषद चिड़ावा,काव्य प्रेमी मंच तंजानिया,गीतांजलि काव्य प्रसार मंच दिल्ली सहित अन्य संस्थाओं से जुड़ कर धार्मिक, साहित्यिक, सामाजिक सरोकारों में सहभागिता निभा रहा हु। आज मै इस मुकाम पर हू वो माता पिता ओर गुरुजनों के आशीर्वाद ओर भोले नाथ की कृपा से हू। मेरा जीवन का एक ही उद्देश्य है की अंतिम समय तक मेरी कलम हमेशा समाज ओर राष्ट्रहित में चले।मै अपनी लेखनी से यदि समाज के एक भी दुखी व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कुराहट लाने में सफल होता हूं तो समझूंगा मेरा जीवन सार्थक हो गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की आयोजक व्यंजना आनंद , सह संयोजक सुनीता सिंह सरोवर, सुशीला फरमानिया, मंजिरी निधि गुल भी उपस्थित थी।

## दम घुटने से मजदूर की मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रबूपुरा (उपेन्द्र भाटी)** कोतवाली छेत्र के गांव रामपुर बांगर में स्थित एक आटा मिल (चक्की) पर शराब के नशे में दम घुटने से युवक की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की पुलिस में लिखित शिकायत नहीं की गई है।

पुलिस के मुताबिक, गांव रामपुर बांगर में बीरेंद्र पुत्र भूप सिंह की आटा चक्की है। वहां पर अतरौली, अलीगढ़ निवासी मनोज, उसकी पत्नी आशा और उसका साला नीरज (20) पुत्र नाहर सिंह काम करता था। रविवार को नीरज शराब पीकर बाहर से आया था। मना करने के बावजूद वह चक्की पर चढ़ गया और वहां बनी अनाज की होद (टंकी) में गिर गया। जिससे चलते दम घुटने से उसकी मौत हो गई। काफी खोजबीन के बाद उसकी मौत का पता चला। लोगों ने अस्पताल में भर्ती करवाया, वहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# अपनी विरासत अपना पर्व हमारा ज्ञान हमारा गर्व

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**वाराणसी।** भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी की अभिप्रेरणा का मूर्त रूप काशी सांसद ज्ञान प्रतियोगिता-2024 के जनपदस्तरीय फाइनल राउंड का आयोजन कोइराजपुर, हरहुआ स्थित संत अतुलानंद कान्वेंट स्कूल में दिनांक 6 जनवरी को संपन्न हुआ। प्रतिभागियों के उत्साहवर्धन एवं उन्हें सम्मानित करने के लिए वाराणसी के कई गणमान्य उपस्थित हुए। जिलाधिकारी वाराणसी श्री एस0 राजलिंगम, मुख्य विकास अधिकारी श्री हिमांशु नागपाल सहित बी0एस0ए0 श्री अरविंद पाठक जी ने कार्यक्रम में विद्यार्थियों की मेधा एवं प्रतिभा की भरपूर सराहना की। वाराणसी के महापौर श्री अशोक तिवारी, श्री धर्मेंद्र सिंह एम0एल0सी0, श्री सौरभ श्रीवास्तव (विधायक कैंट विधानसभा) की



विशेष उपस्थिति ने सभी विद्यार्थियों में नई ऊर्जा का संचार किया। कक्षा एक से आठ, कक्षा 9 से 12, आमजन वर्ग एवं विश्वविद्यालय वर्ग के अंतर्गत इस प्रतियोगिता में कुल चार वर्गों ने भाग लिया जिसमें प्रथम दो वर्ग में वाराणसी के कुल 8 जोन के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कक्षा 1 से 8 वर्ग में कोतवाली जोन ने प्रथम, काशी विद्यापीठ ने द्वितीय एवं वरुणापार जोन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया वहीं कक्षा 9 से 12 वर्ग में काशी विद्यापीठ ने प्रथम, भेलूपुर जोन ने द्वितीय एवं सेवापुरी ब्लॉक ने तृतीय स्थान सुरक्षित किया। आमजन वर्ग के अंतर्गत श्रीमती प्रतिभा वर्मा एवं श्रीमती अलका श्रीवास्तव संयुक्त रूप से प्रथम स्थान पर रही। विश्वविद्यालय वर्ग के अन्तर्गत बी0एच0यू0 को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता का संचालन प्रख्यात क्विज मास्टर श्री निर्मल जोशी ने किया। संस्था सचिव श्री राहुल सिंह जी ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए सभी प्रतिभागियों को अपनी मातृभूमि पर गर्व करने का संदेश दिया। विद्यालय की निदेशिका डा0 वंदना सिंह एवं प्रधानाचार्या डा0 नीलम सिंह जी ने सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# विकास के कार्यों में नहीं रहने दी जाएगी धन की कमी : कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा) ।** वर्तमान सरकार एक्टिव मोड में है। पहली बार प्रदेश में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी है। सरकार का मुख्य उद्देश्य जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने के साथ साथ विकास के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाना है।



यह बात लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने सोमवार को गांव सातरोड खुर्द में नगर निगम की विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखने उपरांत नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए कही। समस्याओं को सुनने उपरांत मौके पर ही कैबिनेट मंत्री ने उनके निदान की दिशा में अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने बरवाला विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार को पहली बार जिताने पर सभी का धन्यवाद करने के साथ साथ ग्रामीणों को नए साल की शुभकामनाए भी दी, साथ ही कहा कि विकास के कार्यों में धन की कमी नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि गांव सातरोड खास एवं खुर्द सहित आसपास की कालोनियों में लगभग 25 करोड़ रुपए की लागत से तालाब नवीनीकरण, पाइप लाइनों को बिछवाने के कार्यो के साथ साथ गलियों के निर्माण के कार्य किए जाएंगे। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ-सबका विकास तथा हरियाणा एक-हरियाणवी एक नारे के साथ हर वर्ग के लिए बिना भेदभाव के कार्य करवाने का काम करती है। इसका उदाहरण मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सरकार बनते ही शपथ लेने उपरांत मंच से उतरने से पूर्व बिना पर्ची-बिनी खर्ची के 25 हजार युवाओं को योग्यता के आधार पर ज्वाइनिंग लेटर भेजने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि तीसरी बार सरकार बनने उपरांत प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों के गांवों में धन्यवादी दौरे के लिए स्वयं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी प्रदेश के सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों का दौरा करेंगे जल्द ही आपके बीच भी पहुंचेंगे।

इस मौके पर नगर निगम कमिश्नर नीरज कुमार, माटी कला बोर्ड के पूर्व चेयरमैन ईश्वर मालवाल, पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, मंडल अध्यक्ष नरेश ग्रेवाल, सरपंच दयानंद, एमसी कृष्ण सैनी, बिजेंद्र शर्मा, रामदेव आर्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# पाराचिनार और गाजा पर हमले मानवता के खिलाफ गंभीर अपराध हैं: मौलाना कल्बे जवाद नकवी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ (सज्जाद बाकर)।** मजलिसे उलेमा-ए-हिंद के महासचिव मौलाना सैय्यद कल्बे जवाद नकवी ने पाकिस्तान के पाराचिनार और गाजा पर होने वाले हमलों की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि ये मानवता के खिलाफ गंभीर अपराध हैं। इन हमलों में निर्दोष नागरिकों, महिलाओं और बच्चों की हत्या अस्वीकार्य है और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को तुरंत इन घटनाओं पर ध्यान देना चाहिए। ये हमले न सिर्फ अम्न और शांति के लिए खतरा हैं बल्कि अंतरराष्ट्रीय कानूनों का भी उल्लंघन हैं। हम प्रभावित परिवारों के प्रति सहानुभूति रखते हैं और मांग करते हैं कि हमलावरों को न्याय के कटघरे में लाया जाए। उन्होंने कहा कि



पाराचिनार के हक के लिए आवाज उठाने के जुर्म में जिस तरह से मौलाना हसन जफर साहब को निशाना बनाया गया उसकी हम कड़ी निंदा करते हैं। हम पाराचिनार के विरोध प्रदर्शन के दौरान शहीद हुए लोगों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं। हम उन लोगों के प्रति सहानुभूति रखते हैं जो विरोध प्रदर्शन में घायल हुए और उनके ठीक होने की दुआ करते हैं। मौलाना कल्बे जवाद नकवी ने कहा कि हम पाकिस्तान के शिया नेतृत्व से एक जुटता के साथ विरोध जारी रखने की अपील करते हैं और लोगों से अनुरोध है कि वे नेतृत्व के फैसलों को स्वीकार करें और उनका समर्थन करें। इतिहास गवाह है कि जहां भी जनता ने उलेमा और नेतृत्व का साथ दिया है, वहां उन्हें सफलता मिली है। कुछ लोग पाराचिनार और गाजा को दो अलग-अलग घटनाओं के रूप में देखते हैं, जबकि दोनों जगहों पर अत्याचार हो रहे हैं और दोनों ही निंदनीय हैं।

# दिल्ली संगम विहार में गोली बाजी को लेकर अरविंद केजरीवाल ने गृह मंत्री को निशाना बनाया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली (अनिता)।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के संगम विहार में हुई गैंगवार में ताबड़तोड़ गोलियों की बौछारों को लेकर आम आदमी पार्टी के संयोजक व दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बीजेपी और गृहमंत्री अमित शाह पर निशाना साधा है। केजरीवाल ने दिल्ली के संगम विहार में रविवार की रात को हुई गैंगवार को लेकर कहा,अमित शाह जी कृपया इसे रोकिए। आप लोगों ने दिल्ली का क्या हाल कर दिया। कुछ तो कीजिए। राजधानी दिल्ली में जब से विधानसभा चुनाव के फिर कर प्रसार में तेजी आई है तब से सत्ता पक्ष और पक्ष एक दूसरे पर तंज कसने पर लगे हुए हैं। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री जी, अगर अमित शाह जी से नहीं हो पा रहा तो कोई काबिल गृहमंत्री दीजिए जो दिल्ली वालों को सुरक्षा दे सके। राजधानी दिल्ली में जहां चुनावी पारा चढ़ा हुआ है, वहीं सुरक्षा देने के तमाम दावे धराशायी होते नजर आ रहे हैं। रविवार देर रात संगम विहार में जमकर गोलियां तड़तड़ायीं। एक घंटे तक हुई गोलीबारी में तीन लोग घायल हुए हैं, जिनमें से दो की हालत गंभीर है।

**राजधानी दिल्ली में जब से विधानसभा चुनाव के फिर कर प्रसार में तेजी आई है तब से सत्ता पक्ष और पक्ष एक दूसरे पर तंज कसने पर लगे हुए हैं। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री, अगर अमित शाह से नहीं हो पा रहा तो कोई काबिल गृहमंत्री दीजिए जो दिल्ली वालों को सुरक्षा दे सके।**

नासिर के गर्दन पर मार दी गोली वहीं, पुलिस इसके पीछे गैंगवार कि वजह मान रही है। वहीं स्थानीय लोगों के मुताबिक, संगम विहार में दो युवक राहुल और साहिल आए और यहां के रहने वाले नासिर के गर्दन में गोली मार दी। दोनों भागने लगे तो नासिर के परिवार और आसपास के लोगों ने दोनों को घेरकर पकड़ लिया। भीड़ ने दोनों को जमकर पीटा। बताया गया कि घटना के करीब आधे घंटे बाद पुलिस पहुंची और राहुल व साहिल को भीड़ से छुड़ाकर अस्पताल में भर्ती कराया। दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है। नासिर-राहुल और साहिल पर कई मुकदमे दर्ज है। पुलिस के अनुसार नासिर, राहुल और साहिल पर पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। किसी बात को लेकर राहुल और साहिल ने नासिर को मारने की कोशिश की है। मामला गैंगवार का होने की भी बात कही जा रही है। दक्षिणी जिला पुलिस उपायुक्त रवि कुमार सिंह ने बताया कि पांच दिसंबर की रात 8.30 बजे थाना संगम विहार में फायरिंग की घटना को लेकर पीसीआर कॉल आई। कॉल करने वाले राजस्थान निवासी आसिफ खान ने बताया कि वह अपने साढ़ू नासिर के घर संगम विहार में आए थे। उसने बताया कि किसी ने उसके नासिर खान पर फायरिंग कर दी है, जिसे गर्दन में गोली लगने के कारण बत्रा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तुगलकाबाद निवासी साहिल इलेक्ट्रीशियन का काम करता है। उस पर संगम विहार थाने में तीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस उपायुक्त रवि कुमार सिंह ने कहा कि घटना दोनों पक्षों के बीच आपसी दुश्मनी के कारण हुई।

दोनों पक्षों के पीछे किसी गिरोह का हाथ नहीं पाया गया है। आम आदमी पार्टी के संयोजक मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सुभद्रथ को लेकर भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह जो कि गृह मंत्री हैं उनको निशाने पर ले रहे हैं। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सियासी रोटी सकते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री को चाहिए कि कोई काबिल गृह मंत्री दिल्ली को दें।

# पंडित सुरेश नीरव को मिला हिंदी अकादमी का हिंदी सेवी सम्मान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दल्ली।** हिंदी के अंतर्राष्ट्रीय ख्यात कवि एवं पत्रकार पंडित सुरेश नीरव को उनकी सतत हिंदी सेवा को रेखांकित करते हुए हिंदी अकादमी, दिल्ली सरकार ने एक लाख रुपये वाले अपने प्रतिष्ठित "हिंदी अकादमी हिंदी सेवी सम्मान" (सम्मान राशि एक लाख रुपए) देने की घोषणा की है।



उल्लेखनीय है कि देश की अगृणी साहित्यिक संस्था अखिल भारतीय सर्वभाषा संस्कृति समन्वय समिति के संस्थापक अध्यक्ष तथा वैश्विक पत्रिका प्रज्ञान विश्वम पत्रिका के प्रधान संपादक पंडित सुरेश नीरव ऐसे प्रथम भारतीय हैं जिन्हें जर्मनी के अति प्रतिष्ठित सम्मान "मैक्समूलर एवार्ड" से तथा सुलभ साहित्य अकादमी के पांच लाख सम्मान राशिवाले प्रतिष्ठित "श्रेष्ठ साहित्यकार सम्मान" से पूर्व में भी सम्मानित किया जा चुका है।दक्षिण अफ्रीका के जोहांसबर्ग में आयोजित नवम विश्व हिंदी सम्मेलन में भी आप भारत सरकार के प्रतिनिधि कवि के रूप में भी सम्मिलित हो चुके हैं। पंडित सुरेश नीरव की अबतक छब्बीस पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी है तथा आप लंबे समय तक हिंदुस्तान टाइम्स की प्रतिष्ठित साहित्यिक पत्रिका कादम्बिनी के संपादन मंडल से भी संबद्ध रहे हैं। आपको यह सम्मान मिलने पर देश विदेश के प्रतिष्ठित साहित्यकारों, पत्रकारों ने बधाई संदेश प्रेषित किए है।

# नया पर्यटन केन्द्र के रूप में उभर रहा रामायण सांस्कृतिक केंद्र

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** देश की नई पीढ़ियों को रामायण की शिक्षाओं को गहराई से समझाने और अद्वितीय अनुभव प्रदान करने के लिये शुरू किया गया रामायण सांस्कृतिक केंद्र भारत का नया पर्यटन केंद्र के रूप में उभर रहा है। जिसका उद्देश्य न केवल भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को जीवंत करना है, बल्कि इस क्षेत्र में पर्यटन और अन्य विकास कारकों को भी बढ़ावा देना भी है। नागपुर के निकट कोराडी मंदिर परिसर में स्थित रामायण सांस्कृतिक केंद्र चन्द्रशेखर बावनकुले का विजन रहा है जो रामायण सांस्कृतिक केंद्र भारतीय विद्या भवन के उपाध्यक्ष और ट्रस्टी बनवारी लाल पुरोहित के दिमाग की खोज है। इस केन्द्र का उद्घाटन भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने किया था। अत्याधुनिक तकनीक और परंपरा के प्रति श्रद्धा के साथ, रामायण सांस्कृतिक केंद्र एक अद्वितीय अनुभव प्रदान करता है। आगंतुक आधुनिक प्रदर्शनियों और कार्यशालाओं के माध्यम से रामायण

**रामायण को नई पीढ़ी के लिए जीवंत बना रहा चन्द्रशेखर बावनकुले का विजन**

की शिक्षाओं को गहराई से समझ सकते हैं, जिससे भारत की आध्यात्मिक जड़ों से उनका गहरा जुड़ाव होगा। यही नहीं पिछले साल 22 जनवरी को राम मंदिर के उद्घाटन ने भारत के सांस्कृतिक गौरव के पुनरुत्थान का संकेत दिया, और रामायण सांस्कृतिक केंद्र इस भावना को और आगे बढ़ाता है। चंद्रशेखर बावनकुले का नेतृत्व इस पहल का केंद्र रहा है, जो यह सुनिश्चित करता है कि यह सांस्कृतिक पुनर्जागरण का केंद्र बने। इस केंद्र में इमर्सिव डिजिटल डिस्प्ले, ऐतिहासिक कलाकृतियां और शैक्षिक अनुसंधान के लिए स्थान हैं, जो इसे एक सांस्कृतिक एपीसेंटर बनाता हैं जो दुनिया भर से आगंतुकों को आकर्षित करता है। बावनकुले का विजन बुनियादी ढांचे से परे है, यह एक ऐसा स्थान बनाने के बारे में है जो शिक्षित करता है, प्रेरित करता है और एकजुट करता है। संसाधनों को जुटाने और सामग्री को क्यूरेट करने में उनकी व्यक्तिगत भागीदारी यह सुनिश्चित करती है कि रामायण कल्चरल सेंटर केवल एक परियोजना नहीं है बल्कि भारत के भविष्य के लिए एक विरासत है।

# 2025 में कांग्रेस पार्टी के संगठन्नात्मक चुनाव पार्टी को मजबूत करने में अहम साबित होंगे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ (लेखराम मौर्य)।** बेलगावी में कांग्रेस कार्यसमिति की हुई बैठक को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि वर्ष 2025 कांग्रेस संगठन सृजन का वर्ष होगा। कांग्रेस ने तय किया है कि 2025 में ऊपर से नीचे तक संगठन को पूरी तरह से मजबूत करेगी।

इसी क्रम में उत्तर प्रदेश को संगठन के लिहाज से 6 जोन में विभाजित किया गया है उसके प्रभारी राष्ट्रीय सचिव स्तर के नेता हैं। इन सभी राष्ट्रीय सचिव गणों ने अपने जोन के सभी जिलों का सतत दौरा किया, बैठक और सम्मेलन भी किये। इन दौरों से राष्ट्रीय सचिव गणों ने खुद आंकलन कर हर जिले के नेताओं के नामों का चयन किया। इन चयनित सभी कांग्रेसजनों को लखनऊ प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर दिनांक 07 जनवरी से दिनांक 12 जनवरी 2025 तक आमंत्रित किया गया है। जिनसे प्रभारी राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पाण्डेय-पूर्व सांसद, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, अजय राय सभी सचिवगण और अन्य वरिष्ठ नेतागण संगठन के बारे में चर्चा करेंगे। इसके अलावा यह भी किया गया है कि यदि किन्हीं कांग्रेस कार्यकताओं के नाम इस चयन प्रक्रिया से छूट गये हैं तो वह भी इस बैठक में आकर सीधे अपनी दावेदारी पेश कर सकते हैं।इसी प्रक्रिया के बाद जिला/शहर अध्यक्षों और प्रदेश कार्यकारिणी के बारे में निर्णय किया जायेगा।

इस कार्यक्रम में 07 जनवरी को पूर्वांचल जोन, 08 जनवरी को प्रयागजोन, 09 जनवरी को अवध जोन, 10 जनवरी को बुंदेलखंड जोन, 11 जनवरी को ब्रज जोन और 12 जनवरी 2025 को पश्चिमी जोन के जिलों के नेताओं से संगठन सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत चर्चा होगी।

# परिवहन मंत्री ने महिलाओं में व्याप्त सर्वाइकल कैंसर जागरूकता के लिए हॉफ मैराथन को हरी झंडी दिखायी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने आज 1090 चौराहे पर सर्वाइकल कैंसर जागरूकता के लिए हाफ मैराथन कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के लिए यह सबसे बड़ा दौड़ है। मैराथन की शुरूआत ईसा से 500 वर्ष पूर्व यूनान में वहां के सैनिकों ने जीत के उत्साह को जताने के लिए की थी। उस समय वहां के सैनिकों द्वारा लगभग 42.195 किमी0 की दौड़ लगाई थी। आज आप सबने भारत में फैली एक ऐसी समस्या के समाधान के लिए, जागरूकता के लिए लखनऊ की धरती पर मैराथन दौड़ के लिए इकट्ठा हुए। निश्चित तौर पर इससे प्रेरणा लेकर हम इस महत्वपूर्ण लड़ाई से बाहर निकल पायेगे। हमें पूरा विश्वास है कि लाखो लोग इससे स्वस्थ होंगे। परिवहन मंत्री ने कहा कि समरसता सेवा संस्थान का यह आयोजन सामाजिक सरोकारों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। संस्थान लगातार समाज के विभिन्न वर्गों के कल्याण के लिए कार्य कर रहा है। यह हाफ मैराथन इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि जिस देश में लोग स्वस्थ रहते है। वहां अस्पताल की कम से कम आवश्यकता पड़ती है। इस मैराथन दौड़ से लोग प्रेरणा लेंगे और स्वस्थ रहेंगे, मैं ऐसी कामना करता हूॅ और प्रदेश सरकार की तरफ से यहां आये लोगों को धन्यवाद ज्ञापित करता हूॅ। समरसता सेवा संस्थान द्वारा आयोजित यह हॉफ मैराथन महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह आयोजन न केवल लोगों को स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित करता है, बल्कि समाज में जागरूकता पैदा करने में भी मदद करता है।

**विधानसभा चुनाव** — विधानसभा चुनाव का दंगल का अखाड़ा बना सोशल मीडिया सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर नहीं है कोई भी पीछे

# दिल्ली के मुख्यमंत्री की सीट पर फिर से विराजमान होने के लिए केजरीवाल खोल रहे हैं की योजनाओं के पत्ते

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली (ऐजाज अली)।** इस समय राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के विधानसभा चुनाव का दंगल का अखाड़ा बना सोशल मीडिया सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर नहीं है कोई भी पीछे। अगले माह होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर मतदाताओं तक अपनी बात पहुंचाने के साथ ही विपक्षी दलों पर चुटीले हमलों के लिए राजनीतिक दल तकनीकी का खूब प्रयोग कर रहे हैं। इसमें भी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) का इस्तेमाल विपक्षियों के साथ ही मतदाताओं को भी चकित कर रहा है। प्रचार के लिए खूब हो रहा एआई का इस्तेमाल पार्टी के मुखिया व दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सर्वकालिक महानतम कहने से लेकर उन्हें दिल्ली के बेटा के साथ ही भीम राव आंबेडकर का आशीर्वाद लेते हुए चित्रित करने तक में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी एआइ का खूब इस्तेमाल कर रही है। दूसरी ओर, भाजपा भी एआइ द्वारा निर्मित वीडियो और पोस्टरों में केजरीवाल को मूल महाठग" (मास्टर ठग) के रूप में प्रचारित कर रही है।

एक उदाहरण में, अमिताभ बच्चन की फिल्म बागबान का एक दृश्य, जिसमें माता-पिता बच्चों पर अपना सब कुछ न्योछावर कर देने के बावजूद बच्चों से उपेक्षा सहते हुए दिखाए गए हैं, को एआइ के साथ संशोधित करके आप ने केजरीवाल को दिखाया है, जो इस बात पर जोर देता है कि दिल्ली का बेटा कभी भी लोगों को नहीं छोड़ेगा। आप के एक्स पोस्ट पर कई विज्ञापन क्लिप हैं, जिनमें केजरीवाल और मुख्यमंत्री आतिशी के वीडियो शामिल हैं। एक्स प्लेटफार्म राजनीतिक दलों के लिए युद्ध का मैदान बन गया है, जहां वे मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए ट्विस्ट और टर्न का इस्तेमाल कर रहे हैं। बैकग्राउंड म्यूजिक, पोस्टर और वीडियो उनकी योजनाओं को प्रदर्शित करते हैं और एक-दूसरे पर निशाना साधते हैं। सभी दलों द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, पानी और सड़क जैसे बुनियादी मुद्दों को उजागर किया जा रहा है, साथ ही सत्ता में आने पर वे क्या करेंगे, इसके वादे भी किए जा रहे हैं। भाजपा ने केजरीवाल का एक पोस्टर शेयर किया उनका यह भी दावा है कि अगर दूसरी पार्टी जीतती है, तो वह लोगों से ये लाभ छीन लेगी। मतदाताओं से जुड़े मुद्दों पर एक-दूसरे पर निशाना साधते हुए, दोनों दल कोई भी मौका नहीं छोड़ रहे हैं। भाजपा ने केजरीवाल का एक पोस्टर शेयर किया है, जिसका टैगलाइन है फर्जी वोटर्स से इश्क है (उन्हें नकली मतदाता पसंद हैं) और उन्हें असली महाठग" (मास्टर ठग) कहा है। दिल्ली ने ठाना है आप-दा को हटाना है' वहीं, हाल में भाजपा प्रेस कान्फ्रेंस में, भाजपा को एआई का उपयोग करके बनाए गए पोस्टर दिखाते हुए देखा गया। ऐसे ही एक पोस्टर में केजरीवाल के चेहरे को भूल भुलैया के फिल्म किरदार छोटा पंडित से बदल दिया गया था, जिसका टैगलाइन था चुनावी हिंदू। जबकि एक पोस्टर में पंचायत वेब सीरिज का पोस्टर उठाकर लिखा है, दिल्ली ने ठाना है आप-दा को हटाना है। भाजपा को लाना है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आप ने एक वीडियो जारी किया है, जिसका टैगलाइन है "कांग्रेस होगी दिल्ली में लापता"। इस वीडियो में आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह का एक क्लिप शामिल है, जिसमें वे एक साक्षात्कार में कह रहे हैं कि आने वाले चुनावों में कांग्रेस को कोई नुकसान नहीं होगा, क्योंकि पिछले चुनावों में उसे कोई सीट नहीं मिली थी और इस साल भी परिणाम वही होंगे। आप ने इस टिप्पणी को उजागर किया और अपने नेता को सैवेज सिंह बताया। इसी तरह, बीआर अंबेडकर पर कुछ टिप्पणियों को लेकर हाल ही में हुए विवाद से प्रेरणा लेते हुए केजरीवाल ने एक एआई-जनरेटेड वीडियो साझा किया, जिसमें वे अंबेडकर की एक विशाल प्रतिमा के सामने खड़े होकर सम्मान में अपना सिर झुकाते हुए दिखाई दे रहे हैं। केजरीवाल को वीडियो में यह कहते हुए सुना जा सकता है, अपना अपमान सह लेंगे, पर आपका नहीं। ऐसे में कांग्रेस पार्टी भी कहा पीछे रहे। वह भी एआइ जनरेटर आप का स्कैम वीडियो में केजरीवाल को धोखे वाली सरकार बता रही है।

# श्री गुरु गोविंद सिंह की जयंती पर हुआ लंगर का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिलारी (एम.के.भारती सैफी)।** सिख धर्म के दसवें एवं खालसा पंथ के संस्थापक श्रीगुरु गोविंद सिंह की जयंती पर्व पर श्रीगुरुद्वारा सिंह सभा बिलारी में रामपुर से आए सरदार कुलदीप सिंह रागी जत्थे ने अपने शवद कीर्तन से संगत नू निहाल किया बाद में अरदास व श्रीगुरुद्वारा सिंह सभा में लंगर का आयोजन किया गया। श्रीगुरूद्वारा सिंह सभा के ज्ञानी यशपाल सिंह ने बताया कि श्रीगुरु गोविंद सिंह का जन्म 22 दिसंबर 1666 को पटना बिहार में में हुआ था आज पटना साहिब में बहुत बड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है उन्होंने बताया कि श्री गुरु गोविंद सिंह जी कहते थे सवा लाख से एक लड़ाऊं चिड़िया ते में बाज तुड़ाऊं तभी गोविंद सिंह नाम कहाऊं, ज्ञानी जी ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह जी के बताये मार्ग पर चल कर ही पंथ का भला हो सकता हैं। ज्ञानी सुरजीत सिंह कांठ वालों ने श्री गुरु गोविंद सिंह जी के जीवन पर प्रकाश डाला। श्री गुरु गोविंद सिंह जयंती के अवसर पर गुरुद्वारे को सभी संगत ने गुब्बारे से सजाया इस अवसर पर शब्द ,कीर्तन, अरदास के बाद में लंगर का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर पंजाबी महासभा बिलारी के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार चुग, मीना चुंग,मगन लाम्बा, गिन्नी , रीना लाम्बा, कबीर लाम्बा,सरदार गुरजीत सिंह खुराना, गुरजीत कौर,साजन खुराना ,तिलक राज चांदना, इन्द्र चांदना,सुशीला चांदना, सुनीता चावला, माया देवी अरोड़ा, कमल कुमार शर्मा, कमलेश शर्मा, विवेक अहुजा,अमरजीत, सोनू, सरदार सुरजीत सिंह, छविराज चावला,उदय चावला, परमजीत सिंह, जसपाल सिंह, बलविंदर कौर, सुरेंद्र सिंह, कमलजीत कौर, सुरजीत सिंह गुल्लू, प्रीतम कौर, मोहनी ग्रोवर ,प्रिया चांदना, वरदान चांदना, तेजेंद्र कौर नागी,सतप्रीत कौर नागी, रजनीश गर्ग,धर्मेंद्र गांधी, अभिषेक चांदना,सरदार दरवारा सिंह आदि के अलावा आसपास धर्म प्रेमी,पुलिस विभाग एवं पत्रकारो ने भी भाग लिया।





## सोमवार से सक्रिय हो गई यूपी बोर्ड की हेल्प डेस्क, परीक्षा समाप्त होने तक सक्रिय रहेगी हेल्प डेस्क

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** यूपी बोर्ड की हेल्प डेस्क सोमवार से सक्रिय हो गई है। यूपी बोर्ड की दसवीं व बारहवीं की परीक्षाएं 24 फरवरी से शुरू होने जा रही हैं। विद्यार्थी टोल फ्री नंबर के साथ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से अपनी समस्या का निराकरण करा सकेंगे। परीक्षार्थियों को अपने विषय में कोई समस्या है या मनोवैज्ञानिक समस्या है तो वे बोर्ड के टोल फ्री नंबर 18001805310 और 18001805312 पर सुबह 11 से शाम चार बजे संपर्क कर सकते हैं। ई-मेल आईडी upmsp- prayagraj @gmail. com , एक्स हैंडल @upboard- pry, फेसबुक पेज Madhyamik Shiksha Parishad Uttar Pradesh के माध्यम से समस्या का निराकरण होगा। वहीं, यूट्यूब चैनल Madhyamik Shiksha 5. Parishad, UP,Prayagraj (www.youtube.com/@ upboardpryj) व इंस्टाग्राम आईडी @upboardpryj से भी समस्याओं का समाधान होगा। समस्या के समाधान के लिए बोर्ड मुख्यालय में विषय विशेषज्ञों के साथ मनोविज्ञानशाला के दो काउंसलर भी मौजूद रहेंगे। अगर उस वक्त किसी विषय के विशेषज्ञ मौजूद नहीं हैं तो संबंधित परीक्षार्थी को बाद में फोन करके उसकी समस्या का समाधान किया जाएगा। हेल्प डेस्क 12 मार्च को परीक्षा समाप्त होने तक सक्रिय रहेगी। यूपी बोर्ड के बोर्ड सचिव भगवती सिंह के अनुसार परीक्षा से डेढ़ माह पहले हेल्प डेस्क शुरू किए जाने से परीक्षार्थियों के पास अपनी समस्या के समाधान के लिए काफी वक्त होगा। वे परीक्षा की तैयारी बेहतर तरीके से कर सकेंगे। मुख्यालय के साथ क्षेत्रीय कार्यालय व मंडल मुख्यालय स्तर पर भी हेल्प डेस्क बनाने के निर्देश गए हैं।




## प्रकृति पर्यावरण संरक्षण और महिला सशक्तिकरण पर कैलेंडर का डिप्टी कलेक्टर मांगेराम चौहान ने किया विमोचन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** धर्मार्थ समर्पण न्यास और ए आर के स्टूडियो परिवर्तन द्वारा प्रकृति पर्यावरण संरक्षण और महिला सशक्तिकरण पर रविवार को कोटद्वार में एक कैलेंडर लॉन्च किया गया । प्रकृति और मातृशक्ति दोनों ही बीज को वृक्ष बनाने की क्षमता से परिपूर्ण है धर्मार्थ समर्पण न्यास और ए आर के स्टूडियो परिवर्तन एक नई राह पर इस साल 2025 में दोनों सृजन शक्तियों को और उनके मान सम्मान को समर्पित करते हुए जागरूकता अभियान के तहत इस कलेंडर का विमोचन किया । नगीना (बिजनौर) के डिप्टी कलेक्टर मांगेराम चौहान इस विमोचन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। धर्मार्थ समर्पण न्यास इस कैलेंडर साल में प्रकृति पर्यावरण संरक्षण पर और महिला सशक्तिकरण और शिक्षा पर जागरूकता के तहत अभियान शुरू कर रहा है ,इस कार्य में सहयोगी के रूप में र४५ीं ङ्क्कङ्करि से विनोद कुमार सिंह , महादेव लाल पेडा भंडार वाराणसी ,मयार्दा फाउंडेशन, परफेक्ट दृष्टि आई केयर ,,वर्मा पैथोलॉजी लैब्स,साईं होमियो क्लिनिक, यादव पैथोलॉजी लैब्स,शिक्षाविद समाज सेवी पारुल मोहन, हैप्पी योगा से पंखुरी श्रीवास्तव आरव टाइम्स और मयार्दा फाउंडेशन से अंशु पाण्डेय,एलिस कोरियोग्राफर डॉक्टर मीनू गबरानी, मेकओवर आर्टिस्ट कविता ,योगिनी अंतिका राय,ऐक्ट्रेस श्वेता ओझा ,एक्ट्रेस एंकर भाषा झा शिक्षाविद श्वेता मिश्रा ,काउंसलर दीक्षा सिंह ,चाणक्य देव व आशीष चौधरी रहे । धर्मार्थ समर्पण न्यास की शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण के लिए ये एक पहल है।




## भाजपा जिलाध्यक्ष पद के लिए आज से 10 जनवरी के बीच होंगे नामांकन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा के जिलाध्यक्ष पदों के लिए 7 से 10 जनवरी के बीच नामांकन होंगे। वैचारिक पृष्ठभूमि के साथ ही दो बार के सक्रिय सदस्य ही नामांकन कर सकते हैं। जिला चुनाव अधिकारी अपने जिलों में चुनाव तिथि व स्थान की घोषणा करेंगे। पार्टी मुख्यालय में भाजपा संगठन पर्व-2024 के तहत आयोजित संगठन चुनाव प्रदेश कार्यशाला में इसकी घोषणा हुई। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) बीएल संतोष ने कहा कि समय के साथ कार्यकर्ता के दायित्वों में बदलाव होता रहता है। विचारधारा, संस्कार और संगठनात्मक पद्धति ही लंबे समय तक संगठन को जीवंत रखती है। भाजपा मेरा संगठन है, इस विचार से जिलों में जाकर वर्तमान से अच्छा संगठन तैयार करने की समझ के साथ रायशुमारी करें। राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े ने कहा कि भाजपा एकमात्र राजनीतिक दल है, जो संगठन की संरचना भी लोकतांत्रिक व्यवस्था के अनुरूप करता है। बूथ का कार्यकर्ता भी अपनी योग्यता और क्षमता के आधार पर शीर्ष पद पर पहुंच सकता है। प्रदेश चुनाव अधिकारी डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय ने कहा कि कर्तव्यनिष्ठ कार्यकर्ताओ को मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बड़ी संख्या में पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित वर्ग तथा महिला कार्यकर्ताओ का मंडल अध्यक्ष के रूप में निर्वाचन हुआ है।

## कांठ रोड की खूबसूरती बढ़ाएगी ग्रीन बेल्ट, लगाए जाएंगे फूलों के पौधे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** कांठ रोड की खूबसूरती बढ़ाने के लिए नगर निगम किला तिराहे से लेकर कॉसमॉस अस्पताल तक सड़क पर ग्रीन बेल्ट तैयार करा रहा है। सड़क किनारे बनाई जा रही ग्रीन बेल्ट में रंग-बिरंगे फूल लगाए जाएंगे। ग्रीन बेल्ट बनने के बाद कांठ रोड से गुजरने वालों को अलग ही अहसास होगा। ग्रीन बेल्ट बनाने का काम किला तिराहे से शुरू हो चुका है। लाल रंग के पत्थर से ग्रीन बेल्ट की बाउंड्री की जा रही है। बाउंड्री के बाद रंग-बिरंगे - फूलों के पौधे लगाए जाएंगे। इसी तरह की ग्रीन बेल्ट पीलीकोठी से लेकर किला तिराहे तक जगह-जगह तैयार की जा चुकी हैं। वहीं, दिल्ली रोड पर भी इसी तर्ज पर ग्रीन बेल्ट तैयार की गई है। कांठ रोड पर बन रही ग्रीन बेल्ट को एक थीम पर तैयार किया जाएगा।यहां आधुनिक एलईडी लाइट भी लगाई जाएंगी, जिससे रात के समय भी यह ग्रीन बेल्ट अपने आकर्षण से लोगों को आनंदित करेगी।



## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह: कांठ में 451 जोड़ों की शादी 23 जनवरी को होगी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मुख्यमंत्री विवाह का आयोजन विधानसभा पर किया जाएगा। 18 जनवरी नगर विधानसभा क्षेत्र में कार्यक्रम का आयोजन होगा। 23 जनवरी को कांठ और ठाकुरद्वारा विधानसभा क्षेत्र में और 27 जनवरी को बिलारी और कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। योजना के तहत जिले को 3451 जोड़ों का विवाह कराने का लक्ष्य दिया गया है। जिला स्तर पर अलग से विधानसभा क्षेत्रवार लक्ष्य का आवंटन किया गया है। जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र कुमार गौतम के अनुसार नगर विधानसभा क्षेत्र में कुल 1103 जोड़ों की शादी होगी। कांठ में 451, ठाकुरद्वारा में 827, बिलारी में 302 और कुंदरकी विधानसभा में 768 लाभार्थियों को इस योजना का लाभ दिया जाएगा। योजना में निराश्रित महिला, विधवा महिला की बेटी, दिव्यांग अभिभावक की बेटी और ऐसी कन्या जो स्वयं दिव्यांग हो उसे प्राथमिकता दी जाएगी। डीएम अनुज सिंह ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हर स्तर पर योजनाबद्ध तरीके से काम करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि क्षेत्र के आवेदकों के आवेदन पत्र की गहनता से जांच की जाए।




## कृषि उपज बढ़ाने के लिए 41998 किसानों ने 250 करोड़ का ऋण सहकारी बैंकों से प्राप्त किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** छोटे किसानों को आर्थिक शोषण से मुक्त करने के लिए सरकार ने सहकारी बैंकों से ऋण देने का काम शुरू किया था, जिसका असर अब जमीन पर दिखने लगा है। जिले में इस वित्तीय वर्ष में अब तक 41,998 किसानों ने सहकारी बैंक से 249.98 करोड़ रुपये का अल्पकालीन ऋण लेकर कृषि उपज बढ़ाने के लिए खाद व बीज प्राप्त की है।

ऋण लेने वाले किसानों की यह संख्या पिछले वर्ष के मुकाबले काफी अधिक है। पिछले वित्तीय वर्ष में सहकारी बैंकों से जिले में कुल 26,712 किसानों ने ऋण लिया था।सहकारी विभाग के आंकड़ों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2017-18 से लेकर अब तक हर साल सहकारी बैंकों से ऋण लेने वाले किसानों की संख्या में इजाफा हुआ है। पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 में जिले में कुल 26,712 किसानों ने सहकारी बैंकों से 217.50 करोड़ रुपये का ऋण लिया था। अमरोहा और संभल की बात की जाए तो अमरोहा में अब तक 63,420 किसान और संभल में 33619 किसानों ने सहकारी बैंकों से लोन प्राप्त किया है। सहकारी बैंक ने अमरोहा के 63,420 किसानों को 436.05 करोड़ और संभल के 33,619 किसानों को 170,61 करोड़ रुपये का ऋण प्रदान किया है।। साथ ही इस लोन की मदद से ग्रामीण इलाकों में युवाओं को स्वरोजगार स्थापित करने में भी आसानी हो रही है। किसानों को ऋण प्राप्त करने के लिए दर-दर भटकना नहीं पड़ रहा है, बल्कि गांव में ही सीधे ऋण प्राप्त हो रहा है।

मौजूदा वित्तीय वर्ष 2024-25 में एक अप्रैल से लेकर 31 दिसंबर तक जिले के 41,998 किसानों ने 249.98 करोड़ रुपये का ऋण सहकारी बैंकों से प्राप्त किया है।आसानी से ऋण मिलने के चलते लोगों का रुझान लगातार बढ़ता जा रहा है। इससे किसान साहूकारों के चंगुल से भी बाहर आ रहे हैं। सहकारिता विभाग की मुरादाबाद में 58, अमरोहा में 45 और संभल में 42 सहकारी समितियां संचालित हैं।

## आरएसी मुख्यालय बैतुर्रजा पर मनाया जाएगा सरकार गरीब नवाज का उर्स

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली।** ऑल इंडिया रजा एक्शन कमेटी (आरएसी) के ख़्वाजा कुतुब स्थित मुख्यालय बैतुर्रजा पर मंगलवार को सरकार सुल्तान-उल-हिन्द हजरत ख़्वाजा गरीब नवाज के उर्स की महफि ल सजाई जाएगी। इस मुबारक महफि ल की सरपरस्ती नबीरा ए आला हजरत हुजूर अफरोज मियां और सदारत नबीरा-ए-आला हजरत राष्ट्रीय अध्यक्ष ऑल इंडिया रजा एक्शन कमेटी हजरत अदनान मियां करेंगे महफि ल सुबह 8 बजे शुरू होगी। कलाम-ए-पाक की तिलावत के बाद उलामा अपनी तकरीरों में सरकार ख़्वाजा गरीब नवाज की दीनी खिदमात पर रोशनी डालेंगे। इस मौके पर नातो-मनकबत का नजराना भी पेश किया जाएगा। महफि ल के आखिर में सरकार गरीब नवाज का *10:40 बजे कुल शरीफ और लंगर होगा।

## प्रधानमंत्री सूर्य ऊर्जा: लक्ष्य 80 हजार का कनेक्शन हुए 423

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** प्रधानमंत्री सूर्य ऊर्जा प्रोजेक्ट को लेकर पारंपरिक गैर ऊर्जा स्रोत विभाग यानि नेडा की कसरत मझधार में है। जिले में इस वित्तीय वर्ष में 80,000 कनेक्शन दिए जाने हैं। अब तक मात्र 423 कनेक्शन ही हो सके

हैं। इसके लिए 63816 लोगों ने आवेदन किए हैं। नए साल में तीन दिन के भीतर 19 फार्म जमा हुए हैं। विभाग इस योजनों के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर प्रयासरत है। नेडा को जिले में योजना का लक्ष्य पूरा करने में पसीने छूट रहे हैं।केंद्र और राज्य सरकार की ओर से इस योजना में अनुदान दिया जा रहा है। यानि एक से तीन किलोवाट के कनेक्शन वालों को सरकार की ओर से साठ प्रतिशत से अधिक छूट मिल रही है। लेकिन विभागीय पेंच और योजना के भविष्य को लेकर सोच-विचार करने वाले लोग इस प्रोजेक्ट को लेकर दिलचस्पी नहीं दिखा रह हैं। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा इस योजनों की समीक्षा बैठक बुलाई है, जिसके मद्देनजर नेडा कार्यालय ने तैयारी शुरू कर दी है।2024 में पीएम सोलर कनेक्शन मेले का आयोजन किया गया। सोलर कनेक्शन के दो दिवसीय मेगा मेला आयोजित हुआ। जबकि, बिजली विभाग की ओर से जिले के अधिशासी अभियंता, अवर अभियंता और अधीक्षण अभियंता के साथ अपने कार्यालय में बैठक की थी। मंडल के तीनों जिले क्रमश मुरादाबाद, रामपुर और संभल के 9 लाख उपभोक्ताओं को प्रधानमंत्री सोलर कनेक्शन योजना में कनेक्शन दिए जाने हैं। नेडा के जिम्मे 80,000 कनेक्शन के लक्ष्य हैं। लेकिन यह योजना यहां सुस्ती की मारी नजर आ रही है। लक्ष्य की तुलना में कुल 63816 पंजीयन नेडा की ओर से किए गए हैं। जनवरी माह में कुल 19 आवेदन हुए हैं। परियोजना अधिकारी नेडा सुनील कुमार सिंह का कहना है कि योजना को लेकर विभागीय स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। हम ग्राहकों को इसके लाभ और सरकारी सहायता की जानकारी दे रहे हैं। इसके कनेक्शनधारी अपने उपयोग के बाद ग्रिड को बिजली बेच सकते हैं, यह बिजली के प्रति हमारी आत्मनिर्भरता बढ़ाने का संकल्प है।




## मंडल आयुक्त ने लगाया प्रतिबंध: गन्ना लदे बड़े ट्राला अब सड़कों पर नहीं भरेंगे फर्राटा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** हादसों का सबब बन रहे गन्ना लदे ट्रैक्टर-ट्राला अब सड़ड़कों पर फर्राटा नहीं भरेंगे। मंडलायुक्त आंजनेय सिंह के गन्ने के बड़े ट्रैक्टर-ट्रालों पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए हैं। संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रणव झा ने मंडलायुक्त के निर्देशो का हवाला देकर डीआइजी को पत्र-लिखकर पुलिस से सहयोग मांगा है।

27 दिसंबर 2024 को सड़क सुरक्षा की समीक्षा बैठक में मंडलायुक्त ने गन्ना लेकर सड़कों पर दौड़ने वाले बड़े ट्रैक्टर-ट्रालों पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए थे। 30 दिसंबर को उप गन्ना आयुक्त, मुरादाबाद हरपाल सिंह ने पत्र भेजकर बड़े ट्रैक्टर-ट्रालों पर कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया था। आरटीओ प्रवर्तन ने मंडलायुक्त की समीक्षा बैठक में सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत गन्ना क्रय केंद्र से चीनी मिलों के मध्य गन्ना परिवहन के लिए संचालित किए जा रहे बडे ट्रैक्टर-ट्रालों का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबंधित करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त सभी चीनी मिलों द्वारा गन्ना परिवहन में प्रयुक्त वाहनों (ट्रकों) पर कंप्रेस बाइंडर का प्रयोग करते हुए ट्रकों में बाडी से बाहर निकाल कर गन्ना भरे जाने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने की अपेक्षा की गयी है। साथ ही गन्ना परिवहन में इस्तेमाल होने वाले सभी वाहनों पर तीन गुणा तीन मीटर आकार का लाल रंग का कपडा, जिस पर लाल एवं पीले रंग की फ्लोरोसेंट रिफ्लेक्टर पट्टियां लगी हों लगाया जाना है। गन्ना ढुलाई में इस्तेमाल होने वाली बुग्गियों के पिछले हिस्से पर लोहे की पट्टी लगाकर उस पर लाल एवं पीले रंग के फ्लोरोसेंट पेंट व रिफ्लेक्टर लगाया जाना है।

आरटीओ ने पत्र में परिवहन के प्रति सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस विभाग के सहयोग करने का अनुरोध किया है। यातायात निरीक्षक अनुराधा सिंघल ने बताया कि मंडलायुक्त के निर्देशो पर पालन कराया जा रहा है। गन्ना लेकर सड़कों पर चलने वाले वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगवाए जा रहे हैं। गन्ने के बढ़े ट्रैक्टर-ट्रालियों पर भी कार्रवाई होगी। स्थानीय पुलिस भी गन्ना लदे वाहनों पर कार्रवाई कर रही है।



## पुलिस ने वारंटी अभियुक्त किया गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद सम्भल में कानून व्यवस्था, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना चन्दौसी पुलिस द्वारा धारा 138 एनआईएक्ट में वारंटी अभियुक्त मौ0 शादाब पुत्र अब्दुल रशीद नि0 मौ0 सीकरी गेट थाना चन्दौसी जनपद सम्भल को भगतसिंह तिराहा चन्दौसी से गिरफ्तार किया गया।



## टूर्नामेंट | आज मुरादाबाद का जालौन से होगा मुकाबला

## आशीष की शानदार बल्लेबाजी के बाद बरेली ने मुरादाबाद को 21 रन से हराया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई) ।** लखनऊ में चल रहे राज्य स्तरीय बेसिक टीचर्स टूर्नामेंट 2025 में हुए मुकाबले में आज बरेली ने मुरादाबाद को 21 रनों से हरा दिया, मुरादाबाद के कप्तान डॉ कपिल सिरोही ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया बरेली ने निर्धारित 20 ओवर में 107 रन बनाए बरेली की तरफ से अवनीश ने 22 प्रसून ने 17 रन बनाये मुरादाबाद की तरफ से निजाम ने 3 विकेट ,कपिल सिरोही ने 2 विकेट, आशीष व रजत ने 2-2 विकेट लिए। जिसके जवाब में मुरादाबाद की टीम 18.3 ओवर में 86 रन बनाकर ऑल आउट हो गई जिसमें आशीष ने 30 रन, दुष्यंत यादव ने 13 रन बनाये, बरेली की तरफ से अवनीश ने 4 विकेट लिए अवनीश को मैन ऑफ दी मैच घोषित किया गया।

आज खेले गए अन्य मुकाबलों में आगरा ने रायबरेली को दो विकेट से हराया, झांसी ने फरुर्खाबाद को 8 विकेट से हराया, मथुरा ने जालौन को 39 रनों से हराया, ऐटा ने बदायूं को 48 रनों से हराया। मंगलवार को मुरादाबाद और जालौन के बीच मुकाबला होगा।



## पॉलीथिन व अतिक्रमण के खिलाफ चला अभियान, दुकान बंद कर लोग भागे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बदायूं।** नगर पालिका ने रविवार को शहर में अतिक्रमण व पॉलिथीन के खिलाफ अभियान चलाया। अभियान के दौरान सड़क पर अतिक्रमण करने और प्रतिबंधित पॉलिथीन रखने में 13 व्यापारियों के खिलाफ जुमार्ना डाला और 9600 रुपये की वसूली की। कार्रवाई की जद में आने से बचने के लिए कई व्यापारी अपनी दुकानों को बंद करके चले गए। मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल शनिवार को अचानक सदर तहसील पहुंचीं थीं। घंटाघर से तहसील सदर पहुंचने के दौरान उनको अतिक्रमण के कारण वहां लगने वाले जाम से जूझना पड़ा। इस पर उन्होंने अधिकारियों से नाराजगी व्यक्त की थी। मंडलायुक्त की नाराजगी के बाद सिटी मजिस्ट्रेट/ नगर पालिका ईओ प्रवर्धन शर्मा के नेतृत्व में रविवार को अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया गया।

अभियान नगर पालिका गेट से नेहरू चौक होते हुए गोपी चौक तक चलाया गया। अभियान के दौरान पालिका टीम ने 13 व्यापारियों के चालान काटे। इसमें 10 पर अतिक्रमण व तीन व्यापारियों के चालान ढाई किलो पॉलीथिन बरामद होने पर काटे गए।

# कॉमेडी में अश्लीलता ने टैलेंट को किया पीछे:खुशबू कमल



कॉमेडी का सुनहरा दौर शायद अब खत्म हो गया है, और अभिनेत्री खुशबू कमल के अनुसार, इसका कारण आजकल के सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और बनने वाले कॉमेडियन हैं जो सोचते हैं कि चौंकाने वाली बातें ही मजाक हैं। खुशबू कमल, जिन्हें भाभी जी घर पर हैं और एफआईआर जैसे प्रसिद्ध शोज में उनकी भूमिकाओं के लिए जाना जाता है, आज के कॉमेडी सीन के बारे में साफ-साफ बोल रही हैं, खासकर उर्फी जावेद, कुशा कपिला और कॉमेडियन समय रैना को यह कहकर कि वे कॉमेडी को स्किन, अपमान और निम्न स्तर के मजाक का सर्कस बना रहे हैं।

खुशबू कमल का कहना है कि कॉमेडी का असली सार अब कहीं खो गया है। उर्फी जावेद, कुशा कपिला और समय रैना जैसे लोग कॉमेडी के नाम पर सिर्फ ध्यान खींचने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, इन्होंने कॉमेडी को एक ऐसा मंच बना दिया है, जहां अगर मजाक काम नहीं करता, तो बैकअप प्लान कपड़े उतारने या विवादित बातें कहने का होता है। खुशबू का मानना है कि इस नई तरह की कॉमेडी ने असली हंसी और रचनात्मकता को खत्म कर दिया है। उनके अनुसार, अगर मजाक नहीं चल पाया, तो यह या तो पर्वनल ड्रामा बन जाता है या अश्लीलता का प्रदर्शन। यह कॉमेडी नहीं है, बल्कि खराब थिएटर है। उन्होंने साफ किया कि ऐसे जॉनर से वे इमोरेस्ड नहीं हैं।

खुशबू कमल ने जॉनी लीवर, डेविड धवन और ऋषिकेश मुखर्जी जैसे बड़े कलाकारों की तारीफ की, जो बिना गंदे मजाक या दिखावे के कॉमेडी में मजा और सादगी लाए।उन्होंने कहा, कपिल शर्मा और भारती सिंह आज भी बिना किसी गलत चीज के हमें खूब हंसाते हैं। लेकिन ये नए कॉमेडियन? इनकी गलत हरकतों ने असली कॉमेडी को खत्म कर दिया है। खुशबू ने अपनी नाराजगी साफ-साफ जाहिर की। खुशबू कमल ने ऐसी कॉमेडी का बच्चों पर पड़ने वाले असर पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा, बच्चे इनसे क्या सीख रहे हैं? उन्होंने कहा कि ऐसे गलत व्यवहार को सही मानना खतरनाक हो सकता है। उन्होंने कहा, क्या हम चाहते हैं कि हमारे बच्चे समझें कि कपड़े उतारना या गंदी बातें करना ही लोगों को हंसाने का तरीका है? माता-पिता को ऐसी चीजें देखकर सोचना चाहिए और शर्म महसूस करनी चाहिए। अपने आखिरी बयान में खुशबू कमल ने अपनी बात जोरदार तरीके से रखी। उन्होंने कहा, डिजिटल प्लेटफॉर्म्स को अब एक बड़ा बदलाव करने की जरूरत है, वरना ये बिना टैलेंट वाले लोग बच्चों को मनोरंजन के नाम पर गलत और नुकसान पहुंचाने वाली बातें सिखाते रहेंगे। कॉमेडी अब खत्म हो चुकी है, और इन लोगों ने अपनी बेकार हरकतों से उसे दफना दिया है। खुशबू का यह कड़ा बयान न सिर्फ सोचने पर मजबूर करता है, बल्कि बदलती कॉमेडी की दुनिया में नई बहस की शुरूआत भी कर सकता है।

# वरुण धवन की बेबी जॉन का निकला दम, पुष्पा 2 ने किया फिल्म का बुरा हाल



वरुण धवन पिछले काफी समय से अपनी फिल्म बेबी जॉन को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। उन्हें लग रहा था कि उनकी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बढ़िया कमाई कर लेगी, लेकिन पहले ही दिन फिल्म का बंटाधार हो गया। फिल्म क्रिसमय और नए साल के खास मौके पर भी दर्शकों के लिए तरसती रही। आलम यह है कि 10 दिन में इसका हाल-बेहाल हो चुका है। उधर पुष्पा 2 का भौकाल 30वें दिन भी सिनेमाघरों में जारी है। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक बेबी जॉन ने रिलीज के 10वें दिन 45 लाख रुपये कमाए हैं। इसी के साथ बेबी जॉन का 10 दिनों का कुल कारोबार अब 36.85 करोड़ रुपये हो गया है। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बेहद बुरी हालत में है। रिलीज के 10वें दिन ही यह लाखों में सिमट गई है। फिल्म का बॉक्स ऑफिस पर प्रदर्शन इतना खराब है कि यह सिनेमाघरों में अब अपनी आखिरी सांसें गिन रही है। बेबी जॉन के निर्देशन की कमान कलीज ने संभाली है, वहीं एटली इसके निमार्ता हैं। फिल्म में जैकी श्रॉफ ने भी अपनी अदाकारी का तड़का लगाया है। कीर्ति सुरेश और वामिका गब्बी ने भी इसमें अहम भूमिका निभाई है।फिल्म के अंत में सलमान खान का कैमियो भी है। यह तमिल फिल्म थेरी की रीमेक है, जिसमें थलापति विजय और रश्मिका मंदाना ने मुख्य भूमिका निभाई थी। सिनेमाघरों के बाद अब यह फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक देगी।

# नोरा फतेही ने साड़ी पहने इंटरनेट पर बरपाया कहर, एक्ट्रेस की हॉटनेस देख मचल उठा फैंस का दिल

बी-टाउन की ग्लैमरस क्वीन और बैली डांसर नोरा फतेही हमेशा अपने ठुमको से सभी फैंस को दीवाना बनाती रहती हैं। उनका कातिलाना अवतार इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उनका खूबसूरती भरा अंदाज देखकर फैंस दीवाने हो गए हैं। अपनी एक्टिंग से ज्यादा डांसिंग स्टाइल को लेकर लाइमलाइट में रहने वाली एक्ट्रेस नोरा फतेही सोशल मीडिया पर काफी पॉपुलर हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने




लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन फोटोज में उनका कातिलाना अंदाज देखकर फैंस की नजरें उन पर से हटने का नाम नहीं ले रही हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन फोटोज में उनका कातिलाना अंदाज देखकर फैंस की नजरें उन पर से हटने का नाम नहीं ले रही हैं।हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं, जिसमें वो साड़ी पहनकर कैमरे के सामने बलखाती हुई अदाओं से पोज दे रही हैं।फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस मोनालिसा ने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान व्हाइट कलर की नेट लुक में साड़ी पहनी हुई है और उसके साथ गोल्डन कलर का रिवीलिंग ब्लाउज कैरी किया है।खुले बाल, कानों में इयररिंग्स और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस नोरा फतेही ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।नोरा फतेही सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है।

# पुष्पा 2 ने 30वें दिन की सबसे कम कमाई, दंगल का रिकॉर्ड टूटना मुश्किल, गेम चेंजर बिगाड़ सकती है खेल

अल्लू अर्जुन स्टारर एक्शन ड्रामा फिल्म पुष्पा 2 ने बॉक्स ऑफिस पर अपने 30 दिन यानि एक महीना पूरा कर लिया है. पुष्पा 2 द रूल बॉक्स ऑफिस पर बीती 5 दिसंबर को रिलीज हुई थी. फिल्म पुष्पा 2 ने 294 करोड़ रुपये से रिकॉर्डतोड़ ओपनिंग की थी. पहले ही दिन से पुष्पा 2 बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई कर रही है. पुष्पा 2 अपनी कमाई से कई रिकॉर्ड बना चुकी है. पुष्पा 2 हिंटी पट्टी में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है. पुष्पा 2 घरेलू बॉक्स ऑफिस पर सबसे कमाऊ फिल्म साबित हुई है. इसी के साथ पुष्पा 2 वर्ल्डवाइड सबसे ज्यादा कमाई करने वाली लिस्ट में भी शामिल हो गई है. पुष्पा 2 ने दंगल और बाहुबली के घरेलू बॉक्स ऑफिस के रिकॉर्ड तोड़ चुकी है।

सैकनिल्क के अनुसार, पुष्पा 2 की कमाई अभी भी करोड़ों रुपये में हो रही है. पुष्पा 2 ने 30वें दिन यानि 5वें फ्राइडे को 3.85 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है. इसमें सबसे ज्यादा हिंदी में 2.75 करोड़ रु, तेलुगू में 1 करोड़ रुपये, तमिल में 0.8 करोड़, कर्नाटक में 0.1 करोड़ और मलयालम में 0.1 करोड़ रुपये का कारोबार किया है. बता दें, 30वें दिन फिल्म की कमाई में 23 फीसदी की गिरावट आई है. वहीं 29वें दिन फिल्म ने 5 करोड़ रुपये कमाए थे. बता दें, चौथे हफ्ते में पुष्पा 2 ने 69.65 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है. बता दें, पुष्पा 2 के 29वें दिन (5 करोड़) और 30वें दिन (3.85) की कमाई को जोड़े तो घरेलू कलेक्शन से भी फिल्म 1807 करोड़ रुपये के करीब पहुंच चुकी है और अभी फिल्म में ओवरसीज की कमाई जुड़ना बाकी है.




बता दें, पुष्पा 2 ने अभी तक तेलुगू में 332.76 करोड़, हिंदी में 781.15 करोड़, तमिल में 57.83 करोड़, कन्नड़ में 7.7 करोड़ और मलयालम में 14.16 करोड़ रुपये का कुल कलेक्शन कर लिया है. बता दें, पुष्पा 2 ने 28 दिनों में वर्ल्डवाइड ऑफिशियली 1799 करोड़ रुपये का कारोबार कर लिया है. अब 29वें और 30वें दिन की की कमाई से पुष्पा 2 ने बाहुबली 2 का रिकॉर्ड तोड़ दिया है. बता दें, बाहुबली 2 के दो वर्ल्डवाइड आंकड़े सामने आ रहे हैं, जिसमें 1788.06 और 1810 करोड़ रुपये. ऐसे में देखा जाए तो पुष्पा 2 देश की दूसरी सबसे कमाऊ फिल्म बन गई है. अब पुष्पा 2 आमिर खान की दंगल का रिकॉर्ड तोड़ने जा रही है. दंगल ने वर्ल्डवाइड 2024 करोड़ रुपये का कारोबार किया है।


बता दें, अब मकर संक्रांति पर साउथ सुपरस्टार राम चरण की फिल्म गेम चेंजर रिलीज होने जा रही है. आरआरआर की कामयाबी के बाद राम चरण फिल्म गेम चेंजर से बॉक्स ऑफिस पर गेम बदल देगी. फिल्म गेम चेंजर आगामी 10 जनवरी को रिलीज हो रही है और इससे पुष्पा 2 की कमाई पर बड़ा असर पड़ेगा।

# मुंहासों से छुटकारा पाने के लिए चेहरे पर लगाएं ये 5 जड़ी-बूटियां,होती हैं बेहद असरदार

सर्दी में भी मुंहासे होते हैं, जो खुजली का कारण बनते हैं। इस मौसम में मृत त्वचा रोमछिद्रों में फस जाती है और अतिरिक्त तेल के साथ मिलकर इस समस्या का कारण बनती है।

अगर आपके भी मुंहासे हैं और आप उनसे छुटकारा पाना चाहते हैं तो रसोई में मौजूद इन जड़ी-बूटियों का इस्तेमाल कर सकते हैं।

आप इन जड़ी-बूटियों से फेस पैक बना सकते हैं या इनसे बने त्वचा की



देखभाल वाले उत्पादों का इस्तेमाल कर सकते हैं।

**एलोवेरा**

त्वचा की देखभाल में एलोवेरा का इस्तेमाल जरूर किया जाता है, जिसके जरिए त्वचा हाइड्रेट हो सकती है।

इससे मुंहासों का प्राकृतिक और घरेलू उपचार हो सकता है और रंजकता भी कम हो सकती है।

अगर आप रोजाना चेहरे पर एलोवेरा जेल लगाएंगे, तो आपको मुंहासों के दाग, लालपन और खुजली से राहत मिल जाएगी।

आप इसमें चीनी मिलाकर स्क्रब की तरह इस्तेमाल कर सकते हैं या इसे ऐसे ही लगा सकते हैं।

**हल्दी**

हल्दी एक ऐसी जड़ी-बूटी है, जो अपने एंटी-फंगल, एंटी-सेप्टिक और एंटी इंफ्लेमेटरी गुणों के लिए जानी जाती है।

इन सभी गुणों की मदद से यह बैक्टीरिया को खत्म करने और मुंहासों का इलाज करने में सक्षम हो पाती है।

आप कारगर फेस पैक बनाने के लिए इसमें दही, शहद और बेसन मिला सकते हैं। इसे लगाने से न केवल मुंहासे दूर होते हैं, बल्कि उनके दाग भी मिट जाते हैं और त्वचा में प्राकृतिक निखार भी आ जाता है।

**विच हेजल**

आप मुंहासों को मिटाने के लिए विच हेजल का भी उपयोग कर सकते हैं, जो एक तरह का फूल होता है। आप इस जड़ी-बूटी से बनाए गए टोनर की मदद से मुंहासों का इलाज कर सकते हैं।

विच हेजल अतिरिक्त तेल को हटाने में मदद करता है और मुंहासों के दाग-धब्बों को भी साफ करता है।

रुई में इससे बने टोनर की कुछ बूंदें लेकर अपने चेहरे पर लगाएं और त्वचा में अवशोषित हो जाने दें।

**नीम**

नीम में शक्तिशाली एंटी-बैक्टीरियल और एंटी इंफ्लेमेटरी गुण मौजूद होते हैं। इनके जरिए मुंहासों का इलाज किया जा सकता है और उनके कारण होने वाली खुजली को शांत किया जा सकता है।

नीम के पत्ते मुंहासे पैदा करने वाले बैक्टीरिया से निपटने, सूजन को कम करने और बंद रोमछिद्रों को साफ करने में मदद कर सकते हैं।

आप नीम में एलोवेरा, गुलाब जल, बेसन और शहद जैसे पदार्थ मिलाकर कारगर फेस मास्क तैयार कर सकते हैं।

**तुलसी**

तुलसी एक बेहद स्वास्थ्यवर्धक जड़ी बूटी है, जिसे त्वचा की देखभाल के लिए भी इस्तेमाल किया जा सकता है।

तुलसी के पत्तों में कई एंटी इंफ्लेमेटरी और एंटी-बैक्टीरियल गुण मौजूद होते हैं, जो मुंहासों को मिटाने में मदद करते हैं।

आप इस पौधे का इस्तेमाल करके कारगर फेस क्रीम, फेस पैक, स्क्रब और टोनर तैयार कर सकते हैं। इससे बना एसेंशियल ऑयल भी मुंहासों से छुटकारा दिला सकता है।

जानिए त्वचा की देखभाल में तुलसी इस्तेमाल करने के तरीके।

# नाश्ता, दोपहर का भोजन और रात का खाना कितने बजे तक खा लेना चाहिए?

वजन घटाना आजकल कई लोगों की प्राथमिकता बन गई है। इसके लिए सही समय पर भोजन करना जरूरी है।

सही समय पर नाश्ता, दोपहर का भोजन और रात का खाना करने से न केवल वजन घटाने में मदद मिलती है, बल्कि यह आपकी सेहत को भी बेहतर बना सकता है।

इस लेख में हम जानेंगे कि किस समय पर कौन-सा भोजन करना आपके लिए फायदेमंद हो सकता है।

**सुबह के नाश्ते का सही समय**

सुबह के नाश्ते को दिन की शुरूआत में लेना जरूरी है।

विशेषज्ञों के अनुसार, सुबह उठने के एक घंटे के अंदर नाश्ता कर लेना चाहिए। इससे मेटाबॉलिज्म तेज होता है और शरीर को ऊर्जा मिलती है।

देर से नाश्ता करने पर भूख बढ़ सकती है, जिससे ज्यादा खाने की संभावना रहती है। इसलिए सुबह 7 से 9 बजे के बीच हल्का लेकिन पोषक नाश्ता करें जैसे ओट्स या फल।



**दोपहर के खाने का सही समय**

दोपहर का खाना दिनभर की ऊर्जा बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

इसे दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक कर लेना चाहिए ताकि आपका शरीर इसे अच्छे से पचा सके और आपको पूरे दिन ताजगी महसूस हो सके।

इस दौरान संतुलित आहार लें, जिसमें प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट्स और सब्जियां शामिल हों जैसे दाल-चावल या रोटी-सब्जी आदि।

इससे आपका पेट भरा रहेगा और अनावश्यक स्नैक्स खाने की आदत कम होगी, जिससे वजन घटाने में मदद मिलेगी।

**शाम के स्नैक्स का सही समय**

शाम को हल्के स्नैक्स लेने से आपकी भूख नियंत्रित रहती है, जिससे रात के खाने में अधिक खाने की संभावना कम होती है।

शाम 4 बजे से 6 बजे तक कुछ हल्का जैसे फल या मूंगफली खाएं, जो आपको अतिरिक्त कैलोरी नहीं देगा, लेकिन आपकी भूख शांत करेगा।

इससे आप रात तक ऊजार्वान रहेंगे और अनहेल्दी चीजें खाने की इच्छा नहीं होगी, जो अक्सर वजन बढ़ने का कारण बनती हैं।

**रात के खाने का सही समय**

रात का खाना सोने से लगभग तीन घंटे पहले कर लेना चाहिए ताकि शरीर उसे अच्छे से पचा सके और नींद प्रभावित न हो।


इसे शाम 7 बजे से 8:30 बजे तक कर लेना सही रहता है ताकि सोते वक्त पेट हल्का रहे और नींद अच्छी आए। इस दौरान हल्का आहार लें, जैसे सूप या सलाद, जो आसानी से पच जाते हैं।

इससे वजन नियंत्रित रहेगा क्योंकि भारी भोजन करने पर शरीर में अतिरिक्त चर्बी जमा होने लगती है।

# विक्रमादित्य मोटवानी की ब्लैक वारंट का ट्रेलर जारी, तिहाड़ जेल की दीवारों के पीछे की कहानी, शशि कपूर के पोते का डेब्यू

भारतीय सिनेमा के जाने-माने निर्देशक विक्रमादित्य मोटवानी की आगामी फिल्म ब्लैक वारंट का दमदार ट्रेलक आज रिलीज हो चुका है। इस सीरीज में कुणाल कपूर के बेटे और शशि कपूर के पोते जहान कपूर मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इसमें वह तिहाड़ के जेलर रहे सुनील गुप्ता का किरदार निभा रहे हैं।

निमार्ताओं ने ब्लैक वारंट का ट्रेलर जारी कर प्रशंसकों के बीच उत्साह पैदा कर दिया है। प्रशंसकों को ब्लैक वारंट का ट्रेलर खूब पसंद आ रहा है। जहान की अदाकारी की काफी तारीफ हो रही है। वेब सीरीज ब्लैक वारंट का प्रीमियर 10 जनवरी, 2025 को ओटीटी



प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर किया जाएगा। निमार्ताओं ने ट्रेलर शेयर करते हुए लिखा, तिहाड़ की भयानक जेल में कौन डर जाएगा और कौन लड़ जाएगा? कुछ वास्तविक घटनाओं पर आधारित। इसकी कहानी लेखक सुनील गुप्ता की लोकप्रिय किताब ब्लैक वारंट पर आधारित है। विक्रमादित्य मोटवानी इस सीरीज के सह-निमार्ता भी हैं। जहान के अलावा इस सीरीज में अभिनेता राहुल भट्ट, परमवीर सिंह चीमा, अनुराग ठाकुर, सिद्धांत गुप्ता और राजश्री देशपांडे समेत कई अन्य कलाकार नजर आएंगे।

# संग्राम 1857 एनसीसी साइकिलिंग अभियान लखनऊ से रवाना

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**लखनऊ।** संग्राम 1857' एनसीसी साइकिलिंग अभियान को 6 जनवरी, 2025 की सुबह में लखनऊ से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया । मध्य कमान के जीओसी-इन-सी लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता ने 15-सदस्यीय अभियान दल के साथ साइकिल चलाकर उन्हें अगले गंतव्य के लिए लखनऊ सीमा पर विदा किया। यह अभियान 17 दिनों में कुल 2000 किलोमीटर की दूरी तय करेगा और 1857 में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की स्मृति में यूपी एनसीसी निदेशालय द्वारा आयोजित किया गया है।

अभियान दल में टीम लीडर, आगरा एनसीसी ग्रुप के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर एनएस चारग शामिल हैं। इस अभियान में यूपी एनसीसी निदेशालय के एनसीसी कैडेट शामिल हैं, जिनमें पांच बालिका कैडेट हैं। यह अभियान 4 जनवरी 2025 को लखनऊ पहुंचा, जहां इसे लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता ने गर्म जोशी के साथ स्वागत किया था। 01 जनवरी 2025 को मेरठ से शुरू हुआ यह अभियान, 1857 के सभी प्रमुख युद्धक्षेत्रों और विद्रोह के महत्वपूर्ण स्थानों से होकर गुजरेगा।आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता ने इस पहल के लिए यूपी एनसीसी निदेशालय की सराहना की और अभियान दल की फिटनेस, समर्पण और प्रतिबद्धता की सराहना की।

यह अभियान दल आनेवाले दिनों में यूपी के विभिन्न स्थानों से होकर गुजरेगा और अंततः नई दिल्ली में प्रधानमंत्री की एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर 2025 की रैली के दौरान समाप्त होगा, जहां इसे माननीय प्रधान मंत्री द्वारा स्वागत किया जायगा।

# देश मे अमन शान्ति के लिए अजमेर दरगाह को चादर रवाना

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**सम्भल।** शाही जामा मस्जिद ट्रस्ट की ओर से अजमेर शरीफ दरगाह के लिए शहर व देश में अमन शान्ति और भाईचारा कायम रखने के लिए चादर रवाना की गई। इस मौके पर ट्रस्ट के चेयरमैन काशिफ खान मुहम्मद आजम, अरशान बेग, रिजवान, फरीद, मुहम्मद मेराज मुहम्मद परवेज, मुहम्मद नौशाद, समीर बेग, फैजी, फारूकी मुहम्मद मुजम्मिल, मुहम्मद राहिल, मुहम्मद सईद, कैफी, फारूकी, फाजिल, तस्लीम, फारूकी मुहम्मद, मुअज्जम फैजान फारूकी, मुहम्मद वारिस, मुहम्मद हफीज, जैदी फारूकी, इस्लाम गाजी, मुहम्मद रिजवान, मुहम्मद चाँद आदि जायरीन मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# एचएमपीवी वायरस की चिंताओं के बीच अरविंद केजरीवाल की मोदी सरकार से अपील, नई चुनौती से संभावित रूप से निपटने के लिए तैयार रहना महत्वपूर्ण

**दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को एचएमपीवी वायरस के प्रकोप पर चिंता जताई और केंद्र से तत्काल कार्रवाई करने का आग्रह किया। केजरीवाल ने कोविड-19 महामारी के साथ पिछले अनुभवों से सीखने के महत्व पर जोर दिया, मामलों को जल्दी नियंत्रित करने और संभावित रूप से एक और स्वास्थ्य आपातकाल में बढ़ने की तैयारी करने की आवश्यकता पर जोर दिया। सोशल मीडिया पर एक्स पर केजरीवाल ने एक पोस्ट में लिखा कि एचएमपीवी वायरस का प्रकोप केंद्र से तत्काल ध्यान देने की मांग करता है। कोविड के साथ हमारे अनुभव से सीखते हुए, ऐसे मामलों को जल्दी रोकना और संभावित रूप से निपटने के लिए तैयार रहना महत्वपूर्ण है।" एक और स्वास्थ्य आपातकाल बन गया। इससे पहले भारतीय



आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने कर्नाटक में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) के दो मामलों की पुष्टि की है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि तीन महीने की बच्ची को ब्रोंकोन्यूमोनिया की शिकायत थी और उसे बेंगलुरु के बैपटिस्ट अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसके एचएमपीवी से संक्रमित होने का पता चला था। उसे पहले ही अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। ब्रोन्कोन्यूमोनिया से पीड़ित आठ महीने के एक शिशु को तीन जनवरी को बैपटिस्ट अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जिसके बाद जांच में उसके एचएमपीवी से संक्रमित होने का पता चला। बताया जाता है कि शिशु के स्वास्थ्य में अब सुधार है। मंत्रालय ने रेखांकित किया कि यह ध्यान देने वाली बात है कि दोनों मरीजों का कोई अंतरराष्ट्रीय यात्रा का इतिहास नहीं है।

कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया ने कहा यह दो बच्चों में पाया गया है। मैंने स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी दिनेश गुंडुराव से बात की। उन्होंने विभाग के साथ बैठक की। सरकार जो भी निर्णय लेगी, उसे लागू करेगी।" सरकार सभी एहतियाती कदम उठाएगी और इस बीमारी का दस्तावेजीकरण करेगी।

# कानपुर में जारी गम की लहर ,पवन के बाद सुधीर भी हुआ शहीद, अंतिम दर्शन के लिए भीड़

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कानपुर (सुनील बाजपेई)।** जम्मू कश्मीर में ट्रक के खाई में गिरने से जवान पवन यादव के बाद गुजरात के पोरबंदर में भारतीय तटरक्षक बल का

**10 माह पहले जज से हुई थी सुधीर की शादी, अंतिम दर्शन के लिए गांव में उमड़ भीड़**

सुधीर यादव भी शहीद हो गया है। उसके साथ यह हादसा रविवार को हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने की वजह से हुआ। दोनों जवानों की इस तरह से हुई मौत ने कानपुर को हिला कर दिया है ,जिसके फल स्वरुप यहां गम की जहर है। फिलहाल दोनों ही जवानों को श्रद्धांजलि देने और उनके अंतिम दर्शन के लिए लोगों का उनके घरों पर पहुंचना लगाता जारी है। लोग दोनों के शवों के आने का इंतजार कर रहे हैं। ,जिनके सोमवार देर रात पहुंचने की संभावना व्यक्त की गई है।



अवगत कराते चलें कि कल रविवार को गुजरात के पोरबंदर में हेलीकॉप्टर आग लगने से हादसे का शिकार हो गया था ,जिसमें कानपुर देहात निवासी पायलेट सुधीर यादव समेत तीन लोगों की मौत हो गई थी।जब यहां कल रविवार शाम सुधीर की हादसे में जान गंवाने की सूचना परिजनों को मिली तो परिवार में कोहराम मच गया। सुधीर की 10 महीने पहले जज से शादी हुई थी, पत्नी पटना में तैनात हैं। हेलीकॉप्टर हादसे में मृत्यु का वरण करने वाले शहीद सुधीर यादव मूलरूप से कानपुर देहात के शिवली स्थित हरकिशनपुर गांव के रहने वाले थे। वर्तमान में उनका परिवार श्याम नगर में रह रहा है। उनके पिता नवाब सिंह यादव सेना से रिटायर होने के बाद हमीरपुर स्थित बैंक ऑफ इंडिया में मैनेजर हैं। उनका एक बेटा सुधीर यादव भारतीय तट रक्षक बल एक एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर (एएचएल) में पायलेट था।

नवाब सिंह यादव के परिवार में पत्नी राजमणि यादव दूसरा बेटा धर्मेंद्र यादव है। सुधीर की तैनाती इस समय पोरबंदर में थी। वह आठ साल से कोस्टगार्ड में नौकरी कर रहे थे।

परिवार वालों ने बताया कि बीते 10 महीने पहले सुधीर की शादी पटना में जज आवृत्ति से हुई थी। परिजनों ने बताया कि आवृत्ति पति सुधीर के पास से शनिवार को देर शाम पटना लौटी थी। फिलहाल परिवार वाले उसके पार्थिव शरीर का इंतजार लगातार कर रहे हैं जो की आज सोमवार की देर रात कानपुर पहुंच सकता है। वहीं सुधीर के पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन और श्रद्धांजलि केलिए के लिए लोगों का उसके गांव घर पहुंचने का सिलसिला लगातार जारी है। उसके दुखद निधन की सूचना से परिवार में भी कोहराम मचा हुआ है।

## छिजारसी पिलखुवा टोल का घेराव करेगी : किसान सभा

# क्षेत्र के लिए नासूर बन चुका है पिलखुवा का छिजारसी टोल: टीकम नागर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ) ।** अखिल भारतीय किसान सभा के नेतृत्व में धौलाना विधानसभा के ग्राम इकला में किसानों की एक बैठक का आयोजन किया गया । जिसमें 10 जनवरी को छिजारसी टोल का घेराव कर टोल को पूरी तरह फ्री कर अनिश्चित कालीन धरना टोल के बूथों पर बैठ कर शुरू करने का निर्णय लिया गया । किसान सभा हापुड़ के जिलाध्यक्ष टीकम नागर ने बताया कि ये टोल पूरे क्षेत्र के लिए नासूर बन चुका है । टोल बचाने के फेर में बड़े बड़े वाहन वाया धौलाना होते हुए गाजियाबाद बुलंदशहर दादरी नोएडा पहुंचते है । जिससे क्षेत्र की सड़कों पर हमेशा जाम लगा रहता है । वहीं सड़क दुर्घटनाओं में भारी इजाफा हो रहा है । यही नहीं आए दिन लोगों की जान जा रही है । सरकार ना तो टोल हटा रही है और ना ही सड़कों का विस्तार कर रही है । जिससे जाम ने धौलाना को बरबाद करके रख दिया है वहीं टोलकर्मी किसानों के साथ अभद्र व्यवहार कर रहे हैं । किसानों की गाड़ियों के आवागमन में दिक्कत कर उनसे टोल वसूली की मांग कर रहे है । जबकि पूर्व में किसानों से टोल टैक्स नहीं वसूलने व किसनों की गाड़ियों के फ्री आवागमन की बात तय हुई थी । जो अब तक चली आ





किसानों को संबोधित करते टीकम नागर।

रही थी । लेकिन अब फिर से किसानों को परेशान किया जा रहा है । जिसके चलते किसनों में काफी रोष है । और निर्णय लिया गया की 10 जनवरी से किसान भारी संख्या में एकत्र होकर टोल का घेराव कर अनिश्चित कालीन धरना टोल पर ही शुरू करेंगे । किसान सभा नेता डा रुपेश वर्मा ने कहा कि किसानों से टोल वसूली नहीं होने देंगे । किसी भी कीमत पर किसानों का शोषण बर्दास्त नहीं करेंगे । रोड से लेकर जेल तक किसानों का ये संघर्ष आर पार का संघर्ष होगा। पूर्व जिलापंचायत डा बबली गुर्जर ने कहा कि किसानों के संघर्ष में हम पूरी टीम के साथ प्रदर्शन में शामिल हो कर किसानों को न्याय दिलाने का काम करेंगे !! इस मौके पर किसान नेता वीरसिंह नागर, गबरी मुखिया, राजकुमार प्रधान, नितिन प्रधान, सुरेन्द्र चौधरी, विनीत नागर, सोनू प्रधान, अजबसिंह नेताजी, शुशांत भाटी, प्रशांत भाटी, मोहित नागर, अजयपाल नेताजी, सतीश यादव, राहुल गुर्जर, महेंद्र प्रधान, धर्मवीर प्रधान, वीरेंद्र सिंह, निशांत रावल, प्रिंस प्रधान, अमरपाल महाशय,जितेंद्र आदि रहे ।

# बिशारतगंज पुलिस ने एक अभियुक्त को तंमचा और कारतूस के साथ किया गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिशारतगज (सददाम खान)।** उच्च अधिकारियों के दिशा निर्देश



अनुसार अपराध की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के अनुक्रम में थाना बिशारतगंज में अवैध शस्त्र रखने वालो की गिरफ्तारी के लिए दो टीमों का गठन किया गया जिसमे आज सोमवार को संदिग्ध व्यक्ति व वाहन चैकिग गस्त के दौरान मुखविर की सूचना पर एक अभियुक्त अय्यूब (उम्र 26)पुत्र नसरुदीन निवासी ग्राम रुटिया थाना बिशारतगंज को एक अद्द तमंचा 315 बोर व 2 जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार अभियुक्त का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना अध्यक्ष सतीश कुमार उप निरीक्षक चंद्रपाल सिंह हेड कांस्टेबल सय्यद फैयाज अली शमिल रहे।

# पाकिस्तान से आए शियों को हिन्दुस्तान की नागरिकता दी जाए: मौलाना सैफ अब्बास

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ ।** मौलाना सैय्यद सैफ अब्बास नकवी की अध्यक्षता मे पाकिस्तान में शियाओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ आज छोटे इमामबाड़े में विरोध प्रर्शन हुवा। कार्यक्रम की शुरूआत कुरान की तिलावत से हुई। कार्यक्रम का संचालन मौलाना आजिम हुसैन जैदी ने किया मौलाना अफजाल हुसैन ने कहा कि पाकिस्तान, जो खुद को इस्लामिक देश कहता है, वास्तव में आईएसआई के निर्देश पर वहां इस्लाम के खिलाफ काम हो रहा है और लगातार अल्पसंख्यकों को निशाना बनाकर उनके इमाम बाड़े, गुरुद्वारे और मंदिरों को तोड़ा जा रहा है हिंन्दुओ,शिया एवं सिखों को सरेआम मारा जा रहा है मौलाना अफजल हैदर ने कहा कि जहां पाराचिनार में शियाओं पर हो रहे जुल्म का विरोध हो रहे शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर जुल्म की कड़ी निंदा की और पाकिस्तान सरकार से मांग की कि पाकिस्तान में आलिमों पर जुल्म करने वाली पुलिस को तुरंत गिरफ्तार किया जाए




मौलाना अजीम हुसैन अपने संबोधन मे कहा कि पाकिस्तान में न सिर्फ शियाओं पर जुल्म हो रहा है बल्कि हिंदू और सिख भाई भी आतंकवाद का शिकार हो रहे हैं, शिया कौम ने हमेशा जुल्म के खिलाफ आवाज उठाई है और आज हमारा कर्तव्य है कि हम विरोध करें और अपने पाकिस्तानी भाइयों के प्रति अपनी सहानुभूति और मानवता दिखाएं मौलाना मुहम्मद रजा एलिया ने कहा कि पाकिस्तान शिया विद्वानों और शिया संगठनों ने शांतिपूर्ण धरना किया तो पाकिस्तानी पुलिस ने निहथ्थे और और निर्दोष लोगों पर हमला किया, जिसमें शिया धर्मगुरू घायल हो गए और दो शिया युवा शहीद हो गए, पूरी दुनिया मानती है कि आतंकवाद संगठन खुलेआम शिया कौम पर अत्याचार कर रही है और सभी मुस्लिम देश विरोध नहीं कर रहे बल्कि दर्शक बने हुए हैं शिया धर्मगुरू मौलाना सैयद सैफ अब्बास नकवी ने अध्यक्षता भाषण देते हुए कहा कि पाकिस्तान के पराचनार मे लगातारं शियाओं को शहीद किया जा रहा है, कभी मस्जिदों में तो कभी बाड़ों में आतंकवादी हमले करके के शियों शहीद किया जा रहा है और पाकिस्तान में सरकार तमाशा देख रही है। और आतंकवादी संगठनों के सामने घुटने टे-के हुए है। पाकिस्तान सरकार नाकाम हो रही है। और आतंकवादी संगठनों का बोल बाला है। आज पुरी दुनिया मे पाकिस्तान का पाखंडी रवैया उजागर हो गया है जब कि यहूदियों हाथ मारे जा रहा है। मुस्लमानो कि हिफाजत न कर-के अपने मुल्क मे मोमेनीन का खून बहाया जा रहा है। इसके अलावा सहयोनी शक्तियों द्वारा इस्लाम और मुसलमानों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है और पूरी दुनिया के मुस्लिम देश मूकदर्शक बने हुए हैं मौलाना सैयद सैफ अब्बास ने कहा कि पूरी दुनिया में शियों को निशाना बनाया जा रहा है, जबकि शिया समुदाय को पूरी दुनिया हमेशा एक शांतिपूर्ण कौम के रूप में जानती और पहचानती है। संयुक्त राष्ट्र अब एक असहाय और बेबस संस्था नजर आ रही है

हमारी मांग है कि आतंकवाद से नफरत करने वाले दुनिया के सभी देशों को पाकिस्तान से अपने राजदूतों को वापस बुलाना चाहिए क्योंकि पाकिस्तान आतंकवादियो के लिएं आतंकवादी गड़ बन गया है। हम अपने देश के प्रधान मंत्री और गृह मंत्री से मांग करते हैं कि जिस तरह पाकिस्तान से आए ईसाई, हिंदू, सिख, जैन आदि को नागरिकता दी जा रही है, उसी तरह शियों को भी भारत की नागरिकता दी जाए। बैठक के बाद मौलाना सैयद सैफ अब्बास ने डीएम के माध्यम से प्रधानमंत्री और संयुक्त राष्ट्र को ज्ञापन भेजा। मौलाना अफजल हुसैन, मौलाना नफीस अख्तर, मौलाना मुहम्मद मशराकैन, मौलाना रहबर असकरी, मौलाना मिर्जा वाहिद हुसैन, मौलाना शफीक आबिदी, मौलाना आसिफ अली सेथली, मौलाना सोहेल अब्बास, मौलाना नासिर हुसैन, मौलाना नजर हुसैन, मौलाना इजाज हुसैन, डॉ. मौलाना अली सलमान, मौलाना सैयद तसौवुर हुसैन जाफरी, मौलाना वजीर जैनबी, मौलाना आगा मेहदी, मौलाना तफसीर हुसैन आदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# राग प्रभात-कथक नृत्य भूमि एवं रचना प्रभात प्रोडक्शंस ने संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ में 'नवप्रभात' नामक एक कथक कार्यक्रम आयोजित किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ ।** राग प्रभात - कथक नृत्य भूमि और रचना प्रभात प्रोडक्शंस ने वाल्मीकि रंगशाला ऑडिटोरियम, संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ में कथक कार्यक्रम नवप्रभात' का आयोजन किया। यह कार्यक्रम राग प्रभात - कथक नृत्य भूमि (प्रबंधन प्रमुख वान्या भारद्वाज) द्वारा 16 दिसंबर 2024-04 जनवरी 2025 तक आयोजित 3-सप्ताह की कार्यशाला के समापन के लिए आयोजित किया गया और गौरी भारद्वाज द्वारा इसकी मेजबानी की। इस कार्यक्रम का निर्देशन और कोरियोग्राफी कथक कलाकार और राग प्रभात कथक नृत्य भूमि की निदेशक रिनी भारद्वाज ने की। कार्यक्रम में कथक के विभिन्न पहलुओं को प्रदर्शित करने और इस शास्त्रीय नृत्य को आगे बढ़ाने और जनता तक पहुंचाने के महत्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम की शुरूआत शाम 05:00 बजे मुख्य अतिथियों न्यायमूर्ति अशोक कुमार, अध्यक्ष, राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग, उत्तर प्रदेश और रचना, रचना प्रभात प्रोडक्शंस की निदेशक और रिनी भारद्वाज, निर्देशक राग प्रभात - कथक नृत्य भूमि द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई। कार्यक्रम में राग प्रभात - कथक नृत्य भूमि के छात्रों द्वारा शुद्ध कथक की झलक दिखाई गई। आयोजन के प्रदर्शनों की शुरूआत गुरु वंदना के के साथ हुई, जिसके बाद छात्रों द्वारा कार्यशाला के दौरान सीखे गए कथक के विभिन्न पहलुओं को प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न








अर्ध-शास्त्रीय गीतों पर कार्यशाला के छात्रों द्वारा 7 प्रदर्शन दिखाए गए। समापन कथक प्रदर्शन गुरु, रिनी भारद्वाज, एक कथक नृत्यांगना और कथक शिक्षिका द्वारा किया गया, जिन्होंने अपने प्रदर्शन की शुरूआत अर्धांग से की। सभी प्रस्तुतियों की कोरियोग्राफी रिनी भारद्वाज ने की।

आयोजन की प्रस्तुतियों के बाद रिनी भारद्वाज ने मुख्य भाषण दिया, जिसमें उन्होंने कथक नृत्य के साथ-साथ कार्यशाला के बारे में अपने अनुभव और ज्ञान को साझा किया। कार्यक्रम का समापन मुख्य अतिथियों के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने कार्यक्रम के अपने अनुभव साझा किए और उसके बाद प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

**समस्या** हथिनी, गाड़ियां, नेट, पिंजरे, मचान और कैमरों के साथ एक्सपर्ट डॉक्टर भी बाघ पकड़ने में नाकाम

# बाघ को सुरक्षित रेस्क्यू करने के लिए मौसम आ सकता है आड़े

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ (लेखराम मौर्य)।** प्रदेश के वन विभाग के विभागाध्यक्ष के बाद आज प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य जीव उत्तर प्रदेश लखनऊ अनुराधा बेमुरी ने रहमान खेड़ा फार्म में वन विभाग द्वारा एक महीने से अधिक समय से बाघ को पकड़ने के लिए किए जा रहे उपायों को मौके पर देखा और कई दिशा निर्देश दिए जिससे बाघ को जल्द से जल्द पकड़ा जा सके। 1 महीने पहले बाहर से भटक कर आए बाघ ने रहमान खेड़ा संस्थान और उसके आसपास आसपास के जंगल को ठिकाना बनाते हुए अब तक लगभग एक दर्जन शिकार कर चुका है जिसमें उसने कुछ आसपास के गांवों में भी जाकर गाय और सांड का शिकार किया है। बाघ के गांव की ओर जाने से वन विभाग के अधिकारियों पर जनता का दबाव बढ़ने लगा जिससे उच्च स्तर के अधिकारियों ने कई बार रहमान खेड़ा संस्थान का निरीक्षण किया और लगातार दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं। वन विभाग द्वारा शुरूआत में दो पिंजरे और 10 कैमरे लगाए गए थे उसके बाद मचान बनाने के अलावा कमरों की संख्या लगातार बढ़ती गई और अब कमरों की संख्या चार दर्जन के करीब पहुंच चुकी है इसके बाद अब कई जनपदों के विशेषज्ञ डॉक्टरों के साथ अब 2 हथिनी कई गाड़ियों और पिंजरों के साथ करीब 500 मीटर की दूरी तक संस्थान के अंदर जाल लगा दिया







गया है जिससे बाघ को रेस्क्यू करने में आसानी हो सके। इन सब व्यवस्थाओं के अलावा कई दर्जन विभाग के कर्मचारी और अधिकारी भी इस रेस्क्यू ऑपरेशन का नेतृत्व कर रहे हैं बावजूद इसके अभी तक बाघ वन विभाग की पकड़ से बाहर है।

दूसरी ओर यदि मौसम इसी तरह खराब रहा और दिनभर घना कोहरा छाया रहा तो वन विभाग द्वारा बाघ को रेस क्यों करने में और अधिक समय लग सकता है भले ही वन विभाग आए दिन नए-नए उपाय और प्रयोग कर रहा है अब देखना होगा कि वन विभाग का साथ मौसम देता है या कुछ दिन और बाघ इसी तरह से आसपास के गांव में शिकार करता रहेगा।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंव एडिटर इन चीफ प्रदीप कुमार अग्रवाल , ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, 9810113170, 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267